प्राचीन काव्यों की रूप-परम्परा

अगरचन्द नाहटा



भारतीय विद्या मन्दिर शोध प्रतिष्ठान,
बीकानेर (राजस्थान)

भारतीय विद्या मन्दिर ग्रन्थमाला–४

● परामर्श मण्डल

श्री नरोत्तमदास स्वामी एम ए

श्री नाथूराम खडगावत एम ए

श्री अक्षयचन्द्र शर्मा एम ए

श्री शंभूदयाल सक्सेना

● प्रथम संस्करण

शा सं १८८४ [१९६२ ई०]

● मूल्य ५ ०० रुपये

● प्रकाशक

भारतीय विद्या मन्दिर शोध प्रतिष्ठान,

बीकानेर

● मुद्रक

एजूकेशनल प्रेस, बीकानेर

आभार

भारतीय विद्या मंदिर ग्रन्थमाला के अधीन प्रकाशित श्री अगरचन्दजी नाहटा की 'प्राचीन काव्यों की रूप परम्परा' पुस्तक को विज्ञ पाठकों के हाथों में सौंपते हुए हमें बड़ी प्रसन्नता हो रही है।

प्रतिष्ठान की शुरू से ही यह नीति रही है कि वह मान्य विद्वानों की कृतियों को सुसंपादित रूप में पाठकों के समक्ष रखे। श्री चन्द्रदानजी चारण द्वारा संपादित 'गोगाजी चौहान री राजस्थानी गाथा' का जिस प्रकार साहित्य जगत में आदर हुआ है हमें आशा है इसी प्रकार श्री नाहटा के इन खोज पूर्ण निबंधों का भी पूर्ण आदर होगा।

प्रतिष्ठान के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री अक्षयचन्द्रजी शर्मा एम० ए०, साहित्यरत्न के कार्यकाल में जिन कृतियों का संपादन और संग्रह हुआ उनमें से यह भी एक है। उनका मार्गदर्शन संस्था के लिये बड़ा लाभकारी सिद्ध हुआ है।

इस ग्रंथ के प्रकाशन में राजस्थान शिक्षा विभाग एवं उसके अध्यक्ष श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता के सहयोग के लिये हम उनके बड़े आभारी हैं।

मूलचंद पारीक
रजिस्ट्रार
भारतीय विद्या मंदिर, बीकानेर

दो शब्द

राजस्थानी के प्रसिद्ध विद्वान् श्री अगरचन्दजी नाहटा के इन खोज-पूर्ण साहित्यिक निबंधों को पुस्तकाकार प्रकाशित करते हुये हमें बड़ी प्रसन्नता हो रही है।

बहुत पहले अध्येताओं का ध्यान इन निबन्धों की ओर चला गया था और कई शोध प्रबन्धों के लिये ये आधार भूत सामग्री प्रस्तुत कर पाये, यह कम गौरव की बात नहीं है।

ऐसी महत्वपूर्ण सामग्री, विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में बिखरी पड़ी रहने से शोध अध्येताओं को अधिक लाभ नहीं होता था अतः विद्वान पाठक अब इस नये रूप में इनसे और अधिक लाभ उठा पावेंगे।

सत्यनारायण पारीक

अध्यक्ष

भारतीय विद्यामंदिर शोध प्रतिष्ठान

भूमिका

प्रस्तुत ग्रन्थ मेरे गत इक्तीस वर्षों में लिखे गये 'प्राचीन भाषा काव्यों की रूप परम्परा" के सम्बन्ध में लेखों का संग्रह है जो समय समय पर पत्र-पत्रिकाओं जैसे-नागरी प्रचारिणी पत्रिका, हिन्दी अनुशीलन, सम्मेलन पत्रिका, भारतीय साहित्य, कल्पना, अजन्ता, मरु भारती, राजस्थानी, संयुक्त राजस्थान, वागती प्रेरणा, दवनागर, राष्ट्र-भारती, शोध पत्रिका लोक कला जन मत्य प्रकाश आदि में प्रकाशित होते रहे हैं। उनमें से केवल चौदह उत्कृष्ट लेखों का सकलन प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रस्तुत ग्रन्थ में चर्चित रचना प्रकारों के सम्बन्ध में गुजराती में दो अच्छे लेख प्रकाशित हो चुके हैं। जिनमें से प्रथम "गुजराती साहित्य ना स्वरूपो" के लेखक मेरे विद्वान मित्र डा० मन्जुलाल मजमुदार हैं। उनका ८५० पृष्ठों का यह ग्रन्थ आचार्य बुक डिपो बड़ौदा से सन् १९५४ में प्रकाशित हुआ है। दूसरा ग्रन्थ 'मध्यकालना साहित्य प्रकारो" डा० चन्द्रकान्त मेहता का सन् १९५८ में — एन० एम० त्रिपाठी बम्बई से प्रकाशित हुआ है। हिन्दी साहित्य में भी इसके सम्बन्ध में कुछ उल्लेखनीय काम हुआ है। डा० रामबाबू शर्मा ने 'हिन्दी के काव्य रूपों का अध्ययन" शोध प्रबन्ध लिखा है। उसका सारांश भारतीय साहित्य के अक्टूबर ५९ के अंक में प्रकाशित हुआ था। इसी प्रकार अन्य भी कई शोध प्रबन्धों में कतिपय काव्य रूपों की चर्चा की गई है।

प्रस्तुत ग्रन्थ के 'फागु' नामक काव्य रूप पर मेरे विद्वान मित्र भोगेलाल सांडेसरा ने एक महत्वपूर्ण संग्रह प्रस्तुत किया है। जो सन् १९५५ में प्रकाशित हुआ है। उक्त "प्राचीन फागु संग्रह" नामक ग्रन्थ में ३८ रचनाएं मूल रूप से छपी हैं तथा ग्रन्थारम्भ में फागु के साहित्य प्रकार पर भी अच्छा प्रकाश डाला गया है। फागु रचना प्रकार के सम्बन्ध में विद्वद्वर श्री दशरथ शर्मा एम० ए० ने भी एक उल्लेखनीय लेख लिखा है जो नागरी प्रचारिणी पत्रिका में प्रकाशित हो चुका है। रासो' रचना प्रकार के सम्बन्ध में एक विस्तृत अध्ययन और कतिपय महत्वपूर्ण रासो का संग्रह "रास और रासान्वयी काव्य"

नामक ग्रन्थ में किया गया है। यह ग्रन्थ काशी नागरी प्रचारिणी सभा, काशी से प्रकाशित हो चुका है। 'बारहमासों' के सम्बन्ध में डा महेन्द्र प्रचण्डिया ने शोध प्रबन्ध लिखा है। 'विवाहला काव्यों' के सम्बन्ध में श्री पुरुषोत्तम मेनारिया शोध कर रहे हैं। 'वेलि काव्यों' का आलोचनात्मक अध्ययन डा० नरेन्द्र भानावत ने अपने शोध प्रबन्ध में किया है। 'पवाडा काव्य' के सम्बन्ध में श्री उषा मस्होत्रा ने शोध कार्य प्रारम्भ किया था। उनके कई लेख और पवाड़े मरु भारती में प्रकाशित हुए थे, पर व अपना शोध कार्य पूरा नहीं कर पायीं। 'ख्यालों' के सम्बन्ध में जयपुर निवासी श्री प्रभूदत्तजी ने शोध प्रबन्ध लिखा है, वह अभी तक अप्रकाशित है। 'हियालियों और प्रहेलिकाओं' पर डा० शंकरदयाल चौऋषि-व्यापक शोध कर रहे हैं। इसी प्रकार अन्य भी कई काव्य रूपों के पूर्ण या आंशिक रूप पर कार्य हो रहा है। उन सब का यहां उल्लेख सम्भव नहीं है।

इस ग्रन्थ का सर्वप्रथम लेख मेरे सूयमल्ल आसन से दिये हुए "राजस्थानी जैन साहित्य सम्बन्धी तीन अभिभाषणों में से मध्यम अभिभाषण" का एक अंश है। इस में ११७ रचना प्रकारों की नामावली देते हुए ८० काव्य रूपों का संक्षिप्त विवरण दिया गया है। इन रचना प्रकारों का सर्वाधिक प्रयोग जैन कवियों ने ही किया है। शताब्दियों तक इस परम्परा को निभाने का श्रेय भी उन्हें ही दिया जा सकता है। जैन कवियों ने एक एक रचना प्रकार वाली कितनी ही रचनाएं निर्मित की हैं। जिनका आभास प्रस्तुत ग्रन्थ के लेखों से भी अच्छी तरह मिल जाता है। 'बारहमासों' की संख्या तो इतनी अधिक है कि उनकी सूची देना भी सम्भव नहीं है। इसी प्रकार 'गीत' नामक काव्य रूप के भी इतने भेद हैं कि — उनको लेकर स्वतन्त्र शोध प्रबन्ध लिखा जा सकता है। महाकवि समय सुन्दर ने अनेक गीतों का निर्माण किया है जिनका संक्षिप्त विवरण मैंने अजन्ता के एक लेख में दिया है।

इस ग्रन्थ में जिन काव्य रूपों की चर्चा की गई है वे अधिकांश श्वेताम्बर जैन कवियों द्वारा प्रयुक्त हैं। दिगम्बर जैन कवियों ने इन काव्य रूपों के अतिरिक्त और भी कई काव्य रूप अपनी हिन्दी रचनाओं में अपनाये हैं, जो मेरी जानकारी में हैं, पर उसकी चर्चा इस ग्रन्थ में नहीं की जा सकी है। इन काव्य रूपों में से अधिकांश की परम्परा अपभ्रंश काल से निरंतर चली आ रही है। अपभ्रंश भाषा की छोटी छोटी बहुत सी रचनाएं गुटका आदि संग्रह प्रतियों में होने से उनकी जानकारी अभी तक प्रकाश में नहीं आई है और बहुत सी ऐसी रचनाओं को दीमक नष्ट भी कर चुकी है।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन करने का निर्णय तो दो-तीन वर्ष पूर्व हो गया था, पर कई कारणों से यह अब प्रकाश में आ रहा है। पूरी सावधानी बरतने पर भी कतिपय अशुद्धियां रह ही गई हैं। अगले संस्करण में ही इनका सुधार सम्भव है। मुझे विश्वास है कि प्रस्तुत ग्रन्थ द्वारा पाठकों का अवश्य ही ज्ञानवर्द्धन होगा। इस ग्रन्थ को प्रकाशित करके भारतीय विद्या मंदिर शोध प्रतिष्ठान ने एक उपयोगी कार्य किया है। अतः इस संस्था के अध्यक्ष धन्यवाद के पात्र हैं।

— अगरचन्द नाहटा

विषयानुक्रम

प्राचीन भाषा-काव्यों की विविध संज्ञाएँ

उत्तर भारत की समस्त आधुनिक प्रादेशिक भाषाओं का विकास अपभ्रंश भाषा से हुआ है। कुवलयमाला के उद्धरण के अनुसार नवीं शती में सोलह प्रांतीय भाषाएं कुछ मौलिक विशेषताओं के साथ बोलचाल के रूप में प्रचलित थीं, पर आठवीं से बारहवीं शती तक अपभ्रंश ग्रंथों से ज्ञात होता है कि साहित्य की भाषा सर्वत्र एक सी रूढ़ हो गई थी। उसके प्रांतीय रूपों में अंतर विशेष नहीं था। ग्यारहवीं शती में राजस्थानी भाषा के कुछ फुटकर पद्य जैन प्रबंध ग्रंथों में मिलते हैं। मुंज से संबंधित पद्य इसी समय के हैं। प्रबंध संग्रहों में मौखिक परंपरा के अनुसार उनका संग्रह किया गया प्रतीत होता है। आचार्य हेमचंद्र ने जो प्राचीन दोहे अपने ग्रंथ में संकलित किए हैं वे भी उनसे सौ डेढ़सौ वर्ष पुराने तो अवश्य होंगे। अतः उनका भी समय दसवीं ग्यारहवीं शती माना जा सकता है। उन दोहों तथा अन्य प्राप्त पद्यों के द्वारा अपभ्रंश से प्राचीन राजस्थानी के विकास के सूत्र मिल जाते हैं।

तेरहवीं शती में लोकभाषा में काफी परिवर्तन हो चुका था इसलिये जैन विद्वानों को अपभ्रंश के साथ साथ तत्कालीन भाषा में साहित्य निर्माण करना आवश्यक प्रतीत हुआ क्योंकि अपभ्रंश उस समय सुबोध नहीं रह गई थी और जैन विद्वानों को जैन धर्म के उपदेशों का प्रचार ऐसी भाषा में ही करना था जिसे साधारण से साधारण व्यक्ति भी समझ सके। फलतः तेरहवीं शताब्दी से राजस्थानी की रचनाएँ हमें प्राप्त होने लगती हैं। ये रचनाएँ छोटी छोटी हैं और संभवतः मंदिरों एवं उत्सवों में गीत एवं नृत्य के साथ प्रचारित करने के उद्देश्य से रची गई हैं। नृत्य और गीत के साथ लम्बे काव्यों के अभिनय में सुविधा नहीं होती अतः बड़े-बड़े काव्य संस्कृत प्राकृत एवं अपभ्रंश में ही रचे जाते रहे। 'रास' संज्ञक रचनाएँ मूलतः नृत्य के साथ गाई जाती थीं। चौदहवीं शती तक वे लकुटीरास तालकरास आदि के नृत्य एवं गीत के साथ प्रचारित होती रहीं ऐसा ग्रंथकारों द्वारा रासों के अंत में किए गए निर्देश से

विषयानुक्रम

प्राचीन भाषा-काव्यों की विविध संज्ञाएँ

उत्तर भारत की समस्त आधुनिक प्रान्तीय भाषाओं का विकास अपभ्रंश भाषा से हुआ है। कुवलयमाला के उद्धरण के अनुसार नवीं शती में सोलह प्रान्तीय भाषाएँ कुछ मौलिक विशेषताओं के साथ बोलचाल के रूप में प्रचलित थीं, पर आठवीं से बारहवीं शती तक अपभ्रंश ग्रंथों से ज्ञात होता है कि साहित्य की भाषा सर्वत्र एक सी रूढ़ हो गई थी। उसके प्रांतीय रूपों में अंतर विशेष नहीं था। ग्यारहवीं शती में राजस्थानी भाषा के कुछ फुटकर पद्य जैन प्रबंध ग्रंथों में मिलते हैं। मुंज से सबन्धित पद्य इसी समय के हैं। प्रबंध संग्रहों में मौखिक परंपरा के अनुसार उनका संग्रह किया गया प्रतीत होता है। आचार्य हेमचन्द्र ने जो प्राचीन दोहे अपने ग्रंथ में संकलित किए हैं वे भी उनसे सौ-पचास वर्ष पुराने तो अवश्य होंगे। अतः उनका भी समय दसवीं ग्यारहवीं शती माना जा सकता है। इन दोहों तथा अन्य प्राप्त पद्यों के द्वारा अपभ्रंश से प्राचीन राजस्थानी के विकास के सूत्र मिल जाते हैं।

तेरहवीं शती में लोकभाषा में काफी परिवर्तन हो चुका था, इसलिये जैन विद्वानों को अपभ्रंश के साथ साथ तत्कालीन भाषा में साहित्य निर्माण करना आवश्यक प्रतीत हुआ क्योंकि अपभ्रंश उस समय सुबोध नहीं रह गई थी और जैन विद्वानों को जैन धर्म के उपदेशों का प्रचार ऐसी भाषा में ही करना था जिसे साधारण से साधारण व्यक्ति भी समझ सके। फलतः तेरहवीं शताब्दी से राजस्थानी की रचनाएँ हमें प्राप्त होने लगती हैं। ये रचनाएँ छोटी छोटी हैं और संभवतः मंदिरों एवं उत्सवों में गाने एवं नृत्य के साथ प्रचारित करने के उद्देश्य से रची गई हैं। नृत्य और गीत के साथ लम्बे काव्यों के अभिनय में सुविधा नहीं होती अतः बड़े-बड़े काव्य संस्कृत प्राकृत एवं अपभ्रंश में ही रचे जाते रहे। रास संज्ञक रचनाएं मूलतः नृत्य के साथ गाई जाती थीं। चौदहवीं शती तक के लकुटीरास तालारास आदि के नृत्य एवं गीत के साथ प्रचारित होती रहीं ऐसा ग्रंथकारों द्वारा रासों के अंत में किए गए निर्देश से

स्पष्ट है। इस समय में बड़े बड़े रास उपलब्ध नहीं हैं। पन्द्रहवीं सदी से अपेक्षाकृत बड़े रास रचे जाने लगे और क्रमश उनका विस्तार बढ़ता गया। तब उनका उद्देश्य क्थावस्तु का विस्तार स वर्णन करना हो गया और व व्याख्यानों आदि में ना गाकर सबे समय तक सुनाए जाने लगे। आज भी जैन समाज में यह प्रथा प्रचलित है। कुछ वर्ष पूर्व तक श्वेतांबर जैन समाज में नियमित रूप से रात्रि एवं रास का व्याख्यान द्वारा रासों को गाकर ही किया जाता रहा है। गाँवों में अब भी ऐसा प्रचार है पर नगरों में कम होता जा रहा है। रासों के द्वारा व्याख्यान श्रवण करने वालों को लोग कम पढ़ा लिखा समझने लगे इसलिए व्याख्यानाताओं को अपनी विद्वत्ता का परिचय देने के लिए प्राकृत एवं संस्कृत काव्यादि ग्रंथों को अपने व्याख्यानों में अधिकता से अपनाना पड़ा। जिस प्रकार कि राजस्थान में जैन मुनियों के जितने व्याख्यान कुछ समय पहले तक मारवाड़ी भाषा में हुआ करते थे अब उसी कारण से मारवाड़ी का स्थान हिन्दी को देना पड़ा है। फिर भी गाँव में जहां शिक्षित व्यक्ति कम हैं जैन मुनियों के व्याख्यान मारवाड़ी में ही होते हैं और उनमें रास ढालें आदि गाकर सुनाई जाती हैं। तेरहपंथ सम्प्रदाय में आज अधिकतर व्याख्यान मारवाड़ी में ही होते हैं और चातुर्मास में रात के समय नियमित रूप से मुनि वेनराज रचित रामयणरसायन रास की ढालें गाकर सुनाई जाती हैं। पर नु समय के प्रभाव से अब इनमें भी हिन्दी में भाषण देना प्रारंभ हो गया है क्योंकि इसके बिना नवशिक्षितों का आकर्षण कम होता है और वक्ता भी शिक्षितों की कोटि में नहीं समझे जाते। स्थानकवासी सम्प्रदाय में रास अब भी रचे जाते हैं पर उनकी भाषा राजस्थानी के बदले हिन्दी प्रधान हो गई है। गुजरात में गुजराती के समृद्ध हो जाने के कारण आज भी रास गुजराती में ही रचे जाते हैं।

जैन भाषा काव्यों का परिचय देने के पूर्व उनकी विविध संज्ञाओं की एक सूची प्रस्तुत की जाती है।

(१) रास, (२) संधि (३) चौपाई (४) फागु (५) धमाल (६) विवाहलो, (७) धवल, (८) मंगल (९) वेलि (१०) सलोक (११) संवाद, (१२) वाद (१३) झगडो (१४) मातृका (१५) बावनी (१६) कक्क (१७) बारहमासा, (१८) चौमासा (१९) पवाडा (२०) चचरी (चाँचरि), (२१) जन्माभिषेक (२२) कलश, (२३) तीर्थमाला, (२४) चैत्यपरिपाटी (२५) संघ वर्णन (२६) ढाल, (२७) ढालिया, (२८) चौढालिया, (२९) छढालिया, (३०) प्रबंध, (३१) चरित, (३२) संबंध, (३३)

आख्यान, (३४) कथा, (३५) मतक, (३६) बहोत्तरी, (३७) छत्तीसी, (३८) सत्तरी, (३९) बत्तीसी, (४०) इक्कीसो, (४१) इकतीसा, (४२) चौबीसी, (४३) बीसी, (४४) अष्टक (४५) स्तुति, (४६) स्तवन, (४७) स्तोत्र (४८) गीत, (४९) सज्झाय, (५०) चरचवंदन, (५१) देववन्दन, (५२) वीनती, (५३) नमस्कार, (५४) प्रभाती, (५५) मगल, (५६) साझ, (५७) बधावा, (५८) गहूली, (५९) हीयाली, (६०) गूढा, (६१) गजल, (६२) लावणी, (६३) छद, (६४) नामाणी, (६५) नवरसो, (६६) प्रवहण, (६७) पारणो, (६८) वाहण (६९) पट्टावली, (७०) गुर्वावली, (७१) हमचडी, (७२) हींच, (७३) मालामालिका, (७४) नाममाला, (७५) रागमाला (७६) कुलक, (७७) पूजा, (७८) गीता, (७९) पट्टाभिषेक, (८०) निर्वाण, (८१) सयमश्री विवाह वर्णन, (८२) भास, (८३) पद, (८४) मजरी, (८५) रसावली, (८६) रसायन, (८७) रस लहरी, (८८) चद्रावला, (८९) दीपक, (९०) प्रदीपिका, (९१) फुलडा (९२) जोड, (९३) परिकम, (९४) कल्पलता (९५) लेख, (९६) विरह, (९७) मूंदडी, (९८) सत, (९९) प्रकाश, (१००) होरी, (१०१) तरग, (१०२) तरगिणी, (१०३) चौक (१०४) हुँडी (१०५) हरण, (१०६) विलास, (१०७) गरबा, (१०८) बोली, (१०९) अमृतध्वनि, (११०) हालरियो, (१११) रसोई, (११२) कक्का, (११३) झूलणा, (११४) जकडी, (११५) दोहा (११६) कुडलिया (११७) छप्पय आदि।

इन समस्त सज्ञाओं का विवरण देना इस लेख मे सभव नहीं, अत प्रधान सज्ञाओ का ही सक्षेप में स्पष्टीकरण किया जायगा।

(१) रास—राजस्थानी एव गुजराती भाषा की बड़ी रचनाओं मे सबसे अधिक रास सज्ञक ही हैं। रास सज्ञक रचनाओ का निर्माण अपभ्रश काल से ही प्रारभ हो जाता है। उपदेशरसायनरास और सदेशरास अपभ्रश का ही रचनाएँ है। इनमे से उपदेश रसायनरास का नाम उसके रचयिता जिनदत्त सूरि ने केवल 'उपदेशरसायन' ही दिया है परतु उसके टीकाकार सूरि जी के प्रशिष्य के शिष्य जिनपाल उपाध्याय ने उसमें 'रासक' जोडकर उसे 'उपदेशरसायन रास' सज्ञा दे दी है। यह ग्रथ साधारण जैन जनता के लिये उपदेश के रूप मे, विशेषत उस समय प्रचलित अविधि को हटाने और विधि मार्ग का प्रचार करने के उद्देश्य से पद्धटिकाबद्ध ८० गेय पद्यो मे रचा गया है। टीकाकार के कथनानुसार यह सब रागों मे गाया जा सकता है। इस ग्रथ के छत्तीसवें पद्य मे तालारासु और लगुडारासु नामक दो प्रकार के रासों का उल्लेख किया गया है—

मूल—तालारासु वि दिति रयणिहि दिवसि वि लगडारासु सहुँ पुरिसिहि ।

टीका—तालारासमपि न ददति श्राद्धाः ... रात्रौ ... दिवसे च लगुडरासं पुरुषैः सार्धं ... तदानीमपि ... दन्तु ... प्रमाद ... पानादयुगात् ।

आशय यह है कि उस समय जैन मन्दिरों में श्रावक आदि लोग रात्रि के समय तालियों के साथ (ताल देकर) रासों को गाया करते थे उसमें जीवहिंसा की संभावना के कारण रात्रि में तालरास का निषेध किया गया है ।* इसी प्रकार दिन में पुरुषों के स्त्रियों के साथ लगुडरास करने (दंडियों के साथ नृत्य करते हुए रास गाने) को भी अनुचित बताया गया है । जैन मन्दिरों में ये दोनों रास चौदहवीं सदी तक गाये जाते थे यह सं० १३२७ में रचित सप्तक्षेत्री रास से भली भाँति स्पष्ट हो जाता है—

बइसइ सहूइ श्रमणसंघ सावय गुणवंता ।
जोयइ उच्छवु जिनह भुवणि मनि हरष धरंता ॥
तीछे तालारस पडइ बहु भाट पढंता ।
अनइ लकुटारस जोईइ खेला नाचंता ॥४८॥
सविहू सरीखा सिणगार सवि तेवड तेवडा ।
नाचइ धामीय रंगभरे तउ भावहि रूडा ।
सुललित वाणी मधुरि सादि जिणगुण गायंता ।
ताल मानु छंद गीत मेलु वाजिंत्र वाजंता ॥४६॥

(प्राचीन गुर्जर काव्यसंग्रह सप्तक्षेत्रिरासु, पृष्ठ ५२)

रास संज्ञक दूसरी अपभ्रंश रचना सदेशरासक है । इसके रचयिता कवि अब्दुल रहमान ने चौथे पद्य में इसका नाम सनेहय रासय और उन्नीसवें पद्य में 'सनेह रासउ' दिया है, जो दोनों ही संदेश रासक के अपभ्रंश हैं । रासय शब्द संस्कृत 'रासक' का अपभ्रंश है । उसका परवर्ती विकास य के स्थान में उ होकर 'रासउ' हो गया । रासक का उल्लेख हर्षचरित (बाणभट्ट सातवीं शताब्दी) में मिलता है ।

*— सं० १४०० के लगभग जिनेश्वर सूरि के श्रावक जगडू रचित सम्यकत्वमाई चउपई में इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार किया गया है—तालारासु रयणि नहि देइ, लउडारासु मूलह वारेइ ॥ २१ ॥ (प्रा० गु० का० संग्रह पृ० ८०)

उपरूपक विशेष है। वाग्भट्ट और हेमचंद्र ने काव्यानुशासन मे रासक के संबध मे निम्नोक्त स्पष्टीकरण किया है—

डोम्बिका भाण प्रस्थान भाणिका प्रेरण शिगक रामाक्रीड हल्लीसक श्रीगदित–रासक गोष्ठी प्रभृतीनि गेयानि। (वाग्भट्ट)

गेय डोम्बिका भाण प्रस्थान शिंगक भाणिका प्रेरण रामाक्रीड हल्लीसक-रासक-गोष्ठी श्रीगदित–राग काव्यादि। (हेमचंद्र)

वाग्भट्ट के काव्यानुशासन की वृत्ति के अनुसार ये सब डोम्बिकादि गेय रूपक है।

पदार्थाभिनयस्वभावानि डोम्बिकादीनि गेयानि रूपकाणि चिरंतनैरुक्तानि।

इन्ही मे से रासक भी एक रूपक है जिसका लक्षण इस प्रकार दिया है—

अनेकनर्तकीयोज्य चित्रताललयान्वितम्।
आचतु षष्टियुगलाद्रासक मसृणोद्धतम्॥

अर्थात् रासक एक ऐसा कोमल और उद्धत गेय रूपक है जिसमें अनेक नर्तकियाँ होती हैं अनेक प्रकार के ताल और लय होते हैं और ६४ तक के युगल होते हैं।

पीछे रास, रासु अथवा राउस शब्द प्रधानतया कथाकाव्यों के लिये रूढ–सा हो गया और रसप्रधान रचना रास मानी जाने लगी। रास' एक छंद विशेष भी है। राजस्थानी में रासा शब्द का प्रयोग लडाई झगडे या गडबड घोटाले के अर्थ में भी प्रयुक्त होने लगा है। परंतु प्राचीन जैन रचनाओ के नामो में तो रास शब्द का ही प्रयोग मिलता है, रासो का नहीं कई पुरानी रचनाओ में 'रासु' भी मिलता है। सत्तरहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध एवं अठारहवीं शती की कुछ विनोदात्मक रचनाओ मे 'रासो' और 'रासौ' शब्द भी प्रयुक्त हुए हैं। उदर रासा और माकड रासो आदि ऐसे ही रास है।

(२) संधि—अपभ्रंश काव्यों के सर्गों की संज्ञा 'संधि' है। आचार्य हेमचंद्र ने महाकाव्य की व्याख्या करते हुए लिखा है—

पद्यप्राय संस्कृतप्राकृतापभ्रंशग्राम्यभाषानिबद्धभिन्नवृत्तसर्गाश्वाससंध्यवस्कन्धकबंध सत्संधिशब्दार्थवैचित्र्योपेत महाकाव्यम्।

अर्थात् महाकाव्य मुख प्रतिमुखादि संधियों एवं शब्द अर्थ की विचित्रता से युक्त होता है तथा संस्कृत महाकाव्य सर्गों में, प्राकृत आश्वासों मे अपभ्रंश संधियो में एवं ग्राम्य स्कंधो में निबद्ध होता है।

'सधि' शब्द मूलत अपभ्रंश महाकाव्य के सर्गो के लिये ही प्रयुक्त होता था किंतु तेरहवी चौदहवी शती में वह एक सर्ग वाले खंड काव्यों के लिये भी प्रयुक्त होने लगा। अपभ्रंश म जिनप्रभ सूरि आदि की संधि संज्ञक पद्रह रचनाएँ मिलती हैं। संधियों की परपरा उन्नीसवीं शती तक निरतर चलती रही। चौदहवी शती के तो दो ही संधि काव्य मिलते हैं किंतु सोलहवीं से उन्नीसवीं तक राजस्थानी एवं गुजराती भाषा मे वे पचासो की सख्या म प्राप्त हैं जिनम राजस्थानी अधिक हैं और उनम भी खरतरगच्छीय विद्वानो के सबसे अधिक।

(३) चौपाई—रास के बाद बडी रचनाओं म सबसे अधिक 'चौपाई' नामक रचनाएँ मिलती है। चौपाई या चौपई का सस्कृत रूप चतुष्पदी भी प्रयुक्त मिलता है। मूलत यह चौपाई छदो म लिखी रचनाओं का नाम था पर पीछे 'रास' की भांति चरितकाव्य के लिये रूढ हो गया, यहा तक कि कही कही एक ही रचना की सज्ञा किसी ने चौपाई लिख दी तो दूसरे ने रास। चौपाई छन्द तो अपभ्रंश काव्यों म भी प्रयुक्त हुआ है, पर उन ग्रंथों का नाम चौपाई नही रखा गया।

चौदहवी शती से राजस्थानी रचनाओं के नामो म इस सज्ञा का प्रयोग मिलने लगता है। नमिनाथ चतुष्पदिका, सम्यक्त्वाई चौपाई—ये दो सोलहवी शती की रचनाएँ प्राचीन गुर्जर काव्यसग्रह म प्रकाशित हैं। इनमें स दूसरी रचना म लिखा है—'हासामिसि चउपई बधु कियउ।

(४५) फागु धमाल— वसत ऋतु का प्रधान उत्सव फाल्गुन महीने में होता है। उस समय नर नारी मिलकर एक दूसरे पर अबीर आदि डालते है और जल की पिचकारियो से क्रीडा करते अर्थात् फाग खेलते है। जिन म वसत ऋतु के उल्लास का कुछ वर्णन हो या जो वसत ऋतु म गाई जाती हैं ऐसी रचनाओ को फागु सज्ञा दी गई है। इन रचनाओं की यह विशेषता है कि इनमे शब्दालकार के साथ यमक बध अनुप्रास पाया जाता है। इस शैली को फागु बध' कहा गया है। कुछ पद्य उदाहरणार्थ उद्धत किए जाते हैं—

अणहिलवाडउ पाटण, पाटण नयर जे राउ।
दीसई जिहां श्रीअ जिणहर, मणहर सपद ठाउ ॥८

(जै० ए० गु० काव्यसचय, देवरत्नसूरि फाग, पृ० १५१)

पहिलू सरसति अरचीसू रचीसू वसत विलास।
वीण धरइ करि दाहिण, वाहण हसलु जास ॥

पहुतीय तिहुणो हिव रति, वरति पहुती वसत,
दह दिसि परसइ परिमल, निरमल थ्या नभ भ्रत ॥ २
(प्रा० गु० काव्य वसत विलास', पृ० १५)

समरवि त्रिभुवनसामणि, कामणि सिरि सिणगार।
कवियण वयणि जा वरसइ सरइस अमिउ अपार ॥ १ ॥
(जोरापल्ला पारवनाथ फागु पृ० ६७)

यह शैली फागु सबधी सभी रचनाओ में नही अपनाई गई है। स्थूलभद्र फाग और पिछले अन्य फागो में भी यह नही है।

फागु और धमाल दोनों ही एक प्रसग से सबधित हैं अत कई रचनाओं की सज्ञा किसी ने फागु दी है तो किसी ने धमाल। फागु और धमाल के छद एव रागिनी में अतर होगा, पर पीछे से ये दोनो नाम होली के आसपास गाई जानेवाली रचनाओ के लिये प्रयुक्त होने लगे। प्राचीन दिगबर रचनाओ मे धमाल का प्राकृत रूप ढमाल' भी मिलता है। इधर लगभग डेढ सौ वर्षो से छोटे छोटे भजन डफ और चगो पर गाए जाने लगे हैं उनकी सज्ञा होरी भी पाई जाती है। फागु एव धमाल सज्ञक रचनाएँ इनसे काफी बडी होती थी। बहुत से व्यक्ति मिल कर चग ढोल, डफ और भाँझ आदि वाद्या के साथ उन्हे गाते थे, तब एक कोलाहल सा मच जाता था इससे बोलचाल मे धमाल' का प्रयोग कोलाहल या उपद्रव के अर्थ मे भी होता है।

फागु सज्ञक रचनाएँ धमाल से अधिक प्राचीन और अधिक संख्या मे मिलती हैं। स० १३५० के आसपास से ऐसी रचनाओ का प्रारभ होता है। उपलब्ध फागु काव्यों मे खरतरगच्छीय जिनपद्म सूरि का जिनचद सूरि फागु सर्वप्रथम और सबसे प्राचीन है। अठारहवीं शताब्दी के प्रारभ के खरतरगच्छीय यति राजहस द्वारा रचित नेमिफाग अंतिम कृति है। राजस्थानी एव गुजराती मे फागु सज्ञक लगभग ५० रचनाएँ उपलब्ध हुई हैं, जिनका परिचय जैन सत्यप्रकाश (वर्ष ११ १२ एव १४) मे प्रकाशित है। धमाल सज्ञक रचनाएँ ८ १० ही प्राप्त हैं और वे सतरहवीं शताब्दी की ही अधिक हैं।

(६ ८) विवाहलो, धवल, मगल—जिस रचना में विवाह का वर्णन हो उसे विवाहला' कहते हैं। जैन कवियों ने नेमिनाथ आदि तीर्थंकरो और जैनाचार्यो के सयमश्री के साथ विवाह के प्रसग को लेकर बहुत से विवाहले रचे है। आचार्यो के लौकिक विवाह का तो कोई प्रसग था नही, क्योकि वे ब्रह्मचारी ही रहते थे अत उनके

द्वारा ग्रहण किए गए व्रतो का ही सयमश्री रूपी कन्या मान उसी के साथ उनके विवाह का वर्णन इन काव्यो म रूपक के रूप म दिया गया है। उदाहरणाथ कवि सोममूर्ति द्वारा स० १३३१ म रचित जिनश्वर सूरि सयमश्री विवाह वर्णन रास म जिनेश्वरसूरि, जिनका बाल्यावस्था का नाम अवडकुमार था जब दीक्षा लेने की तयारी करत हैं तो पहले अपनी माता स दीक्षा की अनुमति मागते हुए कहत है—

इहु ससार दुहह भडार ता हउ मेल्हिसु अतिहि असार ॥६॥
परिणिसु सजमसिरि वरनारी, माई माईए मज्झु मणह पियारी।

इसके पश्चात् जब व दीक्षा ग्रहण करन क लिए गुरुजी क पास जाते हैं उस समय यान ले जान बाज बजने जीमनवार (भोज) होने चवरी (मडप) मडने, और अग्नि साक्षि स सयमश्री का पाणिग्रहण करने का वर्णन बहुत ही सुदर रूपको क साथ किया गया है। यहाँ कुछ उद्धरण दिए जात है—

अभिनव ए चालिय जानउत्र अबड़ तणइ विवाहि।
अप्पुणु ए धम्म चक्कवइ हूयउ जानह माहि ॥ १६ ॥
कारइ कारइ नमिचडु भडारिउ उच्छाहु।
वाघइ वाघइ जान देलि, ललमिणि हरपु अवाहु ॥ १९ ॥
कुसलिहि लमहि जानउत्र पहुतिय खेड मझारि।
उच्छवु हूयउ अइ पवरो नाचइ फरफर नारि ॥ २० ॥
जिणवइ सूरिण मुणि पवरो देसण अमिय रसेण।
कारिय जीमणवार तहि जानह हरिस भरेण ॥ २१ ॥
सति जिणेसर नर भुवणि, माडिउ नवि सुवेहि।
वरसिहि भविय दाण जलि, जिम गयणगणि मेह ॥ २२ ॥
तहि अणयारिय नीपजइ झाणानलि पजलति।
तउ सवेगहि निम्मियउ, हथलवउ सुमुहुति ॥ २३ ॥
इणि परि अबडुवर कुयर परिणइ सजम नारि।
बाजइ नदीमतूर घण, गूडिय घर घर बारि ॥ २४ ॥

उपाध्याय मरुनदन क जिनोदयसूरि विवाहला म भी ऐसा ही सुन्दर वर्णन

है। उसमे विवाह करानेवाले जोशी का स्थान गुरुश्री को दिया गया है। ये दोनों काव्य हमार एतिहासिक जन काव्य सग्रह' मे प्रकाशित हो चुके हैं।

विवाहला सनक उपलब्ध रचनाओ में सबस प्राचीन जिनप्रभसूरि रचित अतरग विवाह अपभ्र श भाषा में उपलब्ध है। यह भी आध्यात्मिक विवाह है आदिमत की पक्तिया इस प्रकार हैं—

प्रारभ—पमाय गुणठाणि तहि अहे भवियजिउ निरुवमु वरु ए।
चहुविह सघु जानउत्र कीय अहे वाहण सहस सीलग ॥ १ ॥

अत—इणपरि परिणए जो प जगि अह लहइ सो सिद्धिपुरि वासु।
मगलिकु वीर जिणप्रभ ए अहे मगलिकु चहुवीह सघ ए ॥

(अतरग विवाह धवल वसतरागेण भणनीय)

इसकी रचना स० १३०० के आसपास की है और इसके बाद ही जिनेश्वर सूरि—सयमश्री रास का स्थान है। इस प्रकार चौदहवी शताब्दी से ऐसे काव्यो का निर्माण होन लगता है और बीसवी शताब्दी तक क्रम जारी रहता है। ऐसी लगभग ८ रचनाओ का अभी तक पता चला है।

विवाह म गाए जानेवाल गीतो को 'धवल' वा 'मगल कहा जाता है और विवाह स्वय एक मागलिक काय माना जाता है, अत कई रचनाओ म विवाह के साथ 'धवल' शब्द भी नामात पद के रूप मे व्यवहृत है, जसा कि ऊपर 'अतरग विवाह' के साथ यह जुडा हुआ मिलता है। धवल सनक रचनाओ का प्रारभ तेहरवीं शताब्दी से होता है। 'जिनपति सूरि धवल गीत उपलब्ध रचनाओ में सबसे प्राचीन है, जो हमारे ऐतिहासिक जन काव्य सग्रह' मे प्रकाशित है। ऋषभदेव विवाहल को सना 'धवलबध' दी गई है। नमिनाथ धवल, वासपूज्य धवल आदि कुछ रचनाएँ धवल' संज्ञक प्राप्त हैं। हिन्दी, राजस्थानी और बँगला म जो 'मगल सना वाले काव्य मिलते है, वे इसी परम्परा की दन ह। राजस्थानी का प्राचीन काव्य 'रुक्मणी मगल' बहुत प्रसिद्ध लोकमान्य है। पर इसका नामात पद 'मगल आधुनिक है। मूलत लखक न इसकी सज्ञा विवाहलो ही दी है। इसकी सबसे प्राचीन प्रति स० १६६६ की प्रस्तुत लखक के सग्रह म है और दो प्रतिया उसे बीसवी शती की प्राप्त हुई हैं इसका मूल रूप बहुत छोटा था, परन्तु समय समय पर इसमें लोकप्रियता के कारण परिवतन परिवद्धन होत रहे। प्रकाशित

सस्करण हमारी प्रति से कोई वद्रह बीस गुना बढ गया है।

(६) वेलि— राजस्थानी साहित्य म क्रिसन रुक्मणी री वेलि' बहुत प्रसिद्ध ग्रन्थ है। *इस सज्ञा का स्पष्टीकरण करते हुए वेलि अर्थात् लता का सु दर रूपक* निम्नोक्त दो पद्यों म दिया गया है—

वल्ली तसु बीज भागवत वायौ, महिथाणौ प्रिथुदास मुख ।
मूल ताल जड अरथ मड हे सुथिर करणि चढि छांह सुख ॥२६१॥
पत्र अक्खर दल द्वाला जस परिमल नवरस ततु विधि अहोनिसि ।
मधुकर रसिक सुभगति मजरि फूल फल भुगति मिसि ॥२६२॥

इस सज्ञावाली पचास रचनाओं का मुझे पता लग चुका है, जिनमे पद्रह राजस्थानी तथा दो गुजराती जनतर रचनाए (सीतावेलि और व्रजवलि) हैं। हि दी में भी मनोरथ वल्लरी तुलसीदास और भगवानदास रचित ज्ञात हुई हैं। २१ रचनाएँ जनों विद्वानो द्वारा रचित हैं जिनम वाच्छा श्रावक की 'चहुँगति वेलि सबस प्राचीन है। इसका समय स० १५२८ के लगभग है। इसी शताब्दी मे सीहा लावण्यसमय और सहजसु दर ने भी वेलिया बनाई। सतरहवी से उन्नीसवी शताब्दी तक यह क्रम जारी रहा। स० १८८६ क बाद इस सज्ञा वाली कोई रचना उपलब्ध नही है।*

(१०) सलोका— मूलत सस्कृत श्लोक' शब्द स जनभाषा म सलोका या सिलोका शब्द प्रचलित हुआ प्रतीत होता है। मध्यकाल म वर जब विवाह क लिये ससुराल जाता तो उसकी बुद्धि की परीक्षा के लिये पहले वर का साला कुछ श्लोक कहता और फिर उसकी *प्रतिस्पर्धा मे वर श्लोकों द्वारा अपनी प्रतिभा का परिचय देता था।* पद्रहवी शती के लगभग की एक रचना हमार निजी सग्रह म है जिसम वर ने साल को सबोधन करत हुए अपने आराध्य देव गुरु कुलदेवी, गोत्र मातापिता, नगर, उसके शासक, तुरग, तोरण आदि क वर्णनात्मक श्लोक कहे है। लोक भाषा म उनकी व्याख्या भी है। इसके अन्त में वरदान एव सुखप्राप्ति के लिय गणेश और सरस्वती की प्राथना की गई है। उदाहरण के लिय विवाह मडप क या की प्राप्ति आदि के श्लोक कहकर साले का कुतूहल पूर्ण करने की सूचना वाले तीन पद्य यहा दिए जाते हैं—

---

*उपलब्ध रचनाओं क सम्बन्ध में श्री कापड़िया का लेख 'जन धम प्रकाश व ६५ अक २ में प्रकाशित है।

मध्यनिर्मितमनोहरवेदि प्रेक्षणादिककुतूहलपूर्ण ।
गीतलीनतरुणीप्रणरम्य स्वगखण्ड इव मडप एष ॥ ८ ॥

अहो शालक । जेहनइ मध्यि चहू दिस नूतन वेहि जररा करिउ मडित । लक्ष्मी करिउ अखडित, चउरी चतुर चितु चोरइ । प्रेक्षणीय प्रमुख कुतूहल सकुलु । धवल मगल गीतगान तत्पर सुदर जन मनोहरु विचित्र पवित्र चद्रोदय सहितु सवगखण्डविजित्वरु मडपु सोमइ ॥ ८ ॥

तत्र तत्र साधुजनाय दत्त दान स्मृता पचनमस्क्रिया च ।
सतीययात्रा विहिता च तेन पुण्येन लब्धा भवत स्वसेय ॥ १६ ॥

अहो शालक । मइ पूर्विलइ भवि निमलु चार भेदु तपु कीधउ । चारि त्रिया तपोधन रिहाी भावना पूर्वकु दानु दीधउ । अनइ जिनशासन सारु पच परमेष्टि नमस्कारु स्मरयउ श्री शत्रुजय गिरिनार सरीखइ तर्थि जाइउ । श्री वीतराग पूज्या । तीणि पुण्य करिउ मइ ताहरी वहरण लाधी । १६ ॥

नालिकरनतमेकमानय तत्र पूगनतपच तयव ।
शालक प्रचुरकाव्यसचय पूरयामि तव कौतुक यथा ॥१७॥

अहो शालक । जइ किमइ मुभरहइ नालिवेर नउ सतु । अनइ फाफल ना पाच सय । नायणि करइ एक मडि दियइ । तउ हउ सनलोक समस्तु अनेकि सलोकि करिउ आपग । शालक नउ कुतूहलु पूरवउ ॥ १७ ॥

विवाह के समय साले और वर के द्वारा सिलोक कहने की प्रथा प्राचीन है । विमल म त्री क विवाह के प्रसग म कवि लावण्यसमय ने विमलप्रबन्ध में इसका उल्लेख इस प्रकार किया है—

मुहता तोरणि जोइ लोक, सोहरा साला कहि नलोक ।
विम वाणि अमरो मांभली स्या साला ते दह त्रिनि टली ॥६४॥

खतरगच्छ के शांतिसागर सूरि और जिनसमुद्र सूरि के प्रवेशोत्सव आदि के वर्णनवाली दो रचनाए 'राजस्थानी , भाग २ में प्रकाशित हो चुकी हैं । वे भी "अहो शालक' सबोधन के साथ हैं अत वे भी उपयु क्त विवाह-प्रसग में वर के द्वारा कही जाने

के लिये ही बनाई गई प्रतीत होती हैं।

आगे चलकर उक्त प्रथा एव तद्विषयक रचना के प्रकार म अन्तर आ गया। गुजरात के उत्तरी भाग और राजस्थान मे विवाह प्रसग म सिलोक कहे जाते हैं जिन्हें बरातियो मे से जानकार लोग मन्दिर म देवी देवताओ एव वीरों के गुणों का वर्णन करते हुए विशेष ढग के साथ कहकर सुनाते हैं। इन सबकी शैली रूढ़ हो गई है। राजस्थानी भाषा क छन्द ग्र थ 'रघुनाथरूपक' म वचनिका का दूसरा भेद सिलोको बतलाते हुए जो उदाहरण दिया है, वह नीचे दिया जाता है। उपलब्ध सलोको में यही शैली प्रयुक्त मिलती है—

दूजो भेद इणनू लोकोकत सिलोको हो कहे छ।
बोल सीतापत इसड़ीजो बाणी सुरनर नागां न लाग सुहाणी।
सेसाजल हणमत जिमही सरसाई, वीरां अवरांरो कीधी बडाई॥
धनुधरता वायक सांभल जोधारा, पोरस अगों मे वधियो अणपारा।
पुणव कर जोड जीतब फल पायो मान श्रीलावद इतरो फुरमायो॥

इस शैली के जन जनेतर पचासो राजस्थानी गुजराती सिलोक प्राप्त है, जिनमे बीसो छप भी चुके हैं। अठारहवी शती से इसका रचनाक्रम चलता है और उ नीसवी के भी काफी सिलोके मिलत हैं। बीसवी शती मे यह प्रथा कमजोर होने लगती है। अब नगरो मे सिलोका कहने की प्रथा का अ त हो गया है परन्तु गावों में यह अभी तक प्रचलित है।

(११ १३) स वाद बाद भगडो— कवि हृदय विलक्षण होता है। वह अपनी कल्पना द्वारा जिन वस्तुओ में वास्तव म कोई विवाद नही उनमे भी विरोधी भावना उत्प न करके उनके मु ह से अपने गुण और महत्व का और दूसरे की हीनता का वर्णन कराता है। उन दोनों के प्रस ग के कवि की प्रतिभा का सु दर परिचय प्रस्तुत हो जाता है। ऐसी रचनाओ का स ना 'सम्वाद, वाद अथवा भगडो रखी गई है। स स्कृत के 'स वादसु दर' ग्र थ म भी ऐसे नौ स वाद स कलित हैं। राजस्थानी एव गुजराती मे ऐसी लगभग तीस रचनाए प्राप्त हुई हैं जो चौदहवी शती से उन्नीसवी तक की हैं। जनेतर स वादात्मक रचनाओं म बीकानेर के महाराजा रायसिंह के आश्रित कवि बारहठ शंकर का, दातार सूर रो स वाद' प्राप्त है। हिन्दी भाषा में भी नरहरि आदि कवियो द्वारा कई

संवादात्मक रचनाएँ लिखी गई हैं।

(१४ १६) मातृका बावनी-कक्क— इनमें वर्णमाला के अक्षर ५२ मानते हुए प्रत्येक वर्ण से प्रारम्भ करके प्रासंगिक पद्य रचे जाते हैं। ऐसी रचनाओं की संज्ञा 'बावनी' है। अपभ्रंश से ऐसी रचनाओं का प्रारम्भ होता है। इसकी अन्य संज्ञा 'कक्क' है। हिन्दी में इसे 'अखरावट' भी कहते हैं। तेरहवीं चौदहवीं शताब्दी की ऐसी चार रचनाएँ— शालिभद्र कक्क, दूहा मातृका, सम्यक्त्वमाई चौपाई, मातृका चौपाई प्राचीन गुर्जर काव्यसंग्रह में प्रकाशित हैं। ये बावनी के पूर्व रूप हैं। सोलहवीं शताब्दी से ऐसी रचनाओं का नाम 'बावनी' व्यवहृत हुआ है यद्यपि आदि अंत में कुछ अन्य पद्य जोड़ने से पद्यों की संख्या ५५ ५७, या ६० तक पहुँच गई है। कुछ रचनाएं मातृकाक्षरों के क्रम पर नहीं रची गईं, पर उनकी पद्य संख्या ५२ से कुछ ही अधिक होने पर उनको भी 'बावनी' कहा गया है। हिन्दी, राजस्थानी, गुजराती तीनों भाषाओं में जैन कवियों द्वारा रचित पचास के लगभग बावनियां हैं। भिन्न भिन्न छन्दों में रची होने से इनके नाम दूहाबावनी सवयाबावनी, कवित्तबावनी, कुण्डलिया बावनी आदि रखे गए हैं और कुछ के नाम विषय के अनुसार धर्मबावनी, गुणबावनी इत्यादि मिलते हैं। टीकमगढ़ से प्रकाशित मधुकर पत्र में कई वर्ष पूर्व 'बावनी संज्ञक हिन्दी रचनाएँ' शीर्षक लेख प्रकाशित हो चुका है। हिन्दी भाषा की कतिपय बावनियों, बारहखड़ियों, बत्तीसियों आदि का विवरण लेखक द्वारा संपादित 'राजस्थान में हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज', भाग ४ में दिया गया है। इनमें वर्णमाला के अक्षरों का क्रम इस प्रकार रखा गया मिलता है— ओं (न मो सि द्ध) अ, आ इ ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, लृ, लॄ, ए, ऐ ओ, औ, अं, अः, क, ख, ग, घ, ङ, च, छ, ज, झ, ञ ट, ठ, ड, ढ, ण, त, थ, द, ध, न, प, फ, ब, भ, म, य, र, ल, व, श, ष, स, ह, क्ष।

(१७ १८) बारहमासा चौमासा— बारह महीनों के ऋतु परिवर्तन एवं विरह-भाव को व्यक्त करनेवाली रचनाओं का नाम बारहमासा' है। जैन और जैनेतर दोनों प्रकार के बारहमासे सैकड़ों की संख्या में मिलते हैं। साधारणतया एक एक महीने का वर्णन एक एक पद्य में होने से १५–२० पद्यों में ये रचे जाते हैं। पर कई बारहमासे बहुत बड़े बड़े भी हैं जिनकी पद्य-संख्या ४६–५० से लेकर १०० से ऊपर तक पहुँच गई है। प्रकृति वर्णन सम्बन्धी रचनाओं में इन बारहमासों का बड़ा महत्त्वपूर्ण स्थान है।

उपलब्ध बारहमासों मे सबस प्राचीन 'जिनधममूरि बारह नावउ' है, जिसकी पद्य–सख्या ५० है । यह तेरहवी शता दी की रचना है और पाटन की तालपत्रीय प्रति म उपल ध है । नमूने के लिये कुछ पक्तिया नीचे दी जाती हैं—

तिहुयण मणि चूडामणिहि बारहनावउ धमसुरि माहह।
निसुणेहु सुयणहु ! नाण सणाहह पहिलउ सावण सिरि फुरिय ॥१॥
कुवलय दल सामल घणु रज्जइ न मइलु मडन उम्भुणि छज्जइ।
विज्जुलडो भबकिहि सवइ मणहर विरयारेवि कला सु।
भ नु करेविणु कलि केका रवु फिरि फिरि नाचहि मोरला।
मेहणि हार हरिय छमिणवर भ्रोढण भयउ हिय नीलबर
विघलिय नव भालइ कलिय ॥२॥

बारहमासे नेमिनाथ और स्थूलिभद्र सम्ब धी अधिक मिलते हैं। इसी प्रकार चार मास का वणन करनेवाले 'चौमासे' भी प्राप्त हैं।

(१९) पवाडा— किसी व्यक्ति के विशिष्ट कार्यो का वणन करनेवाली रचनाओ को 'पवाडा' कहते हैं। पद्रहवी शती में हीरानन्द सूरि रचित 'विद्याविलास पवाडो' मिलता है । कुछ अ य जन पवाडे भी प्राप्त हैं पर उनकी स ख्या अधिक नही । साइयाभूला के नागदमण ग्र थ मे पवाडा पनग तणउ श द मिलता है । बाद मे महाराष्ट्र म पवाडों की परपरा बहुत जोरो से प्रचलित हुई पर यह शब्द वीर का य के लिये रूढ हो गया ।

राजस्थानी भाषा में पाबू जी के पवाडे बहुत प्रसिद्ध हैं । ये पवाडे करुण एव वीर रस से सराबोर हैं । इनमे से 'सांगी जी रो पवाडो' 'राजस्थानी भारती' वष ३ अक २ मे प्रकाशित हो चुका है । इसी प्रकार कई अ य पवाडे भी राजस्थानी म प्रसिद्ध हैं। य पवाडे पड (घटनाओ का दिग्दशन कराने वाला चित्रपट) को दिखाते हुए गाए जाते हैं ।

(२०) चचरी— रास की भाँति ताल एव नृत्य क साथ, विशेषत उत्सव आदि मे, गाई जानेवाली रचना को 'चचरी' स ना दी गई है । विक्रमोवशीय के चतुर्थांक में अपभ्र श भाषा के कई चचरी पद्य पाए जाते हैं, इससे इस स ना की प्राचीनता का पता चलता है । प्राकृत पिंगल में चचरी नामक छन्द भी बतलाया गया है । 'चचरी' और

'चाचरी' इसके नामांतर हैं। जायसी में भी फागुन और होली के प्रसंग में चाचरि या चाँचर का उल्लेख है। जिनदत्त सूरि जी ने जिनवल्लभ सूरि जी की स्तुति में ४७ पद्यों की चर्चरी नामक रचना अपभ्रंश में रची है, जो अपभ्रंश 'काव्यत्रयी' में प्रकाशित है। इसके पश्चात् जिनप्रभ सूरि, सोलण, जिनेश्वर सूरि और एक अज्ञात कर्ता की, ये चार चर्चरियाँ चौदहवीं शती में रची गईं। इनमें से सोलण वाली ३८ पद्यों की रचना प्रा० गु० काव्यसंग्रह में प्रकाशित है।*

(२१-२२) जन्माभिषेक, कलश— तीर्थंकरों के जन्म के अवसर पर उन्हें इंद्रादि देव मेरुशिखर पर ले जाकर स्नातक करते हैं, उस समय के भाव को प्रकाशित करनेवाली रचना को 'जन्माभिषेक या कलश' संज्ञा दी गई है। तीर्थंकर की प्रतिमा को कलश से स्नान कराते समय ये रचनाएँ बोली जाती हैं। ऐसी लगभग १५ रचनाएँ चौदहवीं से सोलहवीं शती तक की उपलब्ध हैं। अब उनका स्थान पीछे की बनी हुई 'स्नात्रपूजा' ने ले लिया है, अतः इसका प्रचार नहीं रहा। इस विषय पर 'जैन सत्य प्रकाश,' वर्ष १४ अंक ४ में प्रो० हीरालाल कापड़िया का 'जन्माभिषेक ने महावीर कलस' लेख प्रकाशित है।

(२३-२५) तीर्थमाला, चैत्य-परिपाटी एवं संघवर्णन— जिस रचना में जैन तीर्थों की नामावली हो उसे 'तीर्थमाला', जिसमें एक ही स्थान या अनेक स्थानों के जैन मंदिरों की यात्रा का अनुक्रम से वर्णन हो उसे 'चैत्य परिपाटी' या 'परिवाडी' तथा जिसमें साधु-साध्वी-श्रावक श्राविका चतुर्विध संघ के साथ की गई तीर्थयात्रा का वर्णन हो उसे 'संघवर्णन' संज्ञा दी गई है। तीर्थमाला तो प्राचीन भी मिलती है पर चैत्य-परिपाटी चौदहवीं शताब्दी से ही प्राप्त है। संघवर्णन सत्तरहवीं शताब्दी से अधिक प्राप्त होता है। अनेक स्थानों की ऐतिहासिक सामग्री ऐसी रचनाओं में संकलित है। कई तीर्थमालाएँ बहुत विस्तार से लिखी गई हैं और उनमें भारत के प्रायः सभी जैन तीर्थों के वर्णन हैं। तीर्थयात्रा वर्णनात्मक स्तवन भी छोटे बड़े अनेक मिलते हैं। प्राचीन तीर्थों का संग्रह 'तीर्थमाला संग्रह', पाटण चैत्य परिपाटी' एवं ऐसी अन्य बहुत सी रचनाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं। अप्रकाशित रचनाएँ हमने संगृहीत कर ली हैं, वे यथासमय प्रकाशित की जायगी।

---

*विशेष द्रष्टव्य—अपभ्रंश काव्यत्रयी पृष्ठ ११८, १४ एवं 'जैन सत्य प्रकाश' वर्ष १२ अंक ६ में प्रकाशित श्री हीरालाल कापड़िया का 'चर्चरी' शीर्षक लेख।

(२६-२९) ढाल, ढालिया, चौढालिया, छढालिया आदि— इस रचना के गाने की तर्ज या देशी को संज्ञा 'ढाल' है। सतरहवी शती में जब रास, चौपाई आदि की रचना लोकगीतों की देशियों में होने लगी तब इनकी संज्ञा ढाल बद्ध हो गई। बड़े बड़े रासो में शताधिक ढालें पाई जाती हैं। चार या छः ढालोंवाली छोटी रचनाओं को संख्या के अनुसार चौढालिया या छढालिया कहा गया है। अनेक प्रकार की देशियों या तर्जो में रचे होने के कारण गुणसागर सूरि के हरिवंश रास को 'ढाल सागर' भी कहा गया है। तेरहवीं से पंद्रहवी शती तक की रचनाएं चौपाई, रासा, भास वस्तु ठवणी आदि छन्दों में बनाई जाती थीं। प्राचीन रचनाओं में एक छंद के पूरे हो जाने पर एक 'कडवक' का पूरा होना माना जाता था। इसी तरह जब ढालों का प्रचार हुआ तो एक ढाल के अंत में दोहा या छन्द देकर उसे पूरा किया जाता था। ढालों में रची जाने के कारण रचना को 'ढालिया' संज्ञा भी दी गई है।

ढालों को किस देशी के तर्ज पर गाना चाहिए इसका निर्देश उन ढालों के प्रारम्भ में उस देशी की प्रारम्भिक पंक्ति उद्धृत करके किया गया है। देशियों की प्रथम पंक्तियों के इन उद्धरणों से सहस्रों प्राचीन लोकगीतों के अस्तित्व का पता चलता है। श्री देसाई ने बहुत सी देशियों का संग्रह जैन गुर्जर कविओ के परिशिष्ट रूप में प्रकाशित किया था। पर अभी इस दिशा में बहुत कार्य शेष है।

(३०-३४) प्रबंध, चरित्र, सम्बन्ध, आख्यानक, कथा— चरित्र, आख्यानक और कथा प्रायः एकार्थवाची हैं। जो ग्रंथ जिसके सम्बन्ध में लिखा गया है उसे कहीं कहीं उसके नाम से उसका 'सम्बन्ध' या 'प्रबंध' कहा गया है।

(३५-४४) सतक, बहोत्तरी, सत्तरी, छत्तीसी, बत्तीसी, इक्कीसी, इकतीसी, चौबीसी, बीसी, अष्टक आदि—

ये सब नाम रचनाओं के पद्यों की संख्या के सूचक हैं। इनमें से कई बत्तीसिया बावनी की भांति वर्णमाला के बत्तीस अक्षरों से प्रारम्भ होनेवाले पद्यों की भी हैं। चौबीसी और बीसी चौवीस तीर्थंकरों और बीस विहरमानों के स्तवनों के संग्रह रूप हैं।

(४५-५३, ८३) स्तुति, स्तवन, स्तोत्र, गीत, सज्झाय, चैत्यवंदन, देववंदन, वीनती, नमस्कार, पद आदि—

इनमें तीर्थंकरों या अन्य जैन महापुरुषों के गुणों का वर्णन है। स्तुतिप्रधान रचनाओं को स्तवन, स्तुति, स्तोत्र या गीत संज्ञा दी गई है। इनमें स्तुतियाँ चार

पर्वोंवाली होती हैं, जि हें 'थूई' भी कहते हैं। चैत्यवदन, मन्दिर में वदन करने की क्रिया विशेष है। वठकर स्तवन करते समय पहले चत्यवदन पढा जाता है। देववदन पव दिवसों के लिय विशेष अनुष्ठानरूप हैं। विनयप्रधान रचना को विनति या वीनती कहते हैं। गेय पदों की मना गीत है। साधुओं व सतियों के गुण वर्णन करनवाले तथा दुगुणो व परिहार एव सद्गुणों के स्वीकार क प्रेरणादायक गीत स्वाध्याय' या 'सज्झाय' कहलात हैं। 'पद' विशेष रूप से आध्यात्मिक गीता का कहते हैं। व राग रागनियों म गाए जात हैं।

(५४ ५८) प्रभाती मगल, साझ बधावा, गहूली आदि— प्रात काल गाए जानेवाले गीतों को 'प्रभाती' एव 'मगल' और सध्या समय गाए जानेवालों को सांझ' या 'सांझी' कहते हैं। आचार्यो व आगमन पर बधाई क रूप में गाए जानेवाले गीतो को बधावा या 'बधावणा' और आचार्यो के सम्मुख चावल के स्वस्तिक आदि की गहूँली करते समय उनके गुणवर्णनादि क जो गीत गाए जाते हैं उ हें 'गहूँली' कहते हैं।

(५६ ६) हीयाली, गूढा— जिन पद्यों का अर्थ गूढ हो उन्ह 'गूढा' कहते हैं। किसी वस्तु के नाम गुप्त रखते हुए नाम को स्पष्ट करने वाली विशेष बातों का वर्णन जिनमें किया गया हो ऐसी रचनाओं को 'ही।ली' या हरियाली' कहते हैं। हिन्दी में इन्ह कूट कहा जाता है। इनक द्वारा बुद्धि की परीक्षा की जाती है। रासो में पति पत्नी की परस्पर गाष्ठी का ज । वर्णन आता है वहाँ वे हीयालियो एव गूढाओं द्वारा परस्पर मनोरजन एव विनोद करते पाए जात हैं। प्राकृत सुभाषित ग्रन्थ 'वज्जालग्ग' म हीयाली वज्जा की पद्धति है। उसम तो हीयाली भी गूढा जैसी ही एकपद्यवाली रचना प्रतीत होती है। परतु जन कवियों की प्राप्त हीयालिया ५ ७ वा १० पद्यों तक की भी मिलती हैं। सोलहवी शताब्दी म ऐसी हीयालियों का विशेष प्रचार हुआ। ये सकडों की सख्या में मिलती हैं। लगभग पचास तो हमारे ही सग्रह म हैं। उनम कई बडी सुन्दर हैं। जन मुनियों ने अपने नित्य के व्यवहार मे आनेवाले ओघा, मुँहपत्ति स्थापनाचारी आदि से सम्बन्धित हीयालिया भी बनाई हैं। ज्ञानसार जी रचित गूढाबावनी ग्रथ हमारी ज्ञानसार ग्रन्थावली में छप चुका है।

(६१ ६४) गजल, लावणी छन्द नीसाणी आदि–जन कवियो की गजल सनक रचनाओं म नगरों और स्थानों का वर्णन है। इनकी रचना का एक विशेष प्रकार होता था। सभी गजलें उस एक ही शली में रची गई हैं। सबस प्राचीन नगर वर्णनात्मक गजल जटमल नाहर रचित 'लाहोर गजल' है जो स० १६८० के आसपास की है। भाषा

हिंदी है। अठारहवीं और उन्नीसवीं शती में गजलें रचने का बड़ा प्रचार रहा है। लगभग चालीस गजलें मैंने संगृहीत की हैं। उनकी भाषा प्रधानतया हिन्दी होने पर भी उनमें राजस्थानी के शब्दों का व्यवहार प्रचुरता से किया गया है। लावणी, नीसाणी और छन्द भी रचना के विशेष प्रकार हैं। छंद जैन तीर्थंकरों में पार्श्वनाथ के अधिक मिलते हैं। वैसे लोकमान्य देवी देवताओं के सम्बन्ध में तो काफी संख्या में मिलते हैं। सतरहवीं से उन्नीसवीं शती तक इनका प्रचार अधिक रहा। लावणी अधिक प्राचीन नहीं मिलती।

(६५-६८) नवरसो प्रवहण वाहण पारणो आदि— जिस रचना में नौ रसों का वर्णन हो उसका नामान्त पद 'नवरसा' मिलता है। स्थूलभद्र और नेमिनाथ के दो ही नवरसे ज्ञात हैं। 'प्रवहण' और 'वाहण' उन रचनाओं के नाम हैं जिनमें जहाज के रूपक का वर्णन होता है। भगवान महावीर आदि तपस्वियों के पारणे का जिसमें वर्णन हो ऐसी रचना की संज्ञा 'पारणा' रखी गई है।

(६९-७०) पट्टावली गुर्वावली— इनमें जैन गच्छों की आचार्य परम्परा का इतिवृत्त संकलित किया गया है। पट्ट परम्परा या गुरु परम्परा का वर्णन होने से इसका नाम पट्टावली या गुर्वावली प्रसिद्ध है।

(७१-७२) हमचड़ी हीच— तालियों से ताल देते हुए और संगीत की लय के साथ पावों से ठेका देते हुए रास की भांति गोलाकार घूमते हुए जिस रचना को पुरुष गाते हैं उसे 'हीच' और जिसे स्त्रियां गाती हैं उसे 'हमचड़ी' कहते हैं। कभी-कभी पुरुष और स्त्रियां साथ साथ भी गाती हैं। इस संज्ञावाली जैन रचनाएं दो चार ही मिलती हैं।

(७३-७५) माला मालिका, नाममाला, रागमाला आदि— जिन रचनाओं में तीर्थंकरों के विशेषणों या साधुओं के नामों की माला गुम्फित की गई हो उन्हें नाममाला मुनिमालिका, आदि संज्ञा दी जाती है। शील के रूपकों के नामोंवाली रूपकमाला संज्ञक दो जैन रचनाएं सोलहवीं शती की प्राप्त हैं। जिन रचनाओं में राग रागनियों के नामों को ग्रथित किया हो उन्हें *रागमाला कहा जाता है।*

(७६) कुलक— जिस रचना में किसी शास्त्रीय विषय की आवश्यक बातें संक्षेप में संकलित की गई हों या किसी व्यक्ति का संक्षिप्त परिचय दिया गया हो उसकी संज्ञा 'कुलक' या 'कुलउ' दी गई है। प्राकृत एवं अपभ्रंश में सैकड़ों कुलक मिलते हैं जिनकी सूची संकलित करके मैंने जैनधर्म प्रकाश वर्ष ६४ अंक ८, ११, १२ में

प्रकाशित की है। राजस्थानी म सोहलवी सतरहवी शताब्दी के कुछ फुलक प्राप्त हैं।

(७७) पूजा— जनागम रायपसेणीय सूत्र म तीर्थंकरों की मूर्ति म सतरह प्रकार की पूजन विधि का वणन है। जबूद्वीपपन्नत्ति आदि मे तीथकरों की ज माभिषेक विधि का विस्तृत विवरण है। मध्यकाल मे अष्ट प्रकार की पूजा का बडा प्रचार रहा। इसके सबध म प्राकृत भाषा म कथाग्र थ भी मिलते हैं। उन पूजाओ मे से स्नात्रविधि पहले सस्कृत मे की जाती थी और पीछे अपभ्रश के जन्माभिषेक और वणन भी इसी विधि मे सम्मिलित कर दिए गए। पन्द्रहवी शताब्दी तक तो यही क्रम चालू रहा, पर सोलहवीं मे कवि देपाल ने तत्कालीन भाषा मे स्नात्रविधि की रचना की। फिर इस स नात्रवाली अनेक पद्य रचनाएँ राजस्थानी और गुजराती मे बनना चली गई। अष्टप्रकारी पूजा भी पहले एक एक श्लोक बोलकर कर नी जाती थी। पीछे मे उसके विस्तृत वणनवाली पूजाए भी लोकभाषा म रची गई। अन्य पूजाओं मे भी इन आठ प्रकारो को महत्व दिया गया है। सत्तरभेदी पूजा का सतरहवी शताब्दी मे तपागच्छीय सकलचद और खरतरगच्छीय साधुकीर्ति आदि न सवप्रथम लोकभाषा मे निर्माण किया। पूजाओ का प्रचार उन्नीसवीं शताब्दी मे बडे जोरो से हुआ। फलत पचासो विविध नामोवाली पूजाओ का उन्नीसवी शती से अब तक निर्माण होता रहा है।

(७८) गीता— भगवद्गीता का प्रचार विगत कई शताब्दियो से बढता चला आ रहा है अत गीता' शब्द की लोकप्रियता से आकर्षित होकर कुछ जन विद्वानों न इस नामात पद्यवाली रचनाएँ भी की हैं, जिसका कुछ परिचय मैंने 'श्रमण', वष २ अक ६ मे गीता सज्ञक जन रचनाए' लेख मे दिया है।

(७६ ८०) पटटाभिषेक निर्वाण, सयमश्री विवाह वणन आदि— जिस रचना में जनाचार्यो के पटटाभिषेक (आचाय पद प्राप्ति) का वणन हो उसे 'पटटाभिषेक रास एव जिसमे उनको स्वग प्राप्ति या निर्वाण वणन हो उस 'निर्वाण तथा जिसमे दीक्षा वणन की प्रधानता हो उसे 'सयमश्री विवाह वणन' सज्ञा दी गई है।

संधि सज्ञक काव्य

अपभ्रंश भाषा उत्तर-भारत की बहुत सी प्रमुख भाषाओं की जननी है अत उन भाषाओं के समुचित अध्ययन के लिये अपभ्रंश के सांगोपांग अध्ययन की अत्यन्त आवश्यकता है। हर्ष की बात है कि कुछ वर्षों से विद्वानों का ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ है और अपभ्रंश साहित्य के अन्वेषण अध्ययन एवं प्रकाशन का कार्य दिनोदिन आगे बढ़ता जा रहा है। प्रोफेसर हीरालालजी जैन का अपभ्रंश भाषा का बहुत अच्छा अध्ययन है। इसी प्रकार प० परमानन्दजी के अन्वेषण से अनेक नवीन तथा अज्ञात अपभ्रंश ग्रंथों का पता लगा है। बहुत दिनों से मेरी इच्छा थी कि अपभ्रंश साहित्य पर पूर्ण प्रकाश डालने वाला इतिहास ग्रंथ तय्यार किया जाय। दो तीन वर्ष हुए मैंने उक्त दोनों विद्वानों को पत्र लिख कर अपभ्रंश साहित्य का इतिहास लिखने का अनुरोध भी किया था। उत्तर में प्रोफेसर साहब ने सूचित किया कि उन्होंने इस विषय में एक विस्तृत निबंध लिख कर नागरी प्रचारिणी-पत्रिका में प्रकाशनार्थ भेजा है। प० परमानन्दजी ने लिखा कि वे एक ऐसा ग्रंथ लिखने की तय्यारी कर रहे हैं। अत मैंने विचार किया कि इन दोनों अधिकारी विद्वानों की कृतियां प्रकाशित होने पर ही मेरा कुछ लिखना उचित होगा और मैंने अपना इस संबंध का शोध कार्य स्थगित कर दिया। इसीबीच में शांति निकेतन में प० हजारीप्रसाद द्विवेदी से भेंट होने पर उन्होंने अपभ्रंश साहित्य पर लिखने के लिये स्नेहानुरोध किया परन्तु अपभ्रंश साहित्य दिगंबर जैन विद्वानों का रचा हुआ ही अधिक है और मेरी ओर दिगंबर साहित्य की कमी है अत इस कार्य को हाथ में लेना उचित प्रतीत नहीं हुआ।

अभी कुछ दिन पूर्व नागरी प्रचारिणी-पत्रिका में प्रकाशित प्रोफेसर हीरालाल जी का निबन्ध दृष्टिगत हुआ और विश्व भारती आदि पत्रिकाओं में श्रीयुत रामसिंह तोमर के लेख भी पढने में आये। इनसे पुराने विचार को नवीन प्रेरणा मिली और इस विषय में शोध का कार्य आरम्भ किया जिसके फल-स्वरूप पांच-सात निबन्ध लिखे गये जिनको पाठकों के सम्मुख उपस्थित करने का श्रीगणेश इस निबन्ध द्वारा किया

जा रहा है।

प० परमानन्द जी इस विषय मे क्या नवीन जानकारी देते हैं यह जानना अभी शेष है अत अभी मैं उन्हा बाता पर प्रकाश डालूंगा जिनके सम्बन्ध में इन दोनो दिगबर विद्वानो की जानकारी बहुत सीमित होगी, अर्थात श्वेताम्बर विद्वानों के रचे हुए साहित्य पर। यदि समय और सयाग ने साथ दिया तो विशेष विचार भविष्य मे किया जायगा।

अपभ्रश साहित्य की चर्चा करते समय श्वेताम्बर विद्वानो की अपभ्रश साहित्य की महान सेवा को भुलाया नही जा सकता। जिस प्रकार दिगबर ग थकारो न अपभ्रश के बडे-बडे महाकाव्य लिखे हैं उसी प्रकार श्वेताम्बर विद्वानो ने विविध नामा और प्रकारा वाले लघु काव्य लिखने म कौशल का परिचय दिया है। परवर्ती श्वेताबर साहित्यकारा को अपभ्रश के इस लघु-काव्य-साहित्य स बडी भारी प्रेरणा मिला जिसस उनने इन विविध परम्पराओ को अक्षुण्ण ही नहीं रखा कि तु व उन्हे विकसित करन और नय नय अनक रूप देने मे समथ हुए। सधिकाव्य की परम्परा भी एक एसी ही परम्परा है और उसी के विषय में प्रकाश डालने का प्रयत्न इस निब ध म किया जा रहा है।

प्रस्तुत लेख के लिखने की प्रेरणा मुनि श्री जिनविजयजी क एक पत्र स मिला जिस म उनने लिखा था—

मेरी एक विद्यार्थिनी, जो पी एच० डी० का अभ्यास कर रही है, वह कुछ अपभ्रश आदि की सधि, जस आनन्द सधि, भावना सधि, केशी गोयम-सधि इत्यादि प्रकार के जो सधि प्रकरण हैं, उनका एक सग्रह कर रही है और सधि के स्वरूप आदि के विषय मे शोध कर रही है। अभी उसने जिक्र किया और आपको पत्र लिखने बठा। इससे स्फुरित हुआ कि आपके पास वैसी बहुत सी कृतिया होगी। अगर हो तो भज दें ताकि उनका अच्छा उपयोग हो। च दनदास सधि, सुबाहु सधि आदि एस अनेक प्रकरण हैं। पाटण वगरह में कुछ प्रतियाँ हैं। उनको भी यथावकाश प्राप्त करने का प्रयत्न करूं गा। पर इससे पहले आपके पास से जल्दी सुलभता के साथ मिल सकेंगी एसी आशा स आपको लिख रहा हूँ।

मुनिजी का अनुमान सही निकला। अपन म ग्रह की सूची को ध्यान से देखन पर उसम बहुत बडी सख्याम सधि काव्य प्राप्त हुये। अपभ्रश सधि काव्या के साथ साथ अठारह-बीस परवर्ती सधिकाव्य भाषा के भी उपलब्ध हुए। इनके अतिरिक्ति बीकानेर वृहद ज्ञान

भडार आदि ग्र या य सग्रहा मे भी सधिका योकी अनेक प्रतिया विद्यमान है जिनमेंसे कई ग्र क नवीन भी हैं।

सधि नाम का ग्रय

अपभ्र श मे सधि शब्द सस्कृत के सग या अध्याय के अथ में आता है। आचार्य हेमचन्द्र लिखते हैं—

पद्य प्राय सस्कृत प्राकृत पभ्र श ग्राम्य भाषा निबद्धभि ना त्यवृत्त सर्गा ऽऽश्वास-सध्यवस्कधक बध सत्स धि शब्दाघ वचिन्योपेत महाकाव्यम् ।

इससे जान पडता है कि स स्कृतके महाकाव्य सर्गों म प्राकृतके महाकाय आश्वासो म, अपभ्र श के महाकाव्य स धियो में और ग्राम्यभाषा के महाकाव्य अवस्कधो मे विभक्त होत थ। परवर्ती कवियों न अ क स धिवाल खडका याको स धिकाव्य नाम दिया।

महाका यका प्रत्यक स घि अनक कडवकों म विभक्त होता था। इन स धिका यो में से कई कडवका म विभक्त हैं कई नही है।

अपभ्र श के सधि काव्य

हमारी शोघ स अभी तक नीच लिखे अपभ्र श के स धिकाव्योका पता चला है —

(१) अनाथि-स धि

कर्ता—जिनप्रभ सूरि

समय—स वत १२९७ के लगभग।

कथा वस्तु के लिये उत्तराध्ययन सूत्र देखना चाहिये ।

आदि—जस्स उजवि माहप्पा परमप्पा पाणिणो लहूँ हुंति
त तित्थ सुपसत्थ जयइ जमे वीर जिण-पहुणो
विसमेहि विनडिउ कसाय जगडिउ हा अणाहु तिहुयण भमइ
जो अप्प जाणइ सम सुहु माणइ अप्पारामि सु अभिरमइ
रायगिहि नयरि सेणीउ राउ गुरुभत्ति निवेसिय वीयराउ
सो अन्न दिवसि उज्जाणि पत्तु मुणि पिक्खवि पणमइ नमिय गत्तु

अत— चाउ चउ सरणु गमणो दाणाइ सु धम्म पत्त पाहेउ
सीलग रहारूढो जिणपह पहिम्रो सया सुहिम्रो
अणाथिया सधि ॥ कडव ॥२॥

(२) जीवानुशास्ति सधि

कर्त्ता— जिनप्रभ

आदि— जस्स वहाणज्जवि तव सिरि ममलक्यिा जिया हुँति
सो णिच्च वि अणघो स घो भट्टारगो जयइ ॥१॥
मोहारिहि जगडिय विसर्मीहि विनडिय
तिव्व दुक्ख-खडिय खडियइ चिरु
ससार विरत्तह पसमिय चित्तह
सत्तह देमि गुसट्ठि निरु ॥२॥

अत— इय विविह-पयारिहि विहि अणुसारिहि
भाविहि जिणपहु मणुसरहु
सुत्तेण य पवरिहि आणासु तरिहि
भवियण भव सायरु तरहु ॥३१८॥
जीवानुशास्ति सधि समात्त

(३) मयणरेहा सधि

बिस्तार— कडवक ५

कर्त्ता— जिनप्रभ

समय— सवत १२९७, आश्विन शुक्ला ६

आदि— निरुवम-नाण निहाणो पसम पहाणो विवय सनि०ाणो
दुग्गइ दार पिहाणो जिन घम्मो जयइ सुह कामो ॥१॥
सुमरिवि जिण सासणु सुह निहि सामगु
सिरि नमि महरिसि मणि घरिउ
पभणिसु ससेविहि मयणरेह महा-सइ चरिउ ॥२॥

अत— श्रेसा महा-सईम्रे सधी सघीव सजम निवास
ज नमि निवरिसणा सह ससवकरा खीर सजोगो ॥२॥
वारह सत्ताणउम्रे वरिस आसोअ सुद्ध छट्ठिमे
सिरि सघ पत्यणाय अय लिहिय सुआभिहिय ॥३॥
मयणरेहा सधि समात्त ॥

(४) वयरसामि संधि

कर्त्ता— वरदत्त (?)

आदि— अह जण निसुणिज्जउ क नु धरिज्जउ
वयरसामि मुणिवर चरिउ

अंत — मुणिवर वरदत्ति जाणहर भत्ति वयरसामि— गणहर— चरिउ।
साहिज्जइ भावि मुच्चइ पावि जि तिहुयणु निय गुण भरिउ ॥६६॥
चरिउ सुसारउ भविय वियारउ वइरसामि गणहर— चरिउ।
जो पढइ क्रियायर गुण रयणायर सो लहु पावइ परम पउ।
वइरसामि संधि समाप्त ॥

(५) अंतरंग-संधि

कर्त्ता— रत्नप्रभ

आदि— पणमवि दुह खडण दुरिय विहडण जगमडण जिण सिद्धिठिय
मुणि क न रसायणु गुण गण भायणु अंतरंग मुणि संधि जिय ॥१॥
इह अत्थि गामु भव बाम णामु बहु जीव ठामु विसयाभिरामु
दीसंति जत्थ अणन्ति छेह बहु रोग सोग दुहु जोग गेह ॥२॥

अंत— अहि अंतह कारणु विस उत्तारणु ज गुलिमंतह पत्तणु जिम
कय सिव सुह-संधिहि अह सुसंधिहि चितणु जाणु भविय ! तिम ॥१८॥
इति अंतरंग संधि समाप्त। इति नवमाधिकार ॥

(६) नमदासुन्दरी संधि

कर्त्ता— जिनप्रभ शिष्य

समय— संवत १३२८

आदि— अज्ज वि जस्स पहावो वियलिय पावो य ऊवलिय पयावो
त वद्धमाण— तित्थ नदउ भव— जलहि— वोहित्थ ॥१॥
पणमवि पणइदह वीर जिणवह चरण कमलु सिवलच्छि कुलु
सिरि-नमयासुन्दरि गुण जल सुरसरि विवि चुणिवि निउ जम पलु ॥२॥
सिरि वद्धमाणु पुर अत्थि नयह तहि मयइ नरवइ धम्म पवह
तहि वसइ सु सावगु उसहसणु अणुदिण जसु मणि जिणनाह वयणु ॥३॥

तम्भज्ज वीरमइ कुक्खि-जाय दो पवर पुत्त तह इक्क धूम।
प्रत्येक वस्तु की संज्ञा का कुछ न कुछ कारण होता है। उस संज्ञा की अपनी परम्परा होती है, जिसका अन्वेषण बड़ा रोचक और ज्ञानवर्द्धक होता है। साहित्यिक रचनाओं के नामों के भी विविध प्रकार हैं। कई रचनाओं को उसके आद्य पद से प्रसिद्धि हो जाती है जैसे "भक्तामर" 'कल्याण मन्दिर' आदि। कई रचनाओं का नामकरण उनके विषय पर तथा कई रचनाओं का पद संख्या के आधार पर। लोकभाषा की रचनाओं में उनके विशेष ढाचे वर्ण्य-विषय छन्द आदि के आधार से सकड़ों संज्ञाएँ पायी जाती हैं। जैसे फागु विवाहलउ, रास, भास, धवल, धमाल चचरी, वेलि, संवाद, संधि, पवाड़ा आदि सैकड़ों राजस्थानी एवं गुजराती भाषा की जैन रचनाएँ पायी जाती हैं। जिनमें से कुछ रचनाओं का परिचय मैंने एवं प्रो० हीरालाल रसिकदास कापड़िया ने जैन सत्यप्रकाश जनधर्म प्रकाश, राजस्थानी, कल्पना श्रमण आदि में प्रकाशित किया है। ऐसी रचनाओं की लगभग १२५ संज्ञाए मैंने एकत्रित की हैं जिनमें से कुछ पर अपने राजस्थान विश्वविद्यापीठ उदयपुर के सूयमल आसन मे दिये हुए भाषण "राजस्थानी जन साहित्य" शीर्षक में प्रकाश डाला है। यहा पर एक ऐसी अप्रसिद्ध संज्ञावाची रचना का परिचय दिया जा रहा है जिसका आज तक "जैन गुर्जर कवियों' आदि किसी ग्रन्थ में उल्लेख देखने में नहीं आया।

बारह वर्ष हुए जैसलमेर के ज्ञान भण्डारों का अवलोकन करने के लिये हम प्रथम बार जब वहा पहुँचे तो वहा के बड़े ज्ञानभंडार आदि की समस्त कृतियों का भली भांति अवलोकन कर कतिपय प्राचीन संग्रह प्रतियों में से प्राचीन राजस्थानी की रचनाओं की प्रतिलिपियां कीं। तभी सब प्रथम हमें 'रेलुआ' संज्ञक चार पाच रचनाओं की उपलब्धि हुई जो सभी खरतरगच्छीय रचनायें हैं और उनका रचनाकाल सं० १३३१ से १३८८ के बीच का है। अभी तक इसके पहले और पीछे की किसी शताब्दी की इस संज्ञावाली रचना हमारे जानने में नहीं आयी।

रेलुआ' स ज्ञावाली प्राप्त रचनाओं म उनके रचयिताओं ने कही भी इस नाम का प्रयोग नहा किया है। उन रचनाओं म इस स ना का उल्लेख प्रतिलेखन पुष्पिका म पाया जाता है। प्राप्त सभी रचनाओ का छन्द एक ही प्रकार का है, और लोकगीतो की भांति पहले पद्य के अन तर प्रत्येक गाथा के बाद दुहरायी जान वाली आचली पायी जाती है, इसस रेलुआ नामक किसी लोक गीत की चाल म इन गीतों का निर्माण हुआ है और इसी कारण इन रचनाओ के अ त मे रेलुआ स ना का प्रयोग कर दिया गया है। रेलुआ को कही रेल्हुआ भी लिखा है। य लोक गीत मूलरूप म क्या था इसका पता लगाना आवश्यक है।

प्राप्त रचनाओं में शालिभद्र रेलुआ' भगवान महावीर कालीन मुनिराज क स बन्ध म तथा अवशिष्ट सभी खरतरगच्छाचार्यों या उनकी परम्परा से सम्बन्धित है। जसलमर क बडा उपाश्रय स्थित पचायती भडार म स० १४३७ वसाख शुक्ला २ खरतरगच्छाचाय जिनराजसूरिजी के उपदेश व्य० देदा की पुत्री माकूर श्राविका ने लिखायी हुई स्वाध्याय पुस्तिका लिखी थी जिसके प्रारभ एव मध्य के कई पत्र प्राप्त नही है ये रेलुआ स ज्ञक रचनाए इसी प्रति मे प्राप्त हुई है। प्राप्त रचनाओ की सू इस प्रकार है —

१ जिनकुशलसूरि रल्हुआ — गा० १० जयधमगणि पत्राक ४१२ म
२ शालिभद्र रेलुआ — गा० ८ पत्राक ४१४ म
३ गुरावली रलुआ — गा० १३ सोममूर्ति पत्राक ४३८
४ श्री जिनच द्रसूरि रल्हुआ — गा० ८ चारित्रगणि पत्राक ४४०
५ जिनप्रबोध सूरि वणन (रेलुआ) गा० १० पद्मारत्न पत्राक

अब यहा इन रचनाओ का आद्य पद दिया जाता है, जिसस इसकी रचना व छन्द सम्ब धी ठीक से पाठकों को परिचय मिल जायगा।

श्री जिनकुशलसूरि रेल्हुआ आदि पद

धनु धनु जल्हो मतिवरु धनु जयतनदेविय इत्थय गुणसपुन्न।
जाह तणइ कुलि अव-रिउ परवाइय गजणो सिरि जिणकुशल मुणिंद ॥१॥
हलि हलि गुरु गिहिमाह मालिहयइ जिणकुशलसूरि गुरु सनिग्गइ।
लब्भइ जिन भव पार ए ॥ आचलो ॥

श्री सालिभद्र रेलुश्रा श्रादि पद

राजगही उद्यानपति श्रमि वीर समसरिउ घन एसउ सालिभद्र।
निय निय रिय मनु हरपियउ, त्रिभुवनगुरु पूछियउ वदाविसु सुभद्र ।१॥
तर तेय मुनि वेउ पागुरिया धनु सालिभद्र
विहरण चलिया निय जणणि हामि पारिसउ ॥२॥ श्रावली

गुरावली रेलुश्रा श्रादि पद

वर्धहिमगु जिणि पयडु करि सहि श्रणहिल पाटणि वाद्दय जगि जसढक्क
सो जिणेसरसूरिगुरुरयणमणि भावहि जे नर ते समारह चक्क ॥१॥
नर जुगपहाण गुरुवरिय हाट निय कठि तउ तिय लोय सारू।
ए मुक्तिरमणि जियु तुम्ह वरेइ ॥ श्रचला ॥

'रलुआ' स ज्ञावाली प्राप्त रचनाओं म उनक रचयिताओं ने कही भी इस नाम का प्रयोग नही किया है। उन रचनाओं के इस स ना का उल्लेख प्रतिलेखन पुष्पिका म पाया जाता है। प्राप्त सभी रचनाओं का छन्द एक ही प्रकार का है, और लोकगीतो की भाति पहले पद्य के अनन्तर प्रत्येक गाथा क बाद दुहरायी जाने वाली आवली पायी जाती है, इसस रेलुआ नामक किसी लोक गीत की चाल म इन गीतों का निर्माण हुआ है और इसी कारण इन रचनाओ के अ त मे 'रेलुआ स ज्ञा का प्रयोग कर दिया गया है। 'रेलुआ को कही रल्हुआ' भी लिखा है। य लोक गीत मूलरूप म क्या था इसका पता लगाना आवश्यक है।

प्राप्त रचनाओं मे 'शालिभद्र रलुआ' भगवान महावीर कालीन मुनिराज के स बन्ध म तथा अवशिष्ट सभी खरतरगच्छाचार्यो या उनकी परम्परा स सम्बन्धित है। जसलमर के बडा उपाश्रय स्थित पचायती भडार म स० १४३७ वशाख शुक्ला २ खरतरगच्छाचाय जिनराजसूरिजी क उपदेश न्य० देदा की पुत्री माकूर श्राविका ने लिखायी हुई स्वाध्याय पुस्तिका लिखी थी, जिसके प्रारभ एव मध्य के कई पत्र प्राप्त नही है ये रेलुआ स नक रचनाए इसी प्रति मे प्राप्त हुई है। प्राप्त रचनाओ की सूची इस प्रकार है —

१ जिनकुशलसूरि रल्हुआ — गा० १० जयधमगणि पत्राक ४१२ म
२ शालिभद्र रेलुआ — गा० ८ पत्राक ४१८ म
३ गुरावली रलुआ — गा० १३ सोममूर्ति पत्राक ४३८
४ श्री जिनच द्रसूरि रल्हुआ — गा० ८ चारित्रगणि पत्राक ४४०
५ जिनप्रबोध सूरि वणन (रेलुआ) गा० १० पद्मारत्न पत्राक

अब यहा इन रचनाओ का आद्य पद दिया जाता है जिसस इसकी रचना व छन्द सम्बन्धी ठीक से पाठकों को परिचय मिल जायगा।

श्री जिनकुशलसूरि रेल्हुआ आदि पद

धनु धनु जल्हो मन्त्रिवरु धनु जयतचदेविय इत्थाय गुणसपुन्न।
जाइ तणइ कुक्षि अवतरिउ परवाइय गमणो सिरि जिणकुशल मुणिंद ॥१॥
हलि हलि गुरु गिहिमाह मालिहयइ जिणकुशलसूरि गुरु सनियइ।
लब्भइ जिन भव पार ए ॥ अचली ॥

श्री शालिभद्र रेलुआ आदि पद

राजगृही उद्यानपति भमि वीरु समसरिउ धन्न दहउ सालिभद्र।
नित नित दिन मनु हरषियउ, त्रिभुवनगुरु पूछियउ नदाविसु सुभद्र । १॥
तउ तेथ मुनि वड पागुरिया धनु सालिभद्र
विहरण चलिया निय जणणि हाथि पारिसउ ॥२॥ आवली

गुरु आवली रेलुआ आदि पद

वन्दिमग्गु जिणि पयडु करि सहि अणहिल पारणि बाद्दय जगि जसदक्क
सो जिणेसरसूरिगुरुरयणमणि भावहि जे नर ते ससारह थक्क ॥१॥
नर जुगपहाण गुरुवरिय हारु निय कठि तउ तिय लाय सारू।
ए मुक्तिरमणि जिणु तुग्ह वरेइ ॥ आवली ॥

पवाडा संज्ञक रचनाएं

भारत का एक विशाल देश है। प्रारम्भ से ही यह अनेक प्रदेशा के समूह के रूप मे विख्यात रहा है। जन परम्परा के अनुसार इसका भारत नामकरण भ ऋषभदेव के ज्येष्ठ पुत्र भरत क नाम पर हुआ है। भ० ऋषभदेव ने त्यागी जीवन स्वीकार करने से पूव अपने अन्य ९९ पुत्रो को अपना राज्य बाट दिया था। उन्होंने जिस जिस प्रदेश पर राज्य किया वह वह प्रदेश उसके नाम से प्रसिद्ध हो गया। समय समय पर शासकों के नाम बदलते गय तथा इनकी सख्या घटती बढती रही। जनागमो में २५॥ आर्यदेशों के नाम पाए जाते हैं और बौद्ध ग्रन्थो मे १६ जनपदों का उल्लेख है। वसे थोडी दूर पर भी रीति रिवाज आदि में भिन्नता पाई जाती है अत प्रदेशों मे तो पारस्परिक भिन्नता अधिक मात्रा मे पाया जाना स्वाभाविक ही है। जनागमों मे १८ प्रकार की भाषाओं का भी उल्लेख है पर उनके नाम नहीं मिलत। वसे मागधी मगध देश का, शौरसनी— शूरसेन (मथुरा) प्रदेश की महाराष्ट्री महाराष्ट्र की इस प्रकार भिन्न प्रदेशों की विशेषता को प्रधानता देकर उन प्रदेशों के नाम से ही भाषाओं के नाम प्रसिद्ध रहे है। वि० स० ८३५ मे रचित कुवलयमाला नामक जैन ग्रन्थ में तत्कालीन प्रसिद्ध १८ देशी भाषाओं के उल्लेख के साथ १६ भाषाओं की विशेषताओं के उदाहरण भी दिए गये है, जो हमारी प्रान्तीय भाषाओं की प्राचीन विशेषताओं पर महत्वपूर्ण प्रकाश डालते हैं।

भारत की प्रधान प्रान्तीय भाषाओं के क्रमिक विकास का अध्ययन करने के लिये जन साहित्य बहुत ही महत्वपूर्ण साधन है। जनों का प्राचीन साहित्य अर्धमागधी प्राकृत म है जो कि ढाई हजार वष पूव मगध तथा उसके आस पास के प्रदेश की भाषा थी। इसके बाद जब जन धम का प्रचार शूरसेन महाराष्ट्रादि पश्चिमी तथा दक्षिण प्रदेशों की ओर बढने लगा तो जनाचार्यों ने इन प्रदेशों की भाषाओं मे भी ग्रन्थ रचना प्रारम्भ की। जहा तक महाराष्ट्री भाषा के विकास क्रम के अध्ययन का प्रश्न है, महाराष्ट्री प्राकृत में जन साहित्य विपुल परिमाण में पाया जाने क कारण बहुत भी उपयोगी

सूचनाएं इन ग्रन्थों से मिल सकती है। पर खेद का विषय है कि महाराष्ट्री विद्वानों ने अभी तक इस ओर यथोचित ध्यान नही दिया है। प्राकृत के पश्चात अपभ्रंश भाषाएं लोक सभा के पद आरूढ़ हुई। अपभ्रंश भाषाओं का अधिकांश साहित्य भी जन विद्वानों की ही देन है। इन ग्रन्थों का भी भली भांति उपयोग होना चाहिए। कुवलयमाला में महाराष्ट्री की विशेषता इस प्रकार व्यक्त की है—

'दिण्णल्ले गहिल्ले वल्लविटे तत्थ मरहट्ठे।
पिम्र-महिला समामे सुन्दर गत्तोय भोइए रोद्दे॥"

संस्कृत छाया—

'दिण्णल्ले गहिल्ले वल्लपतस्तत्र महाराष्ट्रीयान्।
प्रियमहिलासग्रामान् सुन्दरगात्रांश्च भोगिनो रौद्रान्॥"

जसा कि श्रीयुत प्रभाकरजी माचवे ने 'कल्पना' के प्रथमांक मे प्रकाशित अपने लेख में लिखा है प्रत्येक भाषा का अपना वशिष्टय होता है, उसकी अपनी सांस्कृतिक परम्परा होती है। परन्तु जहां तक भारत की प्रान्तीय भाषाओं का सम्बन्ध है, उन सब में अपनी अपनी विशेषता होने पर भी सब में एक सूत्रता और सामान्यता भी है।' वास्तव में आपके ये शब्द बहुत ही तथ्यपूर्ण हैं। वर्तमान प्रान्तीय भाषाओं का विकास अपभ्रंश भाषाओं से हुआ है इसलिये छंद, शैली, शब्दावली आदि की दृष्टि स ही नहीं, ग्रन्थों के नामकरण में भी प्रान्तीय भाषाओं का साहित्य अपभ्रंश भाषाओं का बहुत ऋणी है। इधर दो तीन वर्षो स राजस्थानी, गुजराती, हिन्दी, बगला आदि के प्राचीन ग्रन्थों के नामों पर विचार करने की ओर ध्यान गया तो यह बात और भी स्पष्ट हो गई। अपभ्रंश काल मे समान प्रकार के ग्रन्थों के नाम रखने की यह प्रथा चल पडी थी कि सब नामों के अन्त में एक ही पद (यथा रासो मगल आदि) जोड़ा जाता था। इस प्रकार के 'नामान्त पदों में से एक का प्रचार एक प्रदेश में हुआ तो दूसरे का दूसरे प्रदेश में। राजस्थान एव गुजरात की सीमा मिली होने से प्राचीन राजस्थानी एव प्राचीन गुजराती एक ही भाषा के दो नाम समझिए। १५वीं शती से इनका पारस्परिक भेद कुछ स्पष्ट होन लगा था। इससे पूर्ववर्ती दोनों प्रान्तों की लोक भाषा की रचनाओं में विशेष भेद नहीं है। अत नामान्त पदों की भी एकता स्वाभाविक ही है। फागु विवाहला, रास, चोपाई बेलि, सधि, सलोका, धमाल, धवल, बावनी सज्झ

रचनाए दोनों भाषाओ में पाई जाती हैं। हिन्दी भाषा म राम की सज्ञा रासो के रूप में प्रसिद्ध है। वसे हिन्दी में मैनासत हरिचन्द सत आदि सत नामान्त वाली रचनाओं की परम्परा भी अपभ्रश साहित्य से ही आई है। बगाल में मगल नामान्त वाले बहुत से काव्य मिलते हैं तो हिन्दी एव राजस्थानी में भी रुक्मणी मगल सज्ञक काव्य उपलब्ध है। इसी प्रकार महाराष्ट्री साहित्य में शिवाजी महाराज के समय पवाडा नामान्त वाली रचनाओं का प्रचुरता से निर्माण हुआ। मामवेजी के उपयुक्त लेख मे इनके सम्बध में यह कहा गया है—

'वामन पडित और मोरोपत जसे पडित कवियों के बाद मध्ययुगीन मराठी साहित्य की दूसरी उल्लेखनीय विशेषता है "पोवाडो' नामक वीर काव्य। इसमें युद्ध या अन्य प्रसग-विशेष के वर्णन, वीरों की जीवनिया और ऐसे ही ओजस्वी विषय रहते हैं। "शाहिरों' का एक पूरा फड (दल) इसे गाता है और लबी कविता होने से उसम प्रसंगानुसार गद्य भी आ जाता है। ऐसे प्राय ३०० ऐतिहासिक पोवाडे मिलते हैं। अज्ञानदास का 'अफजल खा-वध' और तुलसीदास का तानाजी मालसुरे य दो छत्रपति शिवाजी काल के पोवाडे बहुत विख्यात हैं। सन् ४२ म ऐसे ही जनकाव्य इसी शली में लिखे गये।'

'जनवाणी' के गत जनवरी के अक म प्रकाशित प्रो० महादेव सीताराम दूसरकर के "प्राचीन मराठी साहित्य' शीर्षक लेख में भी उपयुक्त आशय का ही वक्तव्य है। आपने लिखा है— सबसे पुराना पवाडा अगिनदास का मिलता है जो अफजल खान के वध पर लिखा गया है। पवाडों की उत्पत्ति धर्म मूलक है। प्रथम साधु सन्तों के चरित्रों पर बाद मे जब मराठे राजनीति मे अग्रसर होने लगे तब वीर मराठो के पराक्रम और बहादुरी पर गीत (पवाडे) गाये जाने लगे। मराठा के सामान्य विस्तार के साथ पवाडों का क्षेत्र भी व्यापक होता गया। अगिनदास अपने ऊपर निर्दिष्ट अफजलखा के पवाडे में कहते हैं—

'यह सूरवीर पुरुषों का पवाडा सूरवीर ही सुनें।'

गयाप्रसाद एण्ड सन्स आगरा से प्रकाशित तथा नारायण वासुदेव गाडवाले द्वारा लिखित "मराठी साहित्य का इतिहास" हाल ही में मुद्रित हुआ है। उसमें पृ ७० से ८७ में पवाडों के सम्बन्ध में कुछ विशेष वर्णन पाया जाता है। पर उसका सार यही

है कि मराठी भाषा में पवाडे शिवाजी महाराज के समय से पहले प्राप्त नहीं है। श्री शिवाजी कालीन पवाडे भी ७८ ही उपलब्ध हैं। ये १९वीं शती में अधिक रचे गये। पवाडे वीर गीत के रूप में होने से महाराष्ट्री शब्द कोशादि में पवाडे का प्रयोग, अर्थ ही 'वीराच्या पराक्रमाचे विद्वानाच्या आढिमत्तेच, तसच एखाद्याचे सामर्थ्य गुण कौशल, इ काचे काव्यात्मक वर्णन, प्रशस्ति, स्तुति स्तोत्र पराक्रम कीर्ति' दिया जाता है। अर्थात् वीरों के पराक्रम का वर्णन करने वाले काव्य के अर्थ में पवाडा शब्द रूढ हो गया है।

यहां तक मराठी साहित्य मे पवाडों की प्रचुरता, लोक प्रियता एवं प्राचीनता तथा शब्दार्थ पर विद्वानो के मत दिये गये। अब गुजराती एवं राजस्थानी साहित्य में पवाडा शब्द किस अर्थ में प्रयुक्त किया गया है इस पर विचार किया जायगा।

स० १४५३ के चैत्र सुदी १० को जाखो मणिहार रचित हरिश्चंद पुराण कथा के प्रारम्भ में दो बार 'पवडो' शब्द व्यवहृत पाया जाता है—

बुद्धि बुद्धि मति दकर करउ पसाउ
ज्यू पुरि पवडो हरिचन्द्र राउ।

तथा— कह कवित मत लावो वार,
सत हरिचद पवडो ससार।

जहाँ तक पवाडा संज्ञक रचनाओं की प्राचीनता का सम्बन्ध है— सर्व प्रथम जैनाचार्य हीरानन्द सूरि के स० १४८५ में रचित विद्याविलास चरित में उसे पवाडो की संज्ञा दी गई है।

विद्याविलास नरिंद पवाडो, हइडा भीतर जाणी।
अतराइ विण पुण्य करो तुम्हि, भाव घणेरो आणी॥

यहाँ पवाडो शब्द चरित काव्य के अर्थ में प्रयुक्त है। विद्याविलास की कथा वीर रसात्मक नहीं है अपितु इस वचन के अनुसार प्रेम और कौतुक रस प्रधान है। अतः उस समय तक 'पवाडो' शब्द वीर गीत के अर्थ में रूढ नहीं हुआ था, यह स्पष्ट है।

इसके परवर्ती उपलब्ध पवाडा जैन कवि ज्ञानचन्द द्वारा रचित बंकचूल पवाडो है, जिसकी रचना स० १५६५ में मांगरोल काठियावाड में हुई।

स० १५६३ में वीठू सूजा की रचना रावजतसीरो छन्द" वास्तवमें पवाडा ही है। उसके पद्यांक तीन और चारसो एक मे 'प्रवाडा', "प्रवाडो" शब्द प्रयुक्त है।

(१) सोहिया प्रवाडा सिन्धु सीस।
जम्बुग्रह दीप जग्गी जगीस ॥३॥
(२) काबिली पट्ट वहवट्ट किय बीकाहर राइ बघरू
जइतसी प्रवाडउ किय जमा जाम

१७ वी शताब्दी के पद्मा तेली रचित रुक्मिणी व्यावलो की स० १६६६ की लिखी प्रति हमारे स ग्रह मे है — उसके पद्यांक २३ व २४ मे पवाडा और "पुवाडइ" शब्द का प्रयोग हुआ है—

'इणि अवतार पवाडा कीधा तेता सहूई जांणु।
जुग अंतर आग अवतरीया, तेहनउ पार न जांण ॥२३॥
प्रथम पुवाडइ पूतना सोखी ? र दलीयो मु साल।
अहरि नई ?ागई दावानल दाणव नइ कुलि कालि ॥२४॥

पाबू जी के पावडे की भांति निहालदे सुल्तान का विस्तृत पवाडा लोक काव्य स ग्रहीत किया जा चुका है, जिसका कुछ अ श मरु–भारती में प्रकाशित हो चुका है।

'सत' संज्ञक रचनाएं

विश्व में प्रकृति और प्राणियों की निर्मित वस्तुओं की संख्या अनन्त है। व्यवहारिक सुविधा के लिए उन वस्तुओं का पृथक करण भिन्न भिन्न नामों द्वारा किया जाता है। इस तरह नामों की संख्या भी असंख्य हो जाती है। साहित्य की रचनाओं में भी शैलियों व विषय आदि की विभिन्नता के कारण उसके अनेक प्रकार हो जाते है। उनकी पृथक पृथक संज्ञाए देना आवश्यक हो जाता है। उनमें से बहुत से नाम तो परम्परागत (सैकड़ों वर्षों तक रचयिताओं द्वारा) समादृत पाये जाते हैं तो कुछ नये नामों की भी सृष्टि होती रहती है और पुरानी संज्ञाए भुला दी जाती हैं। हमारी प्रान्तीय लोक भाषाओं में रचित रचनाओं की संज्ञाए भी सैकड़ों की संख्या में हैं जिनमें से कुछ संज्ञाए प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश आदि की प्राचीन रचनाओं के अनुकरण में रची गई हैं और कुछ लोक साहित्य से ले ली गयी हैं, नागरी प्रचारिणी पत्रिका के गत वर्ष ५८ अंक ४ में प्रकाशित "प्राचीन भाषा काव्यों की विविध संज्ञाए" शीर्षक अपने निबन्ध में जैन कवियों द्वारा रचित राजस्थानी और गुजराती भाषा की प्राचीन काव्य रचनाओं की ११५ संज्ञाओं का उल्लेख करते हुए करीब ८० रचनाओं के सम्बन्ध में संक्षेप में प्रकाश डाला गया है, इन संज्ञाओं के अतिरिक्त और भी अधिक संज्ञाओं वाली रचनाएँ मिलती हैं जो राजस्थानी और गुजराती भाषा के काव्य के नामान्त पद के रूप में विशेष प्रयुक्त न होकर हिन्दी भाषा के काव्यों के नामान्त पद के रूप में विशेष व्यवहृत हुई हैं। 'सत' संज्ञा भी ऐसी ही है। इस नामान्त वाली प्राप्त रचनाओं का परिचय कराना ही प्रस्तुत लेख का विषय है।

बारहमासा, रास 'चरचरी मातृका' ककहा (अक्षरावट) आदि संज्ञाए जिस प्रकार अपभ्रंश काल से हिन्दी राजस्थानी गुजराती में परपरांगत चलती आ रही हैं 'सत संज्ञक' रचनाओं का स्रोत अपभ्रंश काल से ही चलता आया है। अतः सर्वप्रथम इस संज्ञावाली अपभ्रंश रचना का परिचय देकर फिर हिन्दी काव्यों में इसकी जो परंपरा रही है इसे बतलाया जावेगा।

पाटण के संघवी पाडे के जैन ज्ञान भंडार में ताडपत्रीय संग्रह प्रतियां हैं। इन में सं० नं० ५६ में सतरहवीं रचना सीतासत नामक है। जिसका विवरण गायकवाड

ओरीऐंटल सिरीज से प्रकाशित पत्तनस्थप्राच्य जन भंडागारीय ग्रंथ सूची भाग १ के पृष्ठ ४५ में इस प्रकार मिलता है (१७) सीतासत अपभ्रंश पत्रांक ८७ से ८६ गाथा २०
प्रारंभ — पूरवि दसरथु जतिम ग्र वध मागति ।

र"ज भरह निपावियम्र राव म) लखरण सजन ।।

अंत — थाणि लागो मनाविय ग्रे स्वामि महु एक अधराहु ।

र (।) मु राहक ए भलाए, लइले सजम भाउ ।

"वि दुहुहि वाजियए, चलिय स सीतासत ।।२०।।

प्रस्तुत प्रति सीतासत रचना तरहवी चौदहवी शताब्दी की प्रतीत होती है इस लिए सत' मज्ञक रचनाओ की परम्परा करीब सात सौ आठ सौ वर्ष जितनी प्राचीन सिद्ध होती है। इस रचना म सीता क सत सत्व तीन गुण की चर्चा होने से इस रचना का नामान्त पर सत रखा गया है। परवर्ती रचनाओं में भी इसी ग्रंथ से यह सज्ञा और जैन जनेतर हिन्दू मुसलमान सभी कवियो न अपनायी है जिसका पता आगे दिये जाने वाले काव्यो के विवरण द्वारा पाठको को भली भांति मिल जाएगा।

सीता सत क परवर्ती हिन्दी साहित्य की 'सत मज्ञक रचनाओं म सबसे पहली रचना कवि साधर रचित मनासत है इसमें मना नामक एक सती स्त्री न अनेक प्रलोभनो से बचकर किस प्रकार अपने शील की रक्षा की उसका विवरण दिया गया है। इस रचना की तीन हस्तलिखित प्रतियों की चर्चा डा० माता प्रसाद गुप्त ने अवन्तिका के गत जुलाई अक म की है। सब प्रथम इस रचना का पता (१) जोधपुर के राजकीय लाइब्रेरी की प्रति सन् १६०२ की खोज रिपोर्ट प्रकाशित विवरण म हिन्दी जगत को मिला। (२) चतुरभुज दास के मधुमालती के सस्करण म मना सत' की कथा एक साक्षी कथा क रूप में पाई जाती है और अभी अभी प्रो० एस एस० अस्करी ने एक (३) प्राचीन प्रति का विवरण बिहार रिसर्च सोसायटी के जनल के मार्च जून क अक म प्रकाशित किया है। इन तीनों पाठ समस्याओ पर डा० माता प्रसाद गुप्त ने अपना विचार व्यक्त करते हुए लिखा है कि एक दो प्रति के आधार स भाषा के सम्बन्ध मे निर्णय करना ठीक न होगा। अत इस ग्रन्थ की अन्य तीन प्रतियो की जानकारी यहा दे देना आवश्यक समझता हू। नवीन जानकारी के रूप म प्राप्त प्रतियों म स प्रथम प्रति का विवरण अब से सात वर्ष पूर्व मैंने अपने 'राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रंथो की खोज क द्वितीय भाग के पृष्ठ ८१ म प्रकाशित किया था पर वह डा० गुप्त जी के अवलोकन म आया न ही प्रतीत होता

मेरा लिया गया विवरण इस प्रकार है —

(११) मना का सत —

प्रथमहिं विनउ सिरजन हारा, अलख अगोचर मया भंडार।

आस तरि मोहि बहुत गुसाई, तोरे उर कापो वरद की नाओं।

शत्रु मित्र सब काहु सवारै, भुगत देहि काहु न विसार।

फूलिज रही जगत फुलवारी, जो रात सो चला सभारी।

अपन रंग आप रंगराता, बूझे कौन तुम्हारी बाता। /

दोहा — ब धन आखिर मारियों, अको चरित न सूझि।

सोवत सपनों देखियां, काम्रु कर कछु बूझि॥

सत— मना मालिन लिया बुलाइ, धरि भाटा कुटनी निहुराओ

मुड मुडाओ कस दुरदीन, कारे पीरे मुख टोका लीन॥

गदह पलानी क आन चढाओ हाट हाट सब नगरी फिराओ।

जो जसा कर सु तसा पावे, अिन नातन का अनख न आवे।

अगे दिश्र जा जो रहवाना कादो बाप कि लुनिय धाना॥

दोहा — सतु मना का साधिन, थिर राखा करतार।

कुटनी दस निकारी, कौनी गगा क पार॥

इति मना का सत समाप्त लेखन काल १८ वी शताब्दी।

प्रति गुटकाकार पत्र ५०॥ स ६७ पत्ति १३। अक्षर १३। (अभय जन ग्रथालय नि० गुटका)

विशेष — मालिन न मना का सत (शाल) च्युत करने का प्रयत्न किया पर वह अटल रही बीच म १२ मास का वणन है।

दूसरी और तीसरी दो प्रतियाँ अनूप सस्कृत लाइब्रेरी बीकानर म है जिनका जिनका विवरण इस प्रकार है —

गुटका न० ७९ (घ) मना सत रचयिता मिया साधन पत्र १० स १७ तक लिखित —

यह प्रति स० १७२४ स ७७ तक की लिखित है। इसका विवरण राजस्थानी ग्रथो क अन्तगत राजस्थानी ग्रथ सूची म छपा है। इस प्रति का न० ११७ है। प्रति अभी मर सामन नही है पर इसक विवरण म मालूम होता है कि इसका पाठ अशुद्ध सा है।

प्रति के विशेष विवरण मे लिखा गया है पुस्तक जीर्ण अवस्था में है बहुत से पत्र खडित है, आदि और अ त अप्राप्त है, लिपि सुवाच्य नही है।

इस प्रति के पत्र ५६ से ७१ म मैंना सत लिखा हुआ है। विवरण में प्रति के अनुप पाठ के अनुसार जिस 'मिना सतमी' रचयिता 'आस थान' लिखा है।

खोज करने पर एक दो प्रतिया और भी मिल सकती है। प्राप्त प्रतियो के आधार स इस छोटे से ग्रथ का सुसपादित सस्करण शीघ्र ही प्रकाशित होना आवश्यक है। ग्रथ के मगलाचरण और अनूप सस्कृत लाइब्रेरी के सूचीपत्र में 'कर्ता मिया साधन" नाम छपा है इससे इसका रचयिता मुसलमान कवि है। डा मसकरी को प्राप्त प्रति से भी इसकी पुष्टि होती है व साथ ही यह रचना १६ वीं शता दी की ज्ञात होती है। अवधी भाषा की एक प्राचीन रचना होने के नाते भी यह शीघ्र प्रकाशन योग्य है।

सत सज्ञक तीसरी रचना – सुप्रसिद्ध प्रेमाख्यानी कविवर "जान' रचित 'सतवती सत' है। जिसका सवप्रथम विवरण सु दर ग्र थावली, हमारे संपादित राजस्थानी भाग ३ अक ४ के पृष्ठ १६ म सन् १६४० म प्रकाशित हुआ था। जिसकी अनूप सस्कृत लाइब्रेरी मे हस्तलिखित प्रतिया मिलती हैं। स० १६७८ म इसकी रचना हुई। इसकी कथा इस प्रकार है।

मनसूर एक व्यापारी है। इसकी स्त्री का नाम सतवती है। वह रूपवती और पतिव्रता है। मनसूर अपने मित्रो के साथ व्यापार के लिए विदेश जाता है। उसकी स्त्री विरह म दु खी होती है। कुछ दिन बीतने पर एक धूत ने उसके सौ दय की प्रशसा सुन कर उसे अपने वश में करना चाहा, उसने आकर्षित करन के लिए एक दूती को (सतवती के यहा) भेजा पर वह हार व मार खाकर लौटी। सतवन्ती अपन शील मे अविचल रही। धूत लम्पट किसी मत्रवादी की सेवा कर उससे रूप परिवर्तिनी विद्या सीख लेता है और मनसूर का रूप बनाकर सतवन्ती क यहा आता है। सतवन्ती को सन्देह होता है इसलिए कुछ दिन तक वह उसे टालती रहती है। इतने म ही इसका वास्तविक पति मनसूर आ जाता है। दोनों एक दूसरे को नकली बताते हैं। समान रूप वाले होने स लोग निर्णय नही कर पाते, याय के लिए वे राजसभा म राजा के पास पहुँचते हैं। राजा उन दोनो से और सतवन्ती से इनके विवाह की तिथि लिखवा लेता है। सतवन्ती और मनसूर की तिथि एक मिलने पर धूत लम्पट को प्राणदण्ड मिलता है।

हिन्दुस्तानी (राजस्थान म हस्तलिखित हिन्दी ग्रन्थों की खोज भाग ३) भाग १५

अक १ मे कवि जान की रचनाओं का विवरण प्रकाशित हुआ है। उसक अनुसार इस कथा का विस्तार ५२ दोहे और चोपाई हैं। कवि जान ने इसी तरह की अन्य तीन सती स्त्रियो के सतीत्व रक्षा के वणन वाली रचनाए शीलवन्ती, कुलवन्ती और तमीम अंसारी क्रमश सवत् १६८४, १६६३ और १७०२ म बनाई हैं। जिम प्रति म यह रचनाए प्राप्त हुई है उसमें इसका नामान्त 'सत' नही लिखा गया प्रतीत होता है पर रचनाओं के विषय और शली को देखत हुए इनकी गणना भी सत सज्ञक काव्यों में ही होनी चाहिए। इन रचनाओं की अन्य प्रतिया प्राप्त होने पर स भव है यह स ज्ञा लिखी हुई भी मिले।

४थी और ५वी ''सत स ज्ञक रचना' — जन कवि भगवतीदास रचित 'वृहद सीता सतु" और ''लघु सीता सतु' है, दोनो महासती सीता क सत्य का विवरण देने वाली हैं। पहली रचना स० १६८४ मे रची गयी। उसी को स क्षिप्त करके स वत् १६८४ क चैत्र शुक्ला ४ सोमवार के दिन भरणी नक्षत्र मे सीहरदि शाहादरा दिल्ली नगर मे बनाई गई। इस ग्रन्थ में बारहमासा के मदोदरी सीता प्रश्नोत्तर रूप मे कवि ने रावण और मदोदरी का चित्रण किया है। रचना सरल, हृदयग्राही व रुचिकर है। इसका विवरण 'अनेकान्त' वष ५ किरण १ २ के पृष्ठ १५ मे प्रकाशित है। पचायती मन्दिर दिल्ली के सरस्वती भडार के गुटके म यह लिखित रूप मे मिली है।

उपयुक्त दोनों सीता सत के रचयिता कवि भगवतीदास बूढिया (जिला अम्बाला) के निवासी थे। ये अग्रवाल कुल क वसल गोत्रीय थे। दिल्ली क भट्टारक महेन्द्रसेन के शिष्य थे। य बूढिया से दिल्ली आकर रहने लगे थे। कुछ समय हिसार म भी रहे थे। इनक रचित ''अनेकार्थ नाम माला'' (स० १६८७ दहली में रचित) और 'मृगाक लेखा चरित्र' प्राप्त हैं। अन्तिम ग्रन्थ की रचना स० १७०० म हिसार में हुई है। विशेष जानकारी के लिये अनेकान्त वष ५ अक १ २ और व ७ किरण ६ देखना चाहिए।

सत स ज्ञक छठी रचना 'हरिचन्द सत' है। जो ध्यानद स द्वारा स वत् १८०० के लगभग मे रची गई है। इसका विवरण राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज के तृतीय भाग क पृष्ठ २१६ में इस प्रकार मिलता है —

(७८) हरिचन्द सत रचयिता ध्यानदास। यह तीन अध्यायों में विभाजित है। प्रथम अध्याय म ११६ पद्य हैं। द्वितीय म १२१ और तृतीय मे १००। दोहे १४, सोरठे २, छद ४ और चोपाईया ३२० हैं। कुल पद्य स ख्या ३४० होती है। ग्रन्थ का विषय सत्य हरिश्चन्द्र की पौराणिक कथा है। इसका रचनाकाल कवि ने इस प्रकार दिया है 'उदधि

दोत कर लीजिये लेखन भार अठार" इसके अनुसार स० १८२४ या १८४२ रचनाकाल ठहरता है। ग्रन्थ के प्रथम अध्याय मे राजा का राज्यत्याग और कानी मे आगमन, द्वितीय अध्याय मे पुत्र रानी व राजा का वियोग पुत्र और रानी का अग्नि शर्मा के यहा और राजा का डोम यहा निवास। तृतीय अध्याय म रोहित का मृत्यु और शेष घटनाए हैं।

सत्य हरिश्च द्र के सत्य के महात्म्य को प्रगट करने वाला होने स ही इसका नाम हरिच द चरित ग्रथकार ने रखा है। कई प्रतियो मे उसका नाम हरिच द सत लिखा मिलता ह। इसी प्रकार सतवन्ती सत की कई प्रतियो म सतवन्ती की वार्ता भी लिखा मिला है। पर वास्तव म ये सब परम्पराए एक ही परम्परा एव विषय की हैं इसलिए इनका नामान्त पद सत' ही उचित है व सही है।

इस प्रकार 'सत' स ज्ञक रचनाओं की परम्परा करीब ५०० वर्षो स चलती प्रतीत होती है।

सत स ज्ञा शब्द का व्यवहार अनेक जगह शत् अर्थात शतक सौ पद्योवाली रचना के सूचक अर्थ मे भी पाया जाता है। वृ दावन सत् शृ गार सत, विरह सत आदि ऐसी ही रचनाएँ है।

राजस्थानी साहित्य के संवाद ग्रन्थ

बौद्धिक विचार और तत्व निर्णय के अनेक साधनों में वाद विवाद का भी बड़ा प्रमुख स्थान है। "वादे-वादेजायते तत्वबोध" (वाद विवाद करने से वास्तविक तत्व हाथ लगता है) किन्तु यह वाद-विवाद जब कुछ जानने की इच्छा से किया जाता है तब तो वह उपयोगी होता है। किन्तु जब केवल अपनी विद्वता का प्रदर्शन करने अथवा दूसरों को नीचा दिखाने के लिये वाद विवाद किया जाता है, तब वह वितण्डावाद का रूप धारण कर लेता है। उससे किसी तत्व का निर्णय नहीं हो पाता। वह केवल वाग्जाल भर बनकर रह जाता है।

जिज्ञासा उत्पन्न होने पर उसका समाधान करने के लिये उसके विशेषण से उसका उत्तर प्राप्त करने के लिये प्रश्नोत्तर की शैली के संवाद, वैदिक युग से लेकर समस्त प्राचीन साहित्य में निरंतर प्राप्त होते हैं। बौद्ध और जैन साहित्य में धर्म तत्वों का निरूपण इसी प्रश्नोत्तरी शैली में किया गया है। किन्तु मध्यकाल में कवियों ने विनोद के रूप में कुछ वस्तुओं और अवस्थाओं को व्यक्तिगत मानकर उनसे संवाद कराये हैं।

बहुत से लेखकों ने ऐसी विरोधी वस्तुओं का परस्पर संवाद कराया है। जिनमें से एक ने अपने गुणों का उत्कर्ष और दूसरे ने उसका खंडन करके अपना महत्व स्थापित करने के सम्बन्ध में तर्क दिये हैं। इस प्रकार के संवाद मूलतः हमें दार्शनिक ग्रन्थों में प्राप्त होते हैं किन्तु मध्यकाल के लेखकों ने केवल अपने बौद्धिक चमत्कार से कुछ वस्तुओं को वादी प्रतिवादी का रूप देकर प्रत्येक वस्तु के महत्व, दूसरे की दृष्टि में उसके दोष और कहनेवाले की विशेषता का अत्यन्त सुन्दर वर्णन किया है। ऐसी रचनायें अधिकांश जैन विद्वानों की हैं। समन्वयवादी होने के कारण इन जैन विद्वानों ने अन्त में इन कल्पित पात्रों का परस्पर मेल करा दिया है। ये रचनायें छोटी होने पर भी काव्य चमत्कार की दृष्टि से अत्यन्त ललित हैं और कवि की सजीवनी प्रतिभा के अद्भुत उदाहरण हैं।

यद्यपि इनकी परम्परा अत्यन्त प्राचीन है और साहित्य के प्राचीन ग्रन्थों में प्रसंगत इस प्रकार के संवाद आये हैं। तथापि ऐसी रचनायें सोलहवीं शताब्दी से ही

संस्कृत, राजस्थानी, हिन्दी, गुजराती आदि भाषाओं में प्रचुर प्रमाण में प्राप्त होने लगी हैं। स्वतन्त्र रचनाओं में विशेषतः लोक भाषा में प्रचलित एक कृपण नारी संवाद हमें संवत् १६३७ का लिखा हुआ प्राप्त हुआ है, जो अभी तक प्राप्त और ज्ञात संवाद रचनाओं में सबसे प्राचीन कही जा सकती है। किन्तु वास्तव में इस प्रकार की रचनाओं का विकास सोलहवी शताब्दी से ही हुआ है। यद्यपि बहुतसा पूर्ववर्ती रचनाओं में ऐसे संवाद बीच बीच में ग्रथित किये मिलते हैं। जैसे 'राजस्थान रिसर्च सोसाइटी' कलकत्ता के राजस्थानी नामक पत्र के (भाग ३ अंक १) में "भाषाओं के चार प्राचीन उदाहरण' शीर्षक से हमने चौदहवी शताब्दी की एक रचना प्रकाशित की है जिसमें गूजरी, मालवी पूर्विनी और मराठी चार स्त्रियां अपनी अपनी बोलियों में बात चीत या संवाद करती हैं। इस संवाद में सबने अपने अपने देश की विशेषता और महत्ता का प्रतिपादन किया है। यह संवाद कवि ने शत्रुंजय जैन तीर्थ पर यात्रा के लिये आई हुई श्राविकाओं से कराया है। इस परम्परा का प्रभाव परवर्ती जैन रचनाओं पर भी पडा है। मरु-भारती (वर्ष २ अंक ३) में देपाल कवि रचित जीरापल्ली पार्श्वनाथ रास हमने प्रकाशित कराया है। जिसमें जीरापल्ली तीर्थ पर उपस्थित मालव मारवाड, सिंध, सोरठ तथा गुजरात इन पांच देशों की स्त्रियां अपने अपने देश की विशेषताओं का वर्णन करती है। अन्त में नागौर की एक श्राविका आकर इन सबका विवाद समाप्त करके प्रभु पूजा में सम्मलित कर लेती है। पन्द्रहवीं शताब्दी की राजस्थानी भाषा की यह अत्यन्त सुन्दर रचना है।

सोलहवी शताब्दी से जो स्वतन्त्र सम्वाद रचनायें प्राप्त होने लगती हैं उनमें तीन चार कवियों की रचनायें अत्यन्त रोचक हैं। जिनमें से विक्रमपंचदंडकथा और नन्दबत्तीसी आदि के रचयिता कवि नरपति का जिह्वादांत संवाद और सुखड चंपक संवाद स्वर्गीय मोहनलाल दलीचंद देसाई के संग्रह में है। इनमें से दंतजिह्वा संवाद को डाक्टर भोगीलाल साडेसरा ने सम्वत् १९४७ के गुजराती के दीपोत्सवी अंकों में प्रकाशित किया था। यह संवाद दश पद्यों में है जिसमें से पांच में तो दांत और जीभ ने अपनी महत्ता सिद्ध की है और आठवें में दांत ने जिह्वा संवाद विवाद शांत करने को कहकर दोनों का परस्पर मेल करा दिया है।

इसमें परवर्ती रचनाओं में कवि सहज सुंदर का (१५७२ १५९५) आंख कान संवाद और यौवन जरा संवाद है, जिसमें २५ छप्पय हैं। दूसरी रचना आंख कान संवाद ९ त्रोटक छन्दों में है। कथा यों है कि शत्रुंजय में प्रभु का दर्शन करते समय कान

और आख दोनों अपना अपना महत्व प्रदर्शित करते हैं, किन्तु अन्त में दोनों परस्पर मेल कर लेते हैं। क्योंकि आख के द्वारा प्रभु का दर्शन होता है, और कान से प्रभु की भक्ति के गीत सुने जाते हैं।

इस शताब्दी के प्रसिद्ध कवि लावण्यमय की तीन सवाद रचनायें मिलती हैं (१) रावण मदोदरी सवाद (स० १५६२) में ६३ पद्य है। (२) कर सवाद (स० १५७५) शांति नगर में ६६ पद्यो में रचा गया (३) गोरी सावली गीत सवाद ६३ पद्यों में लिखा गया है इसमे से पहिले में सीता हरण के पश्चात रावण को मन्दोदरी समझाती है और उनका सवाद चलता है। इसी नाम का श्रीधर का रचा हुआ एक स वाद भी प्रकाशित हो चुका है जिसकी प्रत्येक पक्ति में एक एक कहावत गु थी गई है। यह रचना स० १५६५ में जूनागढ़ (जीणदुग) में हुई। यह कवि मोढ मडालजा जाति के मंत्री मडसा के पुत्र थे। फार्बस गुजराती सभा बम्बई ने मांडन रचित प्रबोध बत्तीसी के साथ विस्तृत टिप्पणियां सहित यह सम्वाद प्रकाशित किया है।

लावण्यसमय की दूसरी रचना कर सवाद में प्रसग यह है कि प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव को बारह महीने से अधिक समय तक आहार नहीं मिला। बैसाख बदी ३ (अक्षय तृतीया) को उन्होंने वार्षिक तप का पारणा करने के लिये दोनों हाथों की अजला में इक्षुरस ग्रहण किया। इसी के आधार पर कवियों ने कल्पना से दायें और बायें हाथ में परस्पर सुन्दर स वाद उपस्थित किया है। दाहिना हाथ अपनी विशेषता का बखान करते हुए बायें हाथ से भिक्षा मांगने के लिये कहता है तब बाया हाथ अपनी विशेषताओं का वर्णन करके दाहिना हाथ को नीचा दिखाने का प्रयत्न करता है। अन्त में भ० ऋषभदेव के मुख से कहलाया गया है कि सभी का अपना अपना महत्व है, अत: दोनों के मिलने से काम सिद्धि हो सकती है। यह सुनकर दोनों हाथ अपना विवाद समाप्त करके ऋषभदेव श्रेयांसकुमार का बहराया हुआ इक्षुरस दोनों हाथों की अंजलि में ग्रहण करके पारण करते हैं। अठारहवीं शताब्दी के कवि धर्मसोम ने यह स वाद विस्तृत रूप से रचा जिसका परिचय आगे दिया जायगा। अठारहवीं शताब्दी के ही सुप्रसिद्ध कवि लक्ष्मीवल्लभ ने अपनी कल्पसूत्र की कल्पद्रुम कलिका नामक टीका में ऋषभ चरित्र के उपप्रस ग में स स्कृत में कर स वाद किया है।

१६ वीं शताब्दी की रत्नमडन द्वारा रचा हुआ एक स वाद सुन्दर नामक स स्कृत स वादें समुच्चय भी रचा गया। जिसमें (१) शारदपद्मयो स वाद (२) गांगेय

निन्दक सरीखो पापियउ भुण्डउ कोइ ने दीठ ।
वसी चण्डाल समउ कह्यो, निन्दक मुख दीठ ॥३॥
आप प्रसशा आपणी, करता इन्द्र नरिन्द्र ।
लघुता पामइ लोक मइ, नासइ निज गुण वृन्द ॥४॥
को कहेनी म करउ तुम्हें निन्दा नइ अहकार ।
आप आपणी ठामइ रहो, सहु को भलउ ससार ॥५॥

कविवर की यह रचना बहुत लोकप्रिय हुई प्रतीत होती है क्योंकि इसकी अनेक हस्तलिखित प्रतियां तो हमारे स ग्रह में तथा अन्यत्र प्राप्त हैं। स० १६६२ सागानेर में १०१ पद्यों में यह स वाद रचा गया। इसकी तत्कालीन प्रसिद्धि का एक विशिष्ट उदाहरण यह भी प्राप्त हुआ है कि स ० १६६६ की माघ सुदी में कृष्णदास ने "दान शील तप भावना का रासा" बनाया। जिसकी प्रति हमारे सग्रह मे है। यह रचना हिन्दी पद्यों म समय सुन्दरजी के उपयु क्त स वाद के अनुकरण पर रची हुई प्रतीत होती है।

इसी शताब्दी में स ० १६८२ या १६८६ में कवि श्रीसार ने फलादी मे "मोती कपासिया स वाद" नामक १०३ श्लोकों का विस्तृत ग्रन्थ बनाया। इसके प्रारम्भ में कवि ने लिखा है कि ऋषभदेव भगवान् शुद्ध आहार की खोज करते हुए हस्तिनापुर में पधारे। उन्हें मोतियों के थाल से पद्मिनी स्त्रियों ने बधाया। उस समय मोती ने अहकार में आकर कहा कि मैं ससार में सबसे बडा हूं, मेरे बराबर कोई नहीं। उसने जब अपनी लबी चौडी प्रशसा की तो कपासिये ने मोती से कहा कि अभिमान न कर मेरा महात्म्य भी सुन। फिर वह अपनी विशेषताओं का वर्णन करता है और दोनो का मेल हो जाता है। यह स वाद ६ ढ़ालों में है इसकी कई प्रतिया हमारे सग्रह मे हैं।

इसके पश्चात् स ० १६६६ किशनगढ में रचित कवि कुशलधीर का 'उद्यम कर्म स वाद' ३८ पद्यों का है। जिसमें उत्तर प्रत्युत्तर के रूप में उद्यम और कर्म ने अपनी अपनी बडाई की है। इसी शताब्दी के स वाद स ज्ञक कुछ अन्य ग्रन्थ भी प्राप्त हैं। जिसमें राजकवि रचित रावण मन्दोदरी स वाद स्वतन्त्र पद्यों के रूप में है। स० १६८६ में लूणसागर के अजतासुन्दरी स वाद रचे जाने का उल्लेख जनर गुज कवियो भाग १ पृष्ठ ५७४ में है। पर उसकी प्रति मुझे प्राप्त नही है अत उसका विशेष परिचय नहीं दिया जा सकता। "हरिणी स वाद' नामक एक अन्य रचना भी देखने में आई है पर इस समय सामने न होने से उसका भी परिचय नहीं दिया जा रहा है। हमारे स ग्रह में अन्य

कई छोटी छोटी रचनाए हैं जिनमें रचनाकाल का निर्देश नहीं है पर वे सतरहवी शताब्दी की ही प्रतीत होती हैं —

१ १६ पद्यों में मुनिशील द्वारा रचित कस्तूरी कपूर स वाद इसमें कस्तूरी और कपूर ने अपना अपना महत्व प्रकट किया है।

२ १० पद्यों में श्री हप रचित सासू बहू विवाद – जिसमें मासू और बहू का विवाद वर्णित है।

३ ६ पद्यों मे से कवि द्वारा रचित कृपण लक्ष्मी स वाद

४ २५ पद्यों मे दान कवि रचित काव्य जीव प्रेम स वाद जन गुजरकविओ आदि में सुधन हप कवि रचित "मदोदरी रावण स वाद 'पद्य स ख्या ६४, जयवत रचित "लोचनकाजल" स वाद पद्य १६ अजितदेव सूरि रचित "समकितशील स वाद" का भी उल्लेख मिलता है।

१८ वीं शता दी में लक्ष्मीवल्लभ रचित "भरत बाहु बल स वाद, पद्य २६, बाल चन्द्र रचित पचेन्द्रिय चोपाई १७५१ आगरा यशोविजय रचित समुद्र वाहण स वाद 'विनय विजय रचित" पचसमवाय स वाद (स्तवन) उदय विजय रचित समुद्रकलश स वाद १७५४ और अभय सोम रचित कर स वाद स० १७४७ आखातीज इनमें से समुद्र वाहण स वाद, पचसमवाय स वाद स्तवन प्रकाशित हो चुका है। इन दोनो के रचयिता बहुत बडे विद्वान है विषय का निरूपण बहुत सुन्दर हुआ है भाषा गुजराती है कर स वाद की प्रति हमारे स ग्रह में है।

१६ वीं शताब्दी म अमृतविजय रचित "रामराजीमती स वाद चौक" स० १८३६ में रचा गया जिसमे कई सखियों का स वाद बडा सु दर हैं स० १८२७ में विजय लक्ष्मीसूरि ने ज्ञान दर्शन चारित रतन त्रय का स वाद बनाया है, इसी शताब्दी में ऋषि जयमल के शिष्य रूपचन्द ने पचेन्द्रिय की सज्झाय नामक स वादात्मक रचना की थी जिसकी ६ पत्रों की प्रति हमारे स ग्रह में है।

ऊपर जिन स वादों का परिचय दिया गया है वे प्राय सभी जैन विद्वानों की रचनाए हैं जनतर कवियों का भी कुछ ऐसी रचनाए प्राप्त हैं उनका भी यहा निर्देश कर देना आवश्यक है।

१७ वीं शताब्दी में बीकानेर महाराज रायसिंह जी के आश्रित शकर कवि ने "दातार और सुमका स वाद बनाया जिसकी प्रति हमारे स ग्रह में है। मारवणी मालवणी

स वाद नामक एक सु दर रचना जिसमे मरु और मालव सम्ब धी विशेषताओं का वर्णन वहा की स्त्रियों के मुह स करवाया गया है जिस मैं 'राजस्थान भारती' में प्रकाशित कर चुका हू । गुरु चेला स वाद ता राजस्थानी भाषा की बहुत सु दर ज्ञान वद्धन मुक्तक रचना है । एक पद्य म तीन चरण में तीन तीन बातें चेल स पूछी ज ती हैं और चौथ चरण में तीनों का उत्तर चेला गुरु को दे दता है । ऐसे प्र त पद्यो का स ग्रह भी राजस्थान भारती' म प्रकाशित कर दिया है । कुछ अ य सम्वाद —उ दर मिनकी सम्वाद'' 'सोना गु जा सम्वाद'' आदि भी मिलत है जिनमे सोना गु जा स वाद तो गद्य म लिखा हुआ प्राप्त है ।

हि दी म भी कवि नागरीदास के कई वाद-तल तवोलका वादु वादु मगनदानिका ननकानका लोहे सोन का, लज्जा मुख का आदि अकबर दरबार के हि दी कवि मे छप चुके हैं । अ य ज्ञात हि दी वादो का परिचय निम्नोलिखित है —

हि दी सवाद ग्र थ

१ केसि गोतम सवाद			दिगम्बर १* पंथी वडा भडार
२ मन ज्ञान स ग्राम ६४ पद्य			
३ भरत वाहुबलि सम्वाद (अपभ्र श)			,
४ ज्ञाता कामिका विवाद			
५ सुमति कुमति का झगडा			,,
६ मन ज्ञान स ग्राम सवाराम			लूणकर पाडया भडार
७ आम ीव का भगडा			
८ जीव कम स वाद			,
९ मन ज्ञान का स वाद लालच द			,
१० वादु लोहे सोने का (१३ म०) नरहरिदास १७ वीं शताब्दी			
११ नन कान का वाद (६ पद्य)	,		अकबरी दरबार के हि दी
१२ तल तबोल का वादु (८ पद्य)	,,		कवि म प्रकाशित
१३ मगन दानि का वादु (१० पद्य)	,,		,
१४ लज्जा और मूख का वादु (१० प०)	,,		
१५ तीस चरण म वाद पद्य ३२ प्राणनाथ	,,		,
१६ रितु सभाव स वाद ४० पद्य कलपति मिश्र			

१७ सुरूप कुरूप स वाद कुलपति मिश्र
१८ विष पियूष स वाद " अनूप स स्कृत लाइब्रेरी
१९ रूप गुण स वाद ६४ पद्य ,
२० श्यामा हिरदे स वादो ना० प्र० सभा
२१ स्वण मुक्ता स वाद "
२२ बादु गोरी सावली चतुरभुज दमोधी
२३ सोने लोहे का झगड़ा "

अन्य उपलब्ध जैन सवाद ग्रन्थ

१ अजना सुदरी सवाद	१६८९	लूण सागर	
२ आखि कान स वाद		सहज सुदर	अभय जन ग्रन्थालय
३ उद्यम कम स वाद	१६६८	कुशलधीर	
४ कर स वाद	१५७५	लावण्यसमय	
५ कर स वाद	१७४७	अभयसोम	अभय जन ग्रथालय
६ कस्तूरी-कपूर स वाद		मुनिशील	
७ काया जीव स वाद गा २५		दाम	
८ कृपण-नारी स वाद गा ८ १५ वी शताब्दी			
९ गोरी सांवली गात ६३		लावण समय	
१० जीभ-दांत गा ४१	१६४३	हीरकलश	
११ दानादि सवाद	१६६२	समयसुदर	
१२ नेमिराजमती सवाद	१८३९	अमृत विजय	
१३ पच समवाय सवाद		विनय विजय	
१४ पचेद्रिय सवाद	१७५१	बालचन्द्र	
१५ पचेद्रिय सवाद		रूपचन्द्र	
१६ मोना-वपासिया सवाद	१३२६	हीरकलश	
१७ मोती वपासिया स वाद	१६८९	श्री सार	
१८ यौवन जरा स वाद		सहजसुदर	
१९ रावण मदोदरी स वाद	१५६२	लावण्य समय	
२० " "		राजकवि	

२१	रावण मदोदरी सवाद			
२२	" "		जिनहर्ष	
२३	लोचन काजल स वाद		सुधनहर्ष	
२४	समकित शील स वाद		जयवत	
२५	समुद्र कलश स वाद		अजितदेव सूरि	
२६	समुद्र वाहण स वाद	१७५५	उदय विजय	
२७	ज्ञान दर्शन चरित्र स वाद		यशोविजय	
२८	जिह्वा-दांत स वाद	१८२८	विजयलक्ष्मीसूरि	
२९	सुखड़-चपक स वाद		नरपति	
३०	भरत बाहुबली स वाद पद्य ८६	१८ वीं शता	लक्ष्मीवल्लभ	देसाई स ग्रह
				"
३१	रावण मदोदरी स वाद	१६ वी शता		महिमा भक्ति भडार
३२	दाता सूर स वाद	१७ वीं शता	श्री धर	बस्ता स० ७७
३३	मारवणी मालवणी स वाद	१८ वीं शता	शंकर कवि	प्रकाशित
				अभय जैन ग्रन्थालय

इस प्रकार सामू बहू स वाद गुरु शिष्य स वाद उन्दर बिल्ली स वाद मोती सोना स वाद आदि उपलब्ध हैं। जनेतर कवियों के भी रावण मंदोदरी स वाद, दातासूर स वाद, मारवणी मालवणी स वाद हमारे स ग्रह में उपलब्ध हैं। प्रकाशित राजस्थान भारती

दवावैत सज्ञक रचनाएं

हिन्दी भाषा मूलत मध्यप्रदेश की भाषा है और उसके विकास में मुसलमानों का भी काफी योग रहा है। जब उनका शासन यहा प्रचलित हो गया और प्रभाव जम गया तो उनकी भाषा अरबी फारसी के अनेकों शब्दों का प्रचार राज्य सपर्क से हिन्दू जनता में भी होने लगा। इसलिए १४वी शताब्दी से हम अपने प्रातीय भाषाओं के ग्रन्थों में अरबी फारसी के शब्दों का क्रमश प्रचुर प्रयोग पाते हैं। इधर मुसलमानों को भी जनता से सम्पर्क बढाने के लिए स्थानीय भाषा एव बोलियों को अपनाना पडा और इस तरह के आदान प्रदान से कुछ नये रचना प्रकारो की परम्परा भी चालू हुई। उनमें से एक प्रकार 'गजल' का है। १७वी शताब्दी में नगर वर्णनात्मक गजल सज्ञक रचना प्रकार का प्रादुर्भाव हुआ दिखाई देता है। हिन्दी के कवि जटमल नाहर ने लाहोर गजल, शृंगार गजल और सुन्दरी गजल सवत् १६८० के आसपास पजाब में रहकर बनाये उनके अनुकरण में अनेकों जन कवियों ने १८वी और १६वी शताब्दी में एसी नगर वर्णनात्मक पचासों गजलें बनादी। १६वीं के उत्तरार्द्ध एव २० वी मे तो चारण आदि कवियों ने भी उनका अनुकरण किया। यद्यपि अरबी फारसी में जो गजलें प्रसिद्ध हैं वसी शली इन नगर वर्णनात्मक गजलों में नहीं है पर आखिर जटमल, जिसने अपने लाहोर वर्णन को 'गजल' की सज्ञा दी है उसके सामने पजाब में वसी कुछ रचनाए अवश्य प्रचलित होनी चाहिए। अभी तक उसकी पूर्व परम्परा का अनुसधान नही हो पाया।

इसी प्रकार फारसी का एक और रचना प्रकार १७वी शताब्दी से हिन्दी में विकसित हुआ। उसकी सज्ञा है 'दवावत'। पजाब में 'वेतों' का प्रचार तो काफी रहा है, मेरे सग्रह में भी दो वेतें हैं पर "दवावत" सज्ञा वाली जितनी भी रचनाए अभी तक प्राप्त हुई हैं वे सब राजस्थान के कवियों की हैं और विशेषता यह है कि इनकी भाषा प्राय खडी बोली है। फिर भी हिन्दी के विद्वानों को तो उनका परिचय कदाचित् ही होगा, क्योंकि अभी तक वे सभी दवावतें अप्रकाशित ही हैं और वे राजस्थान के भडारों मे ही मिली हैं। खडी बोली क इस रचना प्रकार के सम्ब ध म अभी तक हिन्दी ससार में अजानकारी रहता, अवांछनीय समझकर इस अज्ञात और नई दिशा म प्रकाश डालने के

लिए यह लेख लिखा जा रहा है।

दवावत शब्द का अर्थ अभी तक मुझे उर्दू आदि के कोष ग्रन्थों मे प्राप्त नही हुआ और न फारसी छन्दो सम्बन्धी एक महत्वपूर्ण हिन्दी ग्रन्थ 'छन्द रत्नाकर' जो मुझे दिल्ली के दि० जनशास्त्र भंडार से मिला है उसमे ही इस रचना प्रकार का विवरण मिला। पर यह निश्चित है कि इसकी परम्परा अरबी फारसी से ही सम्बन्धित है और विशेष सम्भव पजाब से ही इस रचना प्रकार का राजस्थान मे प्रचार हुआ होगा। राजस्थानी भाषा के सुप्रसिद्ध छन्द ग्रन्थ 'रघुनाथ रूपक' मे ७२ प्रकार के डिंगल गीतों के लक्षण और उदाहरण देने के बाद मछ कवि ने दवावत के दो प्रकार और उनके उदाहरण दिये हैं। यथा —

कहे बोहोत्तर मछ कवि गीत प्रबन्ध गिनाय।
राज तिलक वरनन करू 'दवावत' समझाय ॥
तब मछ कवि हर्षित, दवावत बिघ दोय।
एक 'सुद्ध बन्ध होत है एक गद्य बन्ध' होय ॥

टीकाकार ने इसकी विशेष व्याख्या मे लिखा है —

विशेष — यह कोई छन्द नही है, जिसमें मात्राओं वर्णों अथवा गणो का विचार हो, यह अत्यानुप्रास मध्यानुप्रास और किसी प्रकार सानुप्रास वा यमक लिया हुआ गद्य का प्रकार है। यह संस्कृत भाषा प्राकृत भाषा उर्दू भाषा और हिन्दी मे भी अनेक कवियों और ग्रन्थकारो द्वारा प्रयोग मे आया हुआ मिलता है। आधुनिक लल्लूलालजी के प्रेम सागर आदि ग्रन्थों में तथा उर्दू के बहारव खिजा नौवतन आदि ग्रन्थो मे तथा फारसी के ग्रन्थों में भी देखा जाता है। सम्भवत डिंगल वालों ने भी उनका अनुकरण किया है।

यह दवावत दो प्रकार की होती है एक सुद्धबन्ध अर्थात् पद बन्ध जिसमे अनुप्रास मिलाया जाता है और दूसरी गद्य बन्ध जिसमें अनुप्रास नही मिलाते। पद्य बद्ध दवावत का उदाहरण —

अथ दवावत पद बन्ध —

प्रथम ही अयोध्या नगर जिसका बरणाव।
बार जोजन तो चौडो सोल जोजन की छाव।
चोतरफू के फलाव चौसट जोजन के फिराव।
तिसके तलें सरिता सरिजू के घाट।

अत उतावल सू यहे, चोसर कोसों के पाट।
बडो बडी किताबू म, जिस गगा का बखाण।
केतो बार नगरी कूं, मेली निरवाण।

२ गद्य बद्ध का उदाहरण —

दूहा — कहे मद्य इतरी कहो, पद बन्ध नाम प्रबन्ध।
दवावत फिर दूसरी, कहूं हम गदबन्ध।

उदाहरण — हाथियों क हलके समू ठाणा त खोले।
ऐरापत के साथी भद्र जाति क टोले।
अत देहु क दिग्गज विन्ध्याचल मे सुजाव।
रग रग चित्रे सु डा उडू के बणाव।
भूल को झलूमे वीर घटुके ठणक।
बादलों की जगमगा भरे भौरों को भकी भण के।
कल कदमु के लगर मारो कनक की हूँस।
जवाहर के जेहर बीच माला की कूस।
भाग्रू के आडम्बर चहु तरफ कू भाले।
माहुत न गज ऐसा हाजर कर राले।
वरण वरण के विलास खेतु में कायम।
आरसी से मजुल मूखमलू से मुलायम।
वर बागु के साचे पल राउसी धाव।
खुर तालु के झमके सत सिपा के सिलाव।
आउ जाउ मे चकी निरत करवे में हूर।
जग जगू में परीत, सालोतरू में पूर।

दवावैत सम्बन्धी छन्द ग्रन्थ, क उदहरण देकर अब हम प्राप्त दवावता का सक्षिप्त परिचय उपस्थित कर रहे हैं।

१ उपलब्ध दवावतों म सबसे छोटा और पुरानी रचना "नरसिंहदास गौड की दवावत" है, जो भाट मालीदास गगादास के पौत्र न कही है, इसका प्रारम्भिक अश तो राजस्थानी मे है, आग का पद्य खडी बोली म है। दोना के कुछ उदहरण नीचे दिय जा रहे हैं —

अथ दुवावत नरसिंघ दास गोड री ।[1]

भाट मालीदास गगादास रे पोत रे कही ।

आदि— होंदवाण छात हींदवाण सूर, अजमेर जोधपुर मारणपुर ।

अजूवाल वश असवा अरोड ढोलडी भोच महिपत्या भोड ।

मध्य— सवा मरदां जागता है, जगत म बखतौं जागता है ।

भोमिया शत्रु भागता है, तरो गिरों आलागता है ।

नित दान त्यागते हैं, गो सूर ववते हैं ।

असर्नान सभते हैं, सवा विस्तरते हैं ।

पूजा पारते हैं, दहलो वारते हैं, सहलो सिधारते हैं ।

अत — राज राज नरसिंह जेत कवि मालीदास कहे दवावत ।

इस रचना की प्रति १८वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध की लिखी हुई अनूप सस्कृत लायब्रेरी, बीकानेर मे है अत १७वीं के अन्त या १८वीं के प्रारम्भ की यह रचना है ।

२ दूसरी रचना जन कवि राम विजय (सुप्रसिद्ध नाम रूपचन्द) द्वारा रचित 'जिन सुख सूरि दवावत मजलस नामक है जो सम्वत् १७७२ म रची गई है । उसमे मजलस और दवावत दोनों सज्ञाए साथ साथ दी हुई हैं । रचना बहुत छटादार है ।

आदि — अहो आओ ने यार बठो दरबार ।

स चांदनी रात, मजलस की बात ।

कहो कौण कौण मुलक, कौण कौण राजा देख ।

कौण कौण पातिसाह ? देखे

कौण कौण वईवान देखे ।

कौण कौण महिरबान देखे ।

---

१ चारण कवि किसना जी आढा रचित 'रघुबरजस प्रकाश प्र० राजस्थान पुरातत्व मन्दिर के पृष्ठ ८५ में दवावैत का उदाहरण तो दिया है पर लक्षण नहीं बतलाया गया है ।

दवावत फिर बात दख, तुगत बचनका जाण ।

औंछ अचक तुक असम पै, बीदग गद्य बखाण ॥

अथ दवावैत

महाराजा दशरथ क घर रामचन्द्र जनम लिया ।

जिस दिन से आमक न उदेग देवू ने हरख किया ॥

दिल्ली वईवान फरुक्साहि सुलतान देखे ।
चीत्तोड सग्रामसिंघ दीवान देखे ।
जोधाण राठौर राजा अजित सिंह देखे ।
बीकाण राजा सुजान सिंह देखे ।
आमेर कछवाहा राजा जयसिंह देखे ।
जसाण जादव रावल बुधसिंह देखे ।
ए कसे है ? बडे सुविहान हैं, बडे महरबान हैं ।
बडे सिरदार हैं, वडे वजदार हैं वडे दातार हैं ।
जमीं आसमान बीचि शभु (क) अवतार हैं ।
अत — श्री पूज्य जिन सुखसूरि आई पाट विराजते हैं ।
इद्र से छाजते हैं, धम कथा कहते गाजते हैं ।

३ तीसरी मजलस जा इसा शली की है पर है बहुत विस्तृत । अभी तक प्राप्त सभी दवावतों मे यह सबसे बडी है । जिसका परिचय आगे दिया जा रहा है— राजस्थान के तपागच्छीय कवि कनककुशल और कु वरकुशल दोनो गुरु शिष्य १८वी के अन्त म कच्छ-भुज पहुँचे और वहा के महाराव लखपत न इन्ह अपना गुरु मान कर बहुत आदर के साथ वहा रख लिया। राव लखपत ने साहित्य और काव्य की शिक्षा इनसे ग्रहण कर ब्रज भाषा म कुछ ग्र थ भी बनाए हैं साथ ही उसने एक ब्रज भाषा का विद्यालय भी इन जैन महात्माओ के तत्वावधान म चालू कर दिया । जिसमें रहन, खाने आदि का प्रब ध राज्य की ओर से था । इस सुविधा के आकर्षण से राजस्थान गुजरात और सौराष्ट्र के अनेकों छात्रों न आकर यहा काव्य कला और साहित्य शास्त्र की शिक्षा प्राप्त की । भट्टारक कनककुशल और कु वरकुशल ने ब्रज भाषा में लखपत नाम माला परसात नाम माला (फारसी शब्दो का कोश) ये दो कोश और लखपत पिंगल, गोहड पिंगल नामक छन्द ग्रन्थ, लखपत जस सिंधु नामक अलकार ग्रथ और सुन्दर शृ गार आदि की टीकाएं बनाइ । महाराव लखपत का बहुत बिस्तार स सुन्दर वणन कु वरकुशल रचित "दवावत म मिलता है ।

इसकी प्रति टिप्पणीकार स्वय कु वरकुशल की लिखी हुई मुनि पुण्य विजय जी की कृपा से दखन को मिली । रचना सवत् १८०० के आस पास की है ।

४ चौथी रचना 'जिन लाभ सूरि ववावत' खरतर गच्छीय कवि वस्तपाल (वाचक

विनय भक्ति) रचित हमारे स ग्रह मे है इसके प्रारम्भ मध्य ग्रौर ग्र त म कुछ पद्य भी हैं यहां वचनिका गद्य का ही कुछ उदाहरण दिया जाता है —

ऐसी पद्मावती माई, बडे बडे सिद्ध साधकों ने ध्याई।
तारा क रूप बौद्ध शासन म समाई।
गौरी के रूप शवमत वालो ने गाई।
जगत मे कहानी हिमाचल की जाई।
जिस बात म सरस्वती हू का न रहा सालरा।
तो ग्रौर कवीश्वरों का क्या विचारा।
पर जिन जिन को जसी उक्ति, ग्रौर जसी बुद्धि की शक्ति।
तिन माफक तुक बहुत कह्या ही चाहिए।
बडे बडे कवीश्वरों की उक्ति देखि हिम्मत हार न बठे रहिए।
यातें सब गच्छ राजन के महाराज गच्छाधिराज श्री।
जिन लाभ सूरि दवावैत कही गुन गाया।
ग्रपनी कविता पुनि स्वामी धम का फल पाया।

जिन लाभ सूरि का समय सवत् १८०४ से १८३४ तक का है ग्रत इस दवावत की रचना स० १८१० ग्रौर १८२० क बीच की होनी सभव है। उपयुक्त चार दवावैतों में से पहली भाट कवि की है ग्रौर पिछली तीनो जन कवियो की है। जन कवियो की इसके बाद की कोई रचना नही मिली ग्रौर न किसी भाट कवि की ही। ग्रब ग्रागे ४ चारण कवियों की दवावतों का परिचय दिया जा रहा है।

५ चारण कवियों की दवावतो में महाराजा ग्रजितसिंह की दवावत सवत् १७७२ में रची गई। इसकी सव प्रथम सूचना मुझे श्री सीताराम जी लालस से मिली ग्रौर इसकी प्रतिलिपि राजस्थानी भाषा के प्रबल समथक कवि उदयराजजी उज्जवल से मिली। मैंने जब उन्ह इसकी नक्ल भजने क लिए लिखा तो उन्होने स्वय ग्रपने हाथ से १६ पृष्ठो मे *नक्ल करके तारीख २८-१-५६ को मुझे भेज दी, इसके लिए आपका मैं विशेष रूप से* ग्राभारी हू। उसके बाद मैं ग्रपने विद्वान डॉ० दशरथ शर्मा से दिल्ली मिला तो उनक पास पडे हुए हस्तलिखित ३ गुटके देखे सयोगवश उन में स एक गुटके में ग्रजितसिंह जी की दवावत मिली ग्रौर दूसरे दो गुटको म भी एक एक ग्रन्य दवावत प्राप्त हुई। ग्रत तीनों गुटक मैं ग्रपने साथ ल ग्राया, इसके लिए मैं डा० दशरथ जी का ग्राभारी हूं।

चारण कवियों में दवावैत की परम्परा इससे पहले भी रही होगी पर मुझे उपलब्ध तीनों दवावतों में जोधपुर के महाराजा अजितसिंह जी की दवावैत ही सबसे पुरानी है। इसमें प्रारम्भ मध्य और अंत में १२ दोहे, ३ कवित्त, और दो गाथाएं भी मिलती हैं बाकी वर्णन तुकान्त गद्य में हैं। प्रारम्भ और अन्त इस प्रकार है।

अथ दवावैत महाराजा श्री अजितसिंहजी री —

दोहा— मन बुध मिल कीधो मतो, सिवरों आद गणेश।
महाराजा अजमाल नै, शब्दाडम्बर कहेश॥
देवा भगवाणी जपूं, सेवा तन सूं काल।
दवावत आदि दिवो, ब्रह्मा वयण विसाल॥
अथ गणपत गुण धाम विमल कूं ध्याऊं।
(जिन) चौरासी अंग रचण जात जात के बहु जताऊं॥
ऐसा श्री गणेश सिध बुध का राजा।
रक्त का भण्डार मुकत का दरवाजा॥
तैतीस क्रोड देवता का अगवाणी।
रुद्र सा पिता माता भी रुद्राणी॥
मेरु ही बता हस्ति का सा आनन।
सिन्दूर का टीका मूसा सा वाहन॥
विवर सीना भी दरयाव सा उदर।
रुद्र ही सारसा ग्यारहवां रुद्र॥
ऐसा श्री गणेश को प्रथम नमस्कार कीजे।
राजान के राजा महाराजा श्री अजमाल कूं दवावैत कहीज॥
दूसरा नमस्कार सरस्वती कूं करणा।
सुमत को दाता, कुमत को हरणा॥
हंस गवनी हंस वाहनी देवी।
सुर नर नाग गण गन्धर्व सेवी॥
मध्य— महाराजा अजमाल मावता को मावता,
अनमावता को महंमाला महता,
क्या कहावणा, बादाणे भी राव नानाणे भी राव।

बडों की बडाई पुरषों की प्रभुताई सब सरां सुणाई,
रीझ मोज पाई महोला लिया, प्रवहल किया।
क्रोड क्रोड रा किलाण क्रोड दिवाली राज।
जदावत सिंह गजसिंहोत राऊ मरुधर राज।
प्रन्त— दवावत द्वादश दोहा, तीन कवित्त दोय गाह।
सतरह सो बहोत्तर कव द्वार कहियाह॥

डा दशरथ जी के गुटके के पत्रांक ६१७ में लिखी हुई है द्वारकादास दधवाडिया की कही हुई 'द्वावत महाराज प्रजितसिंह जी री' प्रति एशियाटिक सोसाइटी कलकत्ते के सग्रह में भी है।

६ चारण कवि रचित दूसरी दवावत बीकानेर के महाराजा सरदारसिंह जी की है। यह काफी बडी है। इसमे राठोडो की वशावली से प्रारम्भ कर महाराजा सरदारसिंहजी तक का वर्णन किया गया है। इसमे भी प्रारम्भ और मध्य में दोहा कविन दिये गये हैं। गद्य की सज्ञा 'वचनिका' दी गई है। मुझे जो गुटका प्राप्त हुआ है उसमे ३१ पत्र के बाद २६ तक पत्र नही है। इससे ग्रन्थ का अन्त जो इसी बीच पूर्ण होता था वह प्राप्त नहीं हो सका अत कवि का नाम और रचना काल अज्ञात है। प्रारम्भ और मध्य का कुछ अश नीचे दिया जाता है —

अथ दवावत महाराजा श्री १०८ सिरदारसिंह जी री लिखते—
दोहा— वन्दौ श्री गणपत विमल ग्रापहु सु बुध उदार।
कमधेश्वर के जस कहू अपनी मति अनुसार॥
वरणमाल के मध्यवर जुगल वरण रमजान।
कारण त्यों सब वश के मुहर दीध कुलमाल॥
उद्ध गमन जुग वरण के सब वरणन पे होय।
कुल सब ही पे भानु कुल कहे उद्ध व सब कोय॥
वरण प्रथम जिह वशवर रवि कुल भूप उदार।
जाकी जुग जाहर जगत सबला पन लत सार॥
अविनाशी अवय अलख आदि पुरुष अलखेश।
तिह नाभि प्रम्भोजते चतुरानन उपजेश॥

अथ वंश सूचित वचनका—

हरण गर्भादि सुचित्रान्त अथहरणे ।
वर विध रवि वंश वेदव्यास मुख वरणे ।।
एक सत तेवीस पुस्त गिनती परवान ।
जग चलक वंश सुचित्रान्त भये जान ।।

मध्य— पंदरह से पैंतालसे, सुध वैशाख सुमेर ।
थावर बीज थरपियो, बीके बीकानेर ।

वचन का— जिस बीका ने बीस भोमिचार तोड़ कर अपना राज बान्धे ।
फतह के निशान अरसत सान्धे ।।
पीछ राव जोधा के तिलक छत्र सुजा ने पाए ।
जाकी सुन दलबल सज विक्रम भी धाए ।।
अस्सी हजार फौज से राव कूच किया ।
लाग तरफ दखण से शहर लूट लिया ।।
जशमादे हाडी मां से दिन चढ़ धाये ।
सुत पै सरसाय नेह नीक समझाये ।।
पीछ राव माजी का कहा मान लिया ।
लेके पूजनीक वस्त्र कूच सेन किया ।

तीसरी चारणी दवावैत बीकानेर के प्रसिद्ध और इतिहास लेखक सढायच दयालदास ने अपने जस रत्नाकर नामक इतिहास ग्रन्थ में दी है यह भी अधूरी ही मिली है । अनूप सस्कृत लायब्रेरी में सम्भव है पूर्ण मिल जाय । इसकी रचना भी बीकानेर के महाराजा श्री रतनसिंहजी का वर्णन इसमें होने से १९ वी (उन्नीसवीं) शताब्दी के अन्त में ही हुई है ।

आदि दोहा— भूत विध तहां वरणुं सुखद नृप अभिषेक विधान ।
वरणौ नृप नृपता विमल, पद यम्द वैत प्रमान ।।

अथ दवावत— गणपति दोज बुध उक्त का ज्ञान ।
मैं गाऊं बीकानेर पति मघवान ।।
पारथ से वरणा चली भारत भीम ।

पनोछत परमारथ क सुदाता के सोम ॥
वचनों के दरवासा सील क गमेल ।
तपस्या के मृत्यञ्जय रावन अभिमेल ॥
मध्य— जिस छभा में महाराज के कविराय ।
विद्या के सागर जन रस के विभाव ॥
कस्यप सै उत्पति प्रारब्दे मात ।
दिनकर पुराण व्यास वरण विख्यात ॥
शील के सदन जुत घम की मरजाद ।
पट भाया जाणगर अमर कुल प्राद ॥

चौथी रचना दुरगादत्त कवि की है । जिसकी स ि प्रथम सूचना मुझे डॉ० अचल शर्मा क थीसिस स मिली कि इसकी प्रति डा० मथुरालाल जी शर्मा के पास है । उनको मैंने दो-तीन पत्र दिये पर प्राप्त न होन से डॉ० अचल शर्मा स ही नकल मगवाई । फिर तो श्री सीताराम लालस से विदित हुआ कि इसकी हस्तलिखित प्रति उनक पास भी है श्री अचल शर्मा की प्राप्त नकल में स्थानों और व्यक्तियो के नाम छोड़ दिये गये हैं । पर उनकी सूचनानुसार यह इसरदा ठिकान स मिली है । १९वी उतराद्ध या २०वीं के पूर्वार्द्ध में दुर्गादत्त चारण किसी ठिकाने में कुछ प्राप्ति की आशा से पहुँचा, पर उसे वहा उचित पुरस्कार नही मिला उससे खीज कर उसने यह निन्दात्मक दवावैत बनाई । प्रारम्भ मे ही कवि कहता है —

पूव की तरफ राजावटी देस ।
रोभू का रवास भाडू का भेश ।
जिस देश मे ईसरदा नाम का गांव ।
बेवकूफों का वास । धूरतों का धाम । मगतू का—
मोहल्ला, कगालू का कोट । हीजडू का सहर,[१]
जाडू का जोट, चुगलू का चबूतरा, सगलू[२] का
रवास । कुकरमू का कोठार, अधमू का[३] ऐवास ।
भूक[४] का भांडा, मानजादू का मुकाम । अनीत का अखाडा

१ शहर २ रगला ३ आदलों ४ भूख का भण्डार

अदूतों का आराम । हराम का हटवाडा । हराम खादू की हाट
खोटू का खजाना । परेतू का पाट । विपत का बगीचा ।
बुराई का वास । काल का कुशाला । मरी का मेवास ।
ठगू का ठिकाणा, सौटू की सराय । पाप का पुवाड़ा ।
असतो का अलाय भूतों का भण्डार । सौकोरियों का सहायक ।
डाकणियों का दरबार रोग का रजवाडा । सोग की सिरकार ।
कायरू की कुटी । चोरू का आवार ।

अंत— राजारत रघुनाथ री बिरह हदीवय ।
देखी जिमको वेदक दाखी दुरगादत्त ।

डॉ० अचलजी ने इसे दवा वैत गद्य का बहुत उत्तम उदाहरण बतलाते हुए लिखा है कि इसके गद्य वयण सगाई की अनुपम छटा है, वर्णन शैली गद्य की प्रवृत्ति का प्रतीक है, इस प्रकार के गद्य से पता चलता है कि राजस्थानी गद्य में पद्य के अनुकरण पर अन्त्यानुप्रास, मध्यानुप्रास या किसी अन्य प्रकार के अनुप्रास व यमक आदि की छटा देखने को मिलती है। पद्य में पाये जाने वाले प्रसिद्ध अलंकार वयण सगाई इस गद्य में भी मिलता है, जो गद्य शैली की प्रवृत्ति का प्रतीक है।

बारहठ दुरगादत्त रचित वत की एक प्रति कलकत्ता की ऐसियाटिक सोसाइटी के संग्रह में राजस्थानी विभाग प्रति न० पी० ३६ सी० में है।

उसका उदाहरण सूची पत्र में इस प्रकार दिया गया है—

अत बारहठ दुरगादत्त री कही—
एक रम हम सोया हु नय ख्वाब पाया ऐन ।
बजगाह की हर वख्त तें फिर वहून लागे चन ॥
एक अजब एसालक बाग था परवस्त आदम बार ।
स्यव गुलम दरगन बोच रसते गाव चनत फुहार ॥

बारहठ दुरगादत्त की अन्य रचनाएँ भी बंगाल हिन्दी मण्डल में प्राप्त हैं। एसियाटिक सोसाइटी के संग्रह में अन्य दवावत रावजी श्री भगवानदासजी री बारहठ सुमाण री कह्यौ' नामक रचना की प्रति भी है। सूची में उसका आदि अन्त इस प्रकार दिया है—

अथ दूहा— सरसती ब्रह्मा पुत्री बीज उक्ति वर्ताइ ।
भूप बखाणू रायण तणा दवावत गुण गाइ ॥१॥
गवरी नन्दन गज वदन, द अक्षर उपदेस ।
वाषाणू भूपपति गुणे रिमो देभ्रण खगरेस ॥२॥

अन्त दोहा— भागीरथ राजा का दू सोह जाणग विध ।
मे मति सारे माहरो दुवावैत गुण किध ॥१॥

बगाल हिन्दी मण्डल के रजिस्टर न० ५७ में एक दवावत होने का उल्लेख है पर वह किसके द्वारा रचित है इसका विवरण सूची में नहीं है।

इसके अतिरिक्त सरस्वती भडार उदयपुर के सग्रह में कुवर सग्रामसिंह या महाराणा उदयसिंह की दवावत है जो मेवाडी भाषा में है और प्राप्त प्रति सवत् १८६७ की लिखी हुई है। इस रचना का परिचय शोधपत्रिका वष ८ अक १-२ में प्रकाशित हो चुका है। सम्भव है अधिक अनुसधान करने पर और भी कुछ ऐसी रचनाए प्राप्त हो जाय। हिन्दी और राजस्थानी इन दोनो भाषाओं में दवावैतो का पाया जाना विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उनमे कई रचनाओं मे वर्णन बहुत सुन्दर है। भाषा और शैली भी बडी सरस एव सजीव है।

अन्य उपलब्ध दवावतों की सूची इस प्रकार है —

१ दवावत भींवजी विट्ठलदासोत गौड री— महेसदास राव— १७१५-१७३० के मध्य
२ दवावत अखमाल देवडा री— मेहडू विहारीदास— १६७४-१७३०
३ दवावैत चारणकवि कविया करणीदानजी री कही (सूरज प्रकाश में) — १७८७
(अ) जोधपुर नगर वर्णन (आ) षड भाषामय प्रतोल्लेख
(इ) हस्ती वर्णन (ई) सरबिलद खान की सैनिक तयारी
४ दवावत आसिया बखतरामजी री कही (रूपग दीवाण भीमसिंह जी का में)
(अ) राज्य वभव वर्णन
(आ) आखेट वर्णन
५ दवावत उदयपुर नगर वर्णन— आढा किसना— (भीविलास छ० ६७४)
६ दवावैत देवीसिंह चूडावत री— भादा कृपाराम
७ दवावत महाराणा जवानसिंह जी री— आसिया तेजराम

८ दवावत श्राशिया बख्तराम री कही (कीरत प्रकाश में)

९. दवागैत स्वा सरूपदासजी री कही— (पाडव यशेंदु चद्रिका में)

१० दवावत डा० देवीसिंह मगतावतरी कही (सुजानसिंह जी री बात में)

(अ) सुजानसिंह जी का नखसिख वर्णन स० १९१०

(आ) अश्व वर्णन (इ) शस्त्र वर्णन

(ई) सजना सौंदर्य वर्णन

११ दवावत म० शभूसिंहजी र ताजेरी सवारी री— (शभूजसप्रकाश में)

— कविराज बख्तावरसिंह जी— स० १९२१

१२ दवागैत राव गिरवरदान री कही (ग्रन्थ शिवनाथ प्रकाश में)

१३ सुपना भाव गैत— कविराज गुमान जी

१४ दवागैत रामदयाल री— अज्ञात*

अभी तक यह समस्या सुलझ नहीं पाई है कि ऐसी दवागैतों की रचने की प्रेरणा राजस्थान के कवियों को कहा से मिली और प्रारम्भिक रचनाएँ जब हिन्दी प्रधान हैं तो हिन्दी के क्षेत्र म ऐसी रचनाएँ रची जानी चाहिए, पर वे प्राप्त क्यों नहीं हैं ? आशा है भविष्य मे इस दिशा में विशेष अनुसधान होगा ।

*सौभाग्यसिंह शेखावत — शोधपत्रिका वर्ष १३ अक ४

सलोका संज्ञक रचनाएं

राजस्थान और गुजरात में विवाह के समय वर और जनतियों द्वारा सलोके (देवी देवताओं के एक विशेष प्रकार के छद) कहने की प्रथा है। शहरों मे तो अब यह रिवाज उठता जा रहा है, पर गांवों म अब भी प्रचलित है। इसकी परपरा कितनी प्राचीन है, इसका पूवकालीन रूप क्या था वतमान सलोकों का विकास कब से व किस प्रकार हुआ, इस सबध में प्रस्तुत लेख में विचार किया जा रहा है।

मुनि लावण्य समय के 'विमल प्रबध' ग्रन्थ में इस परपरा की प्राचीनता सोलहवीं शताब्दी के पूव की सिद्ध होती है। इस प्रबन्ध मे विमल मत्री के विवाह प्रसग में वर के तोरण पर पहुँचने पर साले के द्वारा प्रेरित होकर वर के श्लोक बोलने का उल्लेख इस प्रकार है —

पुहता तोरणि जोई लोक, सोक्या साला कहि सलोक।
विमल वाणी श्रवणे सांभली, क्या साला ते वह दिसी टली ॥६४॥

सौभाग्यवश मेरे अन्वेषण में पन्द्रहवीं सोलहवी सदी के प्रारभ में वर के द्वारा ये सलोके किस प्रकार कहे जाते थे? इसके उदाहरण स्वरूप एक रचना मुझे प्राप्त हो गई है। इसके अनुसार १६ वीं शताब्दी में वर अपने साले को सबोधित करता हुआ प्रारभ में अपने आराध्य देव, गुरु, कुलदेवी गो, माता पिता, नगर, तत्कालीन शासक उसकी सभा या परिकर एव तोरण आदि क वणनात्मक सलोके कहता था। प्राप्त रचना क अत में गणेश व सरस्वती को सुख देने की प्रार्थना की गई है। बीच में विवाह मडप कन्या की प्राप्ति और साले की कौतुहल पूण करने आदि का उल्लेख है। इससे वतमान सलोके क जाने वाली रचनाओं का पूव रूप ज्ञान हो जाता है।

सलोके का मूल शब्द "श्लोक" है। जन भाषा म सलोका या सिलोका शब्द प्रचलित हो गया है। इसकी रचना का प्रारम्भिक कारण वर की शिक्षा एव बुद्धि परीक्षा लेना रहा होगा! जब वर विवाह के समय ससुराल जाता था, तो तोरण पर उसकी शिक्षा एव बुद्धि की परीक्षा लेने के लिए साले के द्वारा कुछ श्लोक कहे जाकर वर को कुछ

वर्णनात्मक श्लोक कहे जाने की प्रेरणा की जाती थी और उसके उत्तर में वर कुछ श्लोकों में अपने वंश आदि का परिचय देकर अपनी प्रतिभा का परिचय देता था। इस लेख में वर्णित रचना के अतिरिक्त खरतरगच्छ के शान्तिसागर सूरि और जिनसमुद्रसूरि के प्रवेश उत्सव आदि के वर्णन वाली दो राजस्थानी गद्य की विशिष्ट रचनाएं हमें और प्राप्त हुई थीं, जिन्हें राजस्थानी (निबंधमाला) भा० २ में हम प्रकाशित कर चुके हैं। उनकी पंक्तियों का प्रारंभ भी 'अहो सालक!' इन शब्दों के सम्बोधन द्वारा होता है। अतः वे भी विवाह प्रसंग में वर के द्वारा साले को सम्बोधित करके कही जाने वाली श्लोक रचना के रूप में ही बनाई गई प्रतीत होती है। जैसलमेर के बड़े ज्ञान भण्डार के फुटकर पत्रों में जिनभद्र सूरि और उनके शिष्य जिनचन्द्र सूरि की वर्णनात्मक दो रचनाएं हमारे अवलोकन में आई थीं। इन रचनाओं का निर्माण वरों ने नहीं किया पर जैन मुनियों ने उनके तोरण पर बोलने के लिए किया होगा। सभी वर कोई रचना करने वाले नहीं हुआ करते। अतः वे ऐसी रचनाओं को याद कर लेते थे और रटी हुई रचनाएं प्रसंग पर बोलकर अपना काम निकाल लेते थे। आज कल भी यही होता है। अब सलोके वर स्वयं नहीं कहता, जानी एवं मांडी, दोनों सम्बन्धी-जन परस्पर सलोकों की होड़ लगाते हैं। यदि वर पक्ष के जानियों को या वर के कुटुम्बी जनों को सलोके नहीं आते तो वे हंसी के पात्र होते हैं और उन्हें नीचा देखना पड़ता है। सत्रहवीं शताब्दी से सलोकों के रचे जाने की गली में अन्तर आ गया। इस समय से ऐसे सलोकों के लिए एक छन्द रूढ़ सा हो गया। अब संस्कृत में श्लोक रचना न की जाकर भाषा में ही उस रूढ़ शैली में सलोके बनाए जाने लगे। १८वीं शताब्दी में यह प्रथा और भी अधिक चली और १९वीं में तो जोरों से अनेकों रचनाएँ बनीं। अभी तक जैन जैनेतर करीब सौ के ऊपर सलोके मेरे जानने में आए हैं। २० वीं शताब्दी में भी अनेकों सलोके रचे गये और उनके कई संग्रह ग्रंथ भी प्रकाशित हुए हैं।

जैन मुनियों ने इस प्रकार की रचनाओं के निर्माण में बड़ी दिलचस्पी दिखलाई। उनकी रचित रचनाओं का विवरण "जैन-सत्य-प्रकाश" के कई अंकों में (मेरे एवं प्रो० हीरालाल कापड़िया आदि द्वारा) उपस्थित किया जा चुका है। जैनेतर सलोकों की भी मैंने एक सूची तैयार की है। प्राप्त रचनाओं की सूची लेख के अन्त में दी जा रही है। ये सलोके राजस्थानी भाषा में ही अधिक रचे गये हैं इससे सलोकों के कहने की प्रथा राजस्थान में ही अधिक रही प्रतीत होती है। गुजराती भाषा के सलोके थोड़े ही प्राप्त हैं।

सलोके की शैली को राजस्थानी भाषा के छंद-ग्रन्थ "रघुनाथ रूपक" में गद्य

काव्य का ही एक प्रकार माना है क्योंकि इसमें मात्रा आदि का इतना विचार नहीं होता। यह साधारण लोगों के द्वारा अधिक रचे गये हैं, जिन्हें काव्य निर्माण प्रणाली एवं छन्दों का विशेष ज्ञान नहीं होता है। जैन कवि विद्वान अवश्य थे, पर उन्होंने भी प्रचलित शैली को ही अपनाया। इन सलोकों में देवी देवताओं एवं वीरों के गुण वर्णन की ही प्रधानता है। इनको बोलने की विशेष लय है। उच्च स्वर में जब उस लय में सलोके बोले जाते हैं तो सुनने वाले लोग बड़ी उत्सुकता के साथ टकटकी लगाये हुए उन्हें सुनते हैं। कई सलोकों में वीर रस की प्रधानता होती है। उनके सुनने से तो हृदय फड़क उठना स्वाभाविक ही है, पर अन्य सलोकों में भी महापुरुषों से सम्बन्धित होने के कारण उनके चरित्रों का चमत्कारिक वर्णन रहता है जो लोक प्रिय होता है। रघुनाथ रूपक के अनुसार यह वचनिका के समान तुकान्त गद्य वाली रचना है। अन्त के तुक मिलने के कारण और शब्दों की सीमितता से यह गद्य शैली काव्य जैसी ही लगती है, इसलिए इसे काव्यगत सलोका छन्द कह सकते हैं।

रघुनाथ रूपक में सलोकों की शैली का उदाहरण इस प्रकार है —

बोले सीतापत इसडी जो वाणी, सुरनर नागां ने लागै सुहाणी ॥
सेसाजल हणमन्त जिमणी सरसाई, वीरां अवरां रो कीधी वडाई ।
धनुधर रा वायक सांभल जोधारा, पोरस अंगों में वधियो अणपारा ॥
पुलयै कर जोड़ी जीतव फल पायो मोन धी सांवद इतरो फुरमायो ॥

सत्रहवीं शताब्दी से अब तक के रचित सभी सलोके इसी शैली में रचे गये हैं।

प्राप्त सलोकों की सूची

१ अष्टापद सलोको विनीत विमल स १७३३ के पीछे
२ आदिनाथ सलोको " स १७३६ से पूर्व प्र सलोका संग्रह
३ विमलमेतानो सलोको गा ११७ उदयरत्न स १७६५ रेहा
४ ऋषभदेव सलोको जिनरूप १८ वीं शताब्दी
५ कल्याणजी सलोको गा २३ माधव अभय जैन ग्रंथालय
६ केशरियाजी रो सलोका गा ११ उत्तमचन्द स १८५६ शांति सागर संग्रह
७ क्रोध सलोको प्र सज्झायमाला
८ चन्दराजा रा सलोको गा ५१ पन्नीराम स १८१५ प्र सलोका संग्रह
९ जसलमेर चढ़ती दसा रो सलोको रामचन्द्र स १८ ८ अभय जैन ग्रंथालय
१० झूठाजी दपजी रो सलोको

११ नेमिनाथ सलोको गा ४८ राजलाभ स १७५४
१२ " " गा ४९ जिनहर्ष
१३ " " उदयरत्न
१४ " " गा ६५ विनीत विमल
१५ " " मोती मालु स १७९८
१६ " " देवचन्द्र स १९००
१७ " " गा ५३
१८ " " गा २८ प्र स्तवन स ग्रह
१९ " " गा ६ प्र श्लोका स ग्रह
२० नेमी राजुल सलोको प्र गोविन्द भनसाली
२१ पारवचन्द्र सूरि सलोको कुशलविजय स १७५९
२२ पार्श्वनाथ सलोको मेघराज
२३ " " जोरावरमल स १८५१
२४ " " गा २६ गोपाल
२५ " " गा ३७ दौलत स १८४०
२५ भरत बाहुबली सलोको उदयरत्न
२६ मान सलोको प्र श्लोका सग्रह
२७ माया सलोको प्र सज्झाय स ग्रह
२८ मघकुमार सलोको गा ७५ महानन्द प्र "
२९ लोकांगा सलोको स १८२३
३० लोभ सलोको प्र लोकांगाह
३१ वासुपूज्य सलोको गा ४० प्र सज्झाय स ग्रह
३२ विजयलक्ष्मी सूरि सलोको जिनेन्द्र सागर
३३ विमल मत्री सलोको गा १११ विनीत विमल १८ वीं शताब्दी प्र सलोका स ग्रह
३४ विवेक विलास सलोको देवचन्द्र
३५ शालीभद्र सलोको १९३० प्र श्लोका स ग्रह
३६ सिंह १७८१ प्र रत्नसागर
३७ " उदयरत्न १७९० प्र सलोका स ग्रह
३८ " गा ४४ प्रभय जन ग्रथालय
ऋषि लोहा प्र जन सज्झाय स ग्रह

३६ शालिभद्र सलोको उदयरत्न १७५६ प्र. सलोका संग्रह
४० सखेश्वरजी का सलोका १७८४ "
देवविजय
४१ "
४२ शांतिनाथ सलोको गा ४३ मणिविजय १७७०
४३ सिद्धाचल सलोको सघवी प्रेमजी अमरविजय प्र. जैन युग
४४ हीरविजय सूरि सलोको विद्याधर
४५ सरस्वतीजी रो सलोको

जैनेतर सलोके

१ माणनो सलोको गंगादास १७६३
२ रणछोड जी नो सलोको सामल भट्ट १७८१
३ रूस्तम नो सलोको " १७८१ प्र. सलोका संग्रह
४ सीताराम रावण सलोको गा १६ "
५ शङ्कर महादेव सलोको गा ११ "
६ माधवराव जी रो सलोको गा १६ स १८५७ माघ वदी ५ "
७ रामसापीर रो सलोको गा १२ "
८ चांपावत सवाईसिंह सलोको गा २६ "
९ भीमसिंह जी रो सलोको गा २३ "
१० लक्ष्मणजी रो सलोको गा २२ १८५२ अभय जैन ग्रंथालय
११ भरू जी रो सलोको गा ३ "
१२ सूरजजी रो सलोको "
१३ रामदेवजी रो सलोको अगरचंद स १८१० "
१४ कुशलसिंह जी रो सलोको "
१५ अमरसिंह राठोड रो सलोको "
१६ बालाजी रो सलोको "
१७ अजीतसिंहजी रो सलोको "
१८ जमलजी रो सलोको मोतीचन्द खजांची संग्रह में
१९ जामांजी रो सलोको
२० अमरचन्द सुराणा रो सलोको

करीब ३५-४० वर्ष पूर्व प्रतापसागर पुस्तकालय जालना से "मारवाड़ी ब्याह में बोलने का सलोका" नाम से एक पुस्तक प्रकाशित हुई है, जिसमें १८ सलोके प्रकाशित हैं। उनमें से एक को छोड़कर सभी के कर्त्ता पूनमसिसवाल (ईडा निवासी विप्र) हैं जिसने सं० १९७२ से १९७५ तक में प्रकाशित किये हैं। केवल जाति सुथार का सलोका रामकिशन ने सं० १९७३ जेठ वदी १३ को शोलापुर में बनाया है, वह इस संग्रह में छापा है। पूनमचन्द रचित सलोकों के नाम इस प्रकार हैं।

१ गणपति जी रो सलोको	१० बाप बेटी रो सलोको
२ सुथार ,,	११ वेश्या रो ,,
३ फलौधी माता ,,	१२ लक्ष्मीनारायण ,,
४ शंकर महादेव ,,	१३ सतीमाता ,,
५ रामसापीर ,,	१४ कलजुग प्रवाह ,,
६ कृष्णमुरार ,,	१५. सीतारामजी ,,
७ रुक्मणी मंगल ,,	१६ राम लक्ष्मण सलोको
८ कालीनागदमण सलोको	१७ पञ्च सभा रो सलोको
९. बाप बेटी री सलोको	१८ छोटे कंथ री स्त्री रा सलोको

जोधपुर से लक्ष्मी मीलमचन्द बुकसेलर ने सलोका संग्रह प्रकाशित किया है पर वह मेरे अवलोकन में नहीं आया है। और भी कतिपय स्वतन्त्र सलोकों के संग्रह एवं कई 'मुकलावा बहार' आदि संग्रह ग्रंथों में (सलोके) प्रकाशित हुए हैं।

ख्याल संज्ञक काव्य

सभी क्रियाओं का उद्देश्य किसी अभाव व आवश्यकता की पूर्ति ही होता है। कई प्रवृत्तियें पूर्व अभ्यास एव अनुकरण से की जाती है तो कई इच्छा की उत्कटता से अभावों और आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए। कुछ प्रवृत्तिया जीवन धारण के लिये अनिवाय होती हैं तो कुछ जीवन को सरस बनाने के लिये स्वीकार की जाती हैं। नाटक, खेल आदि इसी दूसरी प्रकार की प्रवृत्ति में सम्मिलित हैं। मानव जीवन मे कर्त्तव्य है तो क्रीडायें भी हैं।

नाटक खेल मानव जीवन को सरस बनाने के लिये बहुत आवश्यक होने से प्रत्येक व्यक्ति के लिये समान रूप से प्रिय हैं। इसलिए इसको विशुद्ध लोक-कला कहा जा सकता है। जब से मानव मे सुख दु ख की अनुभूति का विकास हुआ तभी से उसमे थोडे समय के लिये भी जिनसे मनोरजन व आनन्द की प्राप्ति हो, उनको अपनाने म प्रवृत्त होना स्वाभाविक है।

उपलब्ध भारतीय साहित्य में नाटय कला के सम्बन्ध में व्यवस्थित रूप से प्रकाश डालने वाले सबसे प्राचीन भरत मुनि है। उन्होने नाटक की उत्पत्ति के सबध में अपने निम्नोक्त विचार नाटय शास्त्र मे प्रकट किये है —

"सुदूर प्राचीन काल मे सत्य युग मे दु ख और पीडा जसी अनुभूतियों से लोग सवथा अपरिचित थे और इनके अभाव में आनन्द सदृश्य किसी अनुभूति की भी उन्हें कल्पना नही थी। फलत उस युग म आन द के साधनों की भी कोई भी आवश्यकता नहीं थी। समय ने पलटा खाया। काम और लोभ के वशीभूत होकर लोग अनाचार म प्रवृत्त होने लगे। ईर्ष्या, क्रोधादि की भावना के कारण उनम सुख और दु ख की अनुभूति होने लगी। लोगों को इस प्रकार पीडित देख कर इन्द्रादि देवता ब्रह्मा के पास पहुँचे और उनसे निवेदन किया कि एक ऐसा खेल बनाइय जो आखों से देखा जा सके और कानों से सुना भी जा सके। वेदों के द्वारा दिया हुआ उपदेश एक तो रूखा सा होता है, अत वह लोगों के हृदयों के स्पश नहीं कर पाता। दूसरे समझ की कमी क कारण शूद्रादि उसका प्रयोग नही कर सकते। अत आप सभी वर्णों के उपयाग में आने योग्य एक नवीन पचम वेद की रचना

करिये। इस पर तत्वज्ञ ब्रह्मा ने चारों वेदों का स्मरण कर धर्म, अर्थ और मोक्ष को देने वाले इतिहास के साथ साथ उपदेश से युक्त लोगों को लोक व्यवहार का आदर्श सिखाने वाले नाट्य नामक वेद की रचना की जिसमें सभी शास्त्रों का निष्कर्ष लिया गया था और जिसमें सभी शिल्पों का प्रदर्शन आवश्यक था। ऋग्वेद से पाठ्य (संवाद), सामवेद से गीत, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रस, इस प्रकार चारों वेदों से सामग्री लेकर नाट्य वेद का निर्माण किया गया। प्रत्यक्ष ब्रह्मा से आविर्भूत होने के कारण इस कृति को पंचम वेद कहा गया है।'

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि नाटक की उत्पत्ति जन साधारण के लिये हुई थी। नाटक का उद्देश्य बतलाते हुए भी भरत ने लिखा है कि वह सर्वोदय और लोकहित के लिए ही है। नाट्य कला एक ओर दुखार्त श्रमार्त एवं शोकार्त के लिये विश्राम जनक एवं मनोरंजक होती है तो दूसरी ओर लोक ज्ञान वर्द्धक भी, क्योंकि कोई भी ज्ञान, शिल्प विद्या, कला या योग ऐसा नहीं जिसका प्रयोग नाट्य अभिनय में न होता हो। नाटक के कई तत्व होते हैं।

१ संवाद २ गीत ३ अभिनय और ४ रस

इससे इसका क्षेत्र कितना व्यापक है इसका भली भांति बोध हो जाता है। साहित्य, संगीत और कला इस त्रिवेणी संगम का यह अद्भुत संयोग है।

प्राचीन जनागमों में भी प्राचीन मानव संस्कृति के विकास की ऐसी ही कथा पाई जाती है। उनके अनुसार प्राचीन मानव युगलिक रूप से उत्पन्न होते थे, उनकी आवश्यकताएं बहुत ही सीमित थी और वृक्षों के द्वारा उनकी पूर्ति हो जाती थी। उन वृक्षों की संज्ञा 'कल्पवृक्ष' पाई जाती है। आज भी जिससे मनोवाञ्छित प्राप्ति होती है उसकी उपमा या विशेषता कल्पवृक्ष से दी जाती है। उस समय परस्पर कलह झगड़े का कोई कारण नहीं था। लोकजीवन एक बंधी लाइन पर चल रहा था। समय ने पलटा खाया। कल्पवृक्षों की फलदातृ शक्ति क्षीण होती चली गई। इधर मनुष्य की क्षुधा आदि आवश्यकताएं बढ़ने लगीं। इसी से पारस्परिक कलह और झगड़ों की उत्पत्ति हुई। इसी संक्रान्ति काल में भगवान ऋषभदेव का अवतार हुआ। उन्होंने प्राचीन परंपरा में सुधार किया और संस्कृति तथा सभ्यता का विकास करने के लिए पुरुषों को ७२ और स्त्रियों को ६४ कलाएं सिखाई। अपनी ज्येष्ठा पुत्री ब्राह्मी को जिस वर्णमाला की शिक्षा दी उसका नाम ब्राह्मी लिपि है और ज्येष्ठ पुत्र भरत को नाट्यकला की शिक्षा दी जिससे भरत नाटक

प्रसिद्ध हुआ। 'वसुदेव हिंडी' नामक पाचवीं शताब्दी के प्रचीन कथा ग्रंथ में इसका उल्लेख पाया जाता है।

संगीत और नाटक मानव को ही नहीं परन्तु पशु जगत को भी प्रभावित करते हैं। देवों का जहां वर्णन मिलता है वहां तो मानो उनका अधिकांश समय नाटक खेल देखने में ही व्यतीत होता है ऐसा वर्णन पाया जाता है। वे नाटक बड़े दिव्य होते हैं और दीर्घकाल तक चलते रहते हैं। भगवान महावीर के समय उनके एक भक्त देव सूर्याभ ने आमलकप्पा नगरी में भगवान महावीर के पास आकर बत्तीस प्रकार के नाटक खेले थे। जिनका बहुत ही सुन्दर वर्णन रायपसेणीय नामक उपांग सूत्र में सौभाग्य से सुरक्षित रह गया है। अभी तक ऐसा विशद नाट्य वर्णन दूसरे ग्रन्थों में नहीं पाया जाता। इसलिये यहां उसका सारभाग दिया जा रहा है।

"सूर्याभदेव ने भगवान महावीर को वंदना नमस्कार करके विनती की कि भगवन्! आपतो सवज्ञ हैं। भूत, भविष्य और वर्तमान के भावों, घटनाओं और मेरी दिव्य देव द्युति ऋद्धि सिद्धि सब को जानते हैं पर गौतमादि श्रमण निर्ग्रंथों को मैं ३२ प्रकार की नाटयकला दिखाकर अपनी भक्ति प्रदर्शित करने की इच्छा रखता हूं। महावीर मौन रहे। तब सूर्याभदेव दो तीन बार अपने वाक्यों को दुहरा कर, तीन प्रदक्षिणा देकर नाटक की तैयारी करने लगा। उसने उत्तर, पूर्व और ईशान कोण में जाकर वैक्रिय समुद्घात द्वारा एक लंबा दंड निकाल कर सारी सामग्री सजित की। नाटक के लिये एक गोलाकार स्थान को सज्जित किया, उसके बीच में नाटकशाला खड़ी की। सिंहासन, छत्र आदि सभी वस्तुओं को यथा स्थान सज्जित किया। फिर महावीर को प्रणाम करके स्वयं उनके सामने सिंहासन पर बैठ गया। अपने दाहिने हाथ को प्रसारित कर उसमें से समान रूप लावण्य वाले वस्त्राभूषणों से सुशोभित १०८ देव कुमारों को प्रकट किया और बायें हाथ से इसी प्रकार १०८ देव कुमारियों को। फिर ४६ प्रकार के १०८-१०८ वाद्य यंत्र और उनके ही उनके बजाने वालों को प्रकट किया। तदन्तर देवकुमार और देव कुमारियों को उसने आज्ञा दी कि महावीर एवं गौतमादि सभी निग्रंथों को प्रणाम कर ३२ प्रकार के नाटकों का प्रदर्शन करो। तब वे सूर्याभ के आदेशानुसार एक पंक्ति में खड़े होकर भगवान की वंदना करके वाद्य यंत्र बजाने लगे और नृत्य करने लगे। उन्होंने मंद और मधुर स्वर से संगीत प्रारम्भ करके नाटयशाला को गुंजारित कर दिया और फिर श्रीवत्स, नंद्यावर्त्त, वर्द्धमान, भद्रासन, कलश, मत्स्य और दर्पण आदि नृत्यों का प्रदर्शन किया।

इसी प्रकार अन्य ३० नाट्यकलाओं का प्रदर्शन करने के बाद ३२ वें प्रदर्शन में भगवान महावीर के पूर्व भव से प्रारम्भ कर निर्वाण तक अभिनय कर दिखाया।

इस प्रसंग में रायपसेणी सूत्र में जिन नाट्यों का वर्णन है वे बड़े अद्भुत हैं। उनमें से कुछ का वर्णन तो भरत नाट्य शास्त्र में आता है पर कई नृत्यों की परम्परा भरत नाट्य के निर्माण तक लुप्त हो गई मालूम होती है। अन्त में चार प्रकार के वाद्य तत्, वितत्, घनमवकर और सुषिर एवं चार प्रकार के संगीत उत्क्षीप्त, पादवृद्ध, मंद और रोचित और चार प्रकार के नृत्य, अंचित, रिंचित, आरभट और भसोल और चार प्रकार के अभिनय दार्ष्टान्तिक, प्रात्यंतिक, सामान्य, नोपनीपातनिक और लोक मध्यावसायनिक का प्रदर्शन किया।

अभी तक कोई भी इतना प्राचीन नाटक तो उपलब्ध नहीं हुआ इसलिए जन साधारण के प्राचीन नाटकों का पूर्ण रूप कहा था ? स्पष्ट नहीं बताया जा सकता। विक्रम संवत् के प्रारम्भ के लगभग से संस्कृत के नाटकों की उपलब्धि होने लगती है। इन नाटकों में स्त्रियों के कथोपकथन प्राकृत भाषा में दिये हैं, इससे जन साधारण के निकटवर्ती रहने का प्रयत्न परिलक्षित होता है। मध्यकाल में संस्कृत नाटक तो रचे जाते ही रहे हैं, पर साधारण जनता के लिए लोक भाषा में रास, चर्चरी, फागु आदि काव्य रचे जाने लगे थे, जो गेय के साथ अभिनेय भी थे। किसी मांगलिक प्रसंग, उत्सव, गुरुओं के आगमन, मन्दिरों की प्रतिष्ठादि प्रसंग में जनता इन्हें खूब रस से गाती थी और डंडियों के खेल और तालियों के साथ नृत्य किया जाता था। उस समय के रचे गये ग्रन्थों में इनका स्पष्ट उल्लेख है। वाग्भट्ट और हेमचन्द्रसूरि ने रासक का लक्षण बतलाते हुए उसे उपरूपक बतलाया है — 'डोम्बिका भाण— प्रस्थान-शारिंका-प्रेरण-सिंगक-रामा-क्रीड-हल्लीसक-श्रीगदित रासक-गोष्ठी प्रभृतीनि गेयानि।' इसकी वृत्ति में लिखा है कि "पदार्थाभिनय स्वभावानि डाम्बिकादीनि गेयानि रूपकाणि चिरंतनैरुक्तानि।"

रासक का लक्षण — "अनेक नर्तकी योज्यं चित्र ताल लयान्वितम्।

आचतुःषष्टि युगलाद्रासकं मसृणोद्धतम्॥

अर्थात् जिसमें नर्तकियें अनेक हों, अनेक प्रकार के ताल और लय हों, परन्तु जिसमें ६४ तक युगल हो ऐसा कोमल और उद्धत गेय 'रासक' है।

१२वीं से १५वीं शताब्दि के रास, चर्चरी, फागु संज्ञक काव्यों में उनके खेले जाने का उल्लेख मिलता है। सं० १३२७ के सप्त क्षेत्रि रास में लिखा है कि—

"बहसइ सहूइ श्रमणसघ सावय गुणवता।
जोयइ उच्छवु जिणहु भुवणि मनि हरष धरता।
तीछे तालारस पडइ बहु भाट पढ़ता।
अनइ लकुटारस जोईई खेला नाचता॥४८॥
सविहू सरीखा सिणगार सवि तेवड तेवडा।
नाचइ धामीय रभरे तउ भावइ रूड़ा।
सुललित वाणि मधुरि सादि जिण गुण गायता।
ताल मानु छदगीत मेलु वाजित्र वाजता॥४९॥

अर्थात जनमंदिरों के उत्सव प्रसग से श्रावक श्राविका हृष्ट व साथ एकत्रित होते और तालिया के साथ एव डांडियों के खेल के साथ रास खेल जाते।

इसमे स्त्रिया भी भाग लेती थी और रात्रि को भी ये बहुत देर तक खेले जाते थे। अत इस काम को सुविहित मार्गानुयायी मुनियों ने उचित नहीं समझा। विशेषत खरतर गच्छ के आचार्यों ने इसका तो निषेध किया। स० १३२७ म रचित सम्यक्तव माई चौपाई में भी इसका सूचन मिलता है।

"तालारासु रयणि नहु देइ लउडारासु मूलहु वारेइ।" अर्थात तालियों के साथ रास का खेलना रात को न किया जाये और डांडियां लकड़ियो से रास को तो मूलत वर्जित किया जाता है।

फागु का य वसन्त ऋतु में विशेषत फाल्गुन या चैत्र में खेले जाने हैं। स्थूल भद्र फागु में इसका स्पष्ट उल्लेख है —

'खेला नाचइ चत्रमासि रगिहि गावेवउ यहू।"

'विवाहले" काव्यों मे भी उनके रमे जाने व खेले जाने का उल्लेख मिलता है। जिनेश्वर सूरि विवाहले में लिखा है— एह विवाहलउ जे पढ़इ, जे दिया हि खेला खेलहि रग भरे' और रास सनक काव्यों में तो उनके रमने और खेले जाने का उल्लेख अनेक स्थानों में है।

पेथड रास में — "रास रमेवउ जिन भुवणि ताल मेल ठवि पाउ,'

अभय तिलक रचित महावीर रास मे —

'धमणिसु वीरहु रासुलउ, खेलहि मिलव करावित्र

जिनोदयसूरि पट्टाभिषेक रास में — "रमउ रासु इहु रगि।"

रास रमे जाने का अन्तिम उल्लेख सं० १८८६ में रचित उपाध्याय जयसागर के वयर स्वामी रास में मिलता है "उच्छव मगल रास रमिजै।"

जैनाचार्यों के नगर प्रवेशोत्सव के समय रास एव चर्चरी के दिये जाने और धवल मगल गीतों के गाये जाने का उल्लेख युग प्रधानाचार्य गुर्वावली में अनेकों बार किया गया है। सम्राट पृथ्वीराज की सभा शास्त्रार्थ में विजय प्राप्त कर जिनपति सूरि पौषधशाला में पधारते हैं तब रास्ते मे चर्चरी दिये जाने और धवलों के गाये जाने का उल्लेख किया है —

'पुर मध्ये स्थाने स्थाने रासभरेण प्रेक्षणीयके निष्पद्यमाने,
दाने च दीयमाने, चर्चर्या दीयमानायां, धवलेषु गीयमानेषु,

सं० १३३७ बीजापुर में वासुपूज्य जिनालय के महोत्सव प्रसंग पर लिखा गया है —

स्थाने स्थाने प्रमुदितजनेन दीयमानेषु प्रधानरासकेषु
नानाविधरागिणी मार्गेषु गीयमानेषु विविध प्रवर चर्चरी श्रेणि गतेषु,

उपर्युक्त उद्धरणों से स्पष्ट है कि जन साधारण में जो मध्यकाल मे रास, चर्चरि, फागु आदि रमे व खेले जाते थे वही पीछे से रमत, रामत, खेल, ख्याल के रूप में प्रगटित हुए।

श्री उदयशंकर शास्त्री ने देशबन्धु वर्ष २ अंक ७ प्रकाशित अपने लेख में लिखा है कि— ऐसा कहा जाता है कि १८वीं शती के प्रारंभ के आसपास ही आगरे के इर्द गिर्द एक नई कविता शैली प्रचलित हो चली थी, आगे चलकर जिसका नाम ख्याल पड़ा। ख्याल निश्चित ही उर्दू और फारसी के मसाले से तैयार चीज थी। उसको नये नये कथानकों में बांधना सबका काम नहीं होता था। आगरे में इन ख्यालियों के कई दल, जिनमें सभी प्रकार के लोग थे और सभी प्रकार की कविता वाचन वालों के गोल कभी कभी होड भी लगाने लगते थे।

१५वीं शताब्दी तक के रास साहित्य को देखने पर अधिकांश रास छोटे छोटे ही मिलते हैं उनका उद्देश्य खेले जाने में सुविधा रहे, यही प्रतीत होता है। अधिक बड़े रास एक दिन में व एक खेल में समाप्त नहीं किये जा सकते हैं और खेल देखने वाले प्राय: यही चाहते हैं कि एक दिन में ही वह समाप्त हो जाय। १५वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से बड़े बड़े रास रचे जाने लगे तब से वे चरित काव्य के रूप में परिणित हो गये। इस समय

"बइसइ सहूइ श्रमणसंघ सावय गुणवंता।
जोयइ उच्छवु जिणह भुवणि मनि हरष धरंता।
तीछे तालारस पडइ बहु भाट पढ़ंता।
अनइ लकुटारस जोईई खेला नाचंता ॥४८॥
सविहू सरीखा सिणगार सवि तेवड तेवडा।
नाचइ धामीय रभरे तउ भावइ रूड़ा।
सुललित वाणि मधुरि सादि जिण गुण गायंता।
ताल मानु छंदगीत मेलु वाजिंत्र वाजंता ॥४६॥

अर्थात जनमंदिरों के उत्सव प्रसंग से श्रावक श्राविका हृद के साथ एकत्रित होते और तालियों के साथ एवं डांडियों के खेल के साथ रास खेले जाते।

इसमें स्त्रियां भी भाग लेती थीं और रात्रि को भी ये बहुत देर तक खेले जाते थे। अतः इस कार्य को सुविहित मार्गानुयायी मुनियों ने उचित नहीं समझा। विशेषतः खरतर गच्छ के आचार्यों ने इसका तो निषेध किया। सं० १३२७ में रचित सम्यक्त्व माई चौपाई में भी इसका सूचन मिलता है।

"तालारासु रयणि नहु देइ लउडारासु मूलह वारेइ।" अर्थात तालियों के साथ रास का खेलना रात को न किया जाये और डांडियां लकड़ियों के रास को तो मूलतः वर्जित किया जाता है।

फागु काव्य वसंत ऋतु में विशेषतः फाल्गुन या चैत्र में खेले जाते हैं। स्थूल भद्र फागु में इसका स्पष्ट उल्लेख है —

'खेला नाचइ चैत्रमासि रंगिहि गावेवउ बहू।"

'विवाहले" काव्यों में भी उनके रमे जाने व खेले जाने का उल्लेख मिलता है। जिनेश्वर सूरि विवाहले में लिखा है— एहु विवाहलउ जे पढ़इ, जे दिया हि खेला खेलहि रंग भरे" और रास संज्ञक काव्यों में तो उनके रमने और खेले जाने का उल्लेख अनेक स्थानों में है।

पेथड रास में — "रास रमेवउ जिन भुवणि ताल मेल ठवि पाउ,'

अभय तिलक रचित महावीर रास में —

"पभणिसु वीरह रासुलउ, खेलहिं विलय कराविउ

जिनोदयसूरि पट्टाभिषेक रास में — "रमउ रासु बहु रंगि।"

रास रमे जाने का अन्तिम उल्लेख सं० १४८९ में रचित उपाध्याय जयसागर के थयर स्वामी रास में मिलता है "उच्छव मगल रास रमिजै।"

जनाचार्यों के नगर प्रवेशोत्सव के समय रास एवं चचरी के दिए जाने और धवल मगल गीतों के गाये जाने का उल्लेख युग प्रधानाचार्य गुर्वावली में अनेकों बार किया गया है। सम्राट पृथ्वीराज की सभा शास्त्रार्थ में विजय प्राप्त कर जिनपति सूरि पौषधशाला में पधारते हैं तब रास्ते में चचरी दिये जाने और धवलों के गाये जाने का उल्लेख किया है —

"पुर मध्य स्थाने स्थाने रासभरेण प्रेक्षणीयक निष्पद्यमान,

दान च दाप्रियमाणे, चच्चर्या दीयमानायाँ, धवलेषु गीयमानेषु,

सं० १३३७ बीजापुर में वासुपूज्य जिनालय के महोत्सव प्रसंग पर लिखा गया है —

स्थाने स्थाने प्रमुदितजनेन दीयमानेषु प्रधानरासकेषु,

नानाविधरागि मार्गेषु गीयमानेषु विविध प्रवर चचरी धेलि नतेषु,

उपयुक्त उद्धरणों से स्पष्ट है कि जन साधारण में जो मध्यकाल में रास, चर्चरि, फागु आदि रमे व खेले जाते थे वही पीछे से रमत, रामत, खेल, ख्याल के रूप में प्रसिद्ध हुए।

श्री उदयशंकर शास्त्री ने देशबन्धु वर्ष २ अंक ७ प्रकाशित अपने लेख में लिखा है कि— ऐसा कहा जाता है कि १८वीं शती के प्रारम्भ के आसपास ही आगरे के इद गिर्द एक नई कविता शैली प्रचलित हो चली थी, आगे चलकर जिसका नाम ख्याल पड़ा। ख्याल निश्चित ही उर्दू और फारसी के मसाले से तैयार चीज थी। इसकी नये नये कथानकों में बांधना सबका काम नहीं होता था। आगरे में इन ख्यालियों के कई दल, जिनमें सभी प्रकार के लोग थे और सभी प्रकार की बन्दिशें बांधने वालों के नाम कभी कभी होड़ भी लगाने लगते थे।

१५वीं शताब्दी तक के रास साहित्य को देखने पर अधिकांश रास छोटे छोटे ही मिलते हैं उनका उद्देश्य खेले जाने में सुविधा रहे, यही प्रतीत होता है। अधिक कवि रास एक दिन में व एक खेल में समाप्त नहीं किये जा सकते हैं और जन साधारण यही चाहते हैं कि एक दिन में ही वह समाप्त हो जाय। १४वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से बड़े बड़े रास रचे जाने लगे तब से वे चरित काव्य के रूप में परिणित हो गए। इस प्रकार

से १८वी शताब्दी तक जन साधारण के खेल तमाश के रूप मे किन काव्यो का प्रचार रहा एव खेल किस प्रकार से खेल जाते थे ? इसका कोई ठीक ठिकाना नही है। रासकों की परम्परा रासलीला एव गर्बा इत्यादि के रूप मे आज भी चल रही है। लोक भाषा में रचित प्राचीन नाटक तो बहुत ही कम मिलते हैं।

श्री उदयशकर शास्त्री ने ख्यालों का प्रारम्भ १८वी शताब्दी व से आगरे के आसपास के प्रदेश से होना माना है पर १८वीं शताब्दी के रचित ख्याल संज्ञक काव्य कोई भी उपलब्ध नही है। समव है वे छोटे रूप में हों और मौखिक प्रचलित रहे हों।

जहां तक राजस्थान मे लिखित ख्यालो के प्रचार का प्रश्न है मेरे ख्याल से १९वीं शताब्दी के से ही इनका प्रचार हुआ होगा। अनूप सस्कृत लाइब्रेरी, बीकानेर की एक हस्तलिखित प्रति मे मारवाडी में ख्याल लिखा मिलता है पर वह थोडे से पद्यों का ही है। सभवत यह प्रति १९वीं के उत्तराद्ध या २०वी के प्रारम्भ की होगी। श्री मोतीचन्द जी खजांची के सग्रह में हीर रजा के तमासे की एक छोटी प्रति देखने को मिली है जो १९वी के उत्तराद्ध की है।

प्रकाशित मारवाडी ख्यालों में जहा तक मुझे ज्ञात हुआ है, Scotch Presbyterian Mission ब्यावर की प्रकाशित एव पादरी रोसन के सम्पादित 'मारवाडी ख्यालात' पुस्तक ही सवप्रथम है। यह पुस्तक प्रयत्न करने पर भी प्राप्त नही हो सकी। पर इनमें प्रकाशित 'डूगजी जवारजी" के ख्याल के कई उद्धरण 'S H kellogg के "A Grammar of the Hindi language पुस्तक में देखने को मिलते हैं।

लोक कला के शताक में श्री मनोहर शर्मा का 'राजस्थान के लोक नाटक ख्याल" नामक एक सुन्दर लेख प्रकाशित हुआ है। उसमे उनके देखने म आए हुए प्रकाशित ६६ ख्यालों की नामावलि भी दी गई है। पर ख्याल तो सकड़ों की सख्या में हैं। राजस्थान के जोधपुर, भरतपुर, जयपुर, किशनगढ़, कुचामन, जसलमेर के अतिरिक्त ब्यावर, मथुरा से ही नहीं पर सुदूर कलकत्ता बम्बई व मध्यभारत से भी राजस्थानी जनता में विक्रय के लिये बहु सख्यक ख्याल प्रकाशित हुए हैं। इनमें से कइयों में उनके रचयिता का निर्देश नहा है पर रचयिता के निर्देश वाले ख्यालों से उनके रचयिता बहुत प्रचुर सख्या में हैं और विभिन्न जाति वाले हैं सिद्ध होता है।

ख्याल राजस्थानी लोक-साहित्य का एक अविभाज्य अंग है। इसमें वास्तविक

रूप में संगीत है। वाद्य, नृत्य, एवं गीत की त्रिवेणी में स्नान करके जनसाधारण की आत्मा बड़ी ही प्रसन्न होती है। ख्यालों में ये तीनों ही अपनी विशेषता के साथ प्रयुक्त होते हैं। ये गीत नाटक राजस्थान की महाप्राणता के अनुरूप भी है। साधारण आदमी के लिये इनका अभिनय बड़ा कठिन है। इनके लिये गायक के गले में शक्ति होना जरूरी है। इसी जोर के लिये प्रत्येक गायक मंच पर आते ही सवप्रथम शारदा की वंदना करते हैं। ख्याल के गायकों में गुरु के प्रति भी अपार श्रद्धा मिलेगी। वे गुरु का नाम लेकर ही अखाड़े में नाच प्रारम्भ करते हैं। यह मंगल प्रेरणा भी ख्यालों की एक विशेषता है। फिर भी खेद है कि लोक-साहित्य के अन्य अंगों की तरह ख्यालों के प्रति भी लोगों का ध्यान कम होता जा रहा है। साहित्य शोधकों का कर्तव्य है कि इस रस धारा को सूखने न दें। अब ख्यालों को नया जीवन मिलना चाहिये। उनमें नये नये प्रसंगों का प्रयोग होना चाहिए। राजस्थान के लोगों के पास महापुरुषों का संदेश पहुँचाने में ये ख्याल बड़े ही सहायक सिद्ध हो सकते हैं। वास्तव में इसी भावना का ये ख्याल निभाए भी बने आ रहे हैं। प्रत्येक युग के विशिष्ट पुरुषों के जीवन पर ख्याल बने हैं और उनका अभिनय हुआ है। पुस्तकें बदलती रही है, परन्तु अभिनय का रूप वही प्राचीन चला आ रहा है। लोक जीवन को ऊँचा उठाने का यह एक आम साधन है। किसी देश की वास्तविक उन्नति उसके लोक जीवन का उत्थान ही है।

प्रकाशित ख्यालों की अकारादि क्रम से सूची

१ अमरसिंह — मोतीलाल
२ अमरसिंह हाडो रानी — उजीरा
३ अमरफल भर्तृहरि को
४ अमलदार
५ अष्टपदी
६ आनन्दी गणपति — पूनमचन्द
७ इन्द्रसभा — नानू
८ इन्द्र कुंवर — नानू
९ उद्धव गोपिका — पूनमचन्द
१० कलयुग
११ कापे चूने का — गणेश वद्य
१२ काकी जेठूता
१३ केसरीसिंह का ख्याल — फूलचंद
कसरी सिंह
१४ कसर गुलाब का ख्याल
१५ कसरीसिंह — बनीधर शर्मा
१६ कुंवनमल
१७ खटपटिया का — पूनमचन्द
१८ खींवजी आभल दे — नानूलाल
१९ ख्याल दोहा पाली संग्रह
२० ख्याल दसमासिया
२१ ख्याल मारवाड़ी गीत

१२८ राव रिड़मल
१२९ रिसालू बालक वे
१३० रामदेवजी का ख्याल
१३१ रुकमणी मगल का खेल
१३२ रुकमणी स्वयवर का खेल
१३३ रुकमणी हरण का खेल
१३४ राजा भोज भानमती
१३५ रिसालू वेलादे
१३६ राजा करण—प्रेमसुख भोजक
१३७ राणा रतनसिंह—चुन्नीलाल
१३८ रतन कुवर चन्द्रावल
१३९ रिसालू रसवती—पूनमचन्द
१४० रिसालू वेलादे—पूनमचन्द
१४१ लला मजनू पाक मोहब्बत—नानू
१४२ लकावहन सीताहरण
१४३ विराट पव भाग पहला—नानू
१४४ विराट पव भाग दूसरा—नानू
१४५ विराट पव भाग तीसरा—नानू
१४६ विराट पव भाग चौथा—नानू
१४७ विक्रमादित्य को ख्याल
१४८ विजयसिंह को ख्याल
१४९ वीरमदे सोनगरो
१५० विक्रम ससिकला—लालचन्द
१५१ विक्रमादित्य चन्द्रकला—पूनमचन्द
१५२ सोलो सतवती
१५३ श्रवणकुमार
१५४ शाहजादे का—झावरमल
१५५ शंकर कैलाशी
१५६ श्याम कलिजा इदु को
१५७ सत्यनारायण व्रत कथा—बनीधर
१५८ सभापव अथवा चीर हरण—नानू
१५९ सीलकरण सुदबुद सालमा

—हरिकरण
१६० सुलतान मरवण भात का—श्रा
र
१६१ सूरज कुवर—फतहचन्द
१६२ सेठ सेठानी
१६३ सोलह बनजारे का
१६४ सोरठ बीझा को ख्याल
१६५ सती हेमकुमार
१६६ सुलोचना
१६७ सोने लोहे के झगडे को ख्याल
१६८ सौदागर वजीरजादी—नानू
१६९ सासू बहू का ख्याल
१७० साहिब नू सच्चा
१७१ सुलतान निहालो—वजीरा
१७२ सोलो सतवती—गंगाबक्स
१७३ सॅवरामाजलदे—पूनमचन्द
१७४ सुधबुध सवलगरा
१७५ सोरठ बींझा
१७६ सेठ मुनीम—नानू
१७७ सहजादे का खेल
१७८ सुलतान बादस्याह—नानू
१७९ सहजादा मटियारी—वजीर
१८० सायवर्णा ऊदयाल—चौकलर
१८१ स्यामी चेला—गोविंदराम
१८२ सहजादी
१८३ हरिचन्द्र का बड़ा ख्याल—बज
१८४ हार रांझों—नानू
१८५ हेम कुवर चरित
१८६ हरिश्चन्द्र तारामती
१८७ हकीम गरमी वाला
१८८ हमीरहठ
१८९ हरिश्चन्द्र तारादे

हियाली संज्ञक रचनाएं

जीव जगत् के लिये बौद्धिक शक्ति प्रकृति की एक अनुपम देन है, जीवन में पग पग पर बौद्धिक विकास की आवश्यकता का अनुभव होता है। बुद्धि के बिना शारीरिक बल भी विशेष कामयाब नहीं होता व बहुत सी बातें तो बुद्धि के द्वारा ही ठीक से सम्पन्न हो सकती हैं वहां शारीरिक बल कोई काम नहीं देता। जीवन में अनेक बार हम ऐसी उलझनों में फस जाते हैं कि हमें क्या करना चाहिए? इसका कोई मार्ग नहीं सूझता। बुद्धि उस समय हमें मार्ग प्रदर्शित कर उलझनों को सुलझाने में सहायता करती है। नित्य नये आविष्कार एवं ज्ञान विज्ञान की खोज बुद्धि के द्वारा ही संभव है। अन्य प्राणियों की अपेक्षा मानव में बुद्धि विशेष रूप से विकसित पाई जाती है। छोटे से लेकर बड़े किसी भी काम में बुद्धिहीन एवं बुद्धिमान के समान रूप से करने पर भी उसकी प्रणाली की सुन्दरता व शीघ्रता व सुचारुता एवं भद्दापन सफलता एवं विफलता का जो अन्तर नजर आता है वह बौद्धिक विकास की तारतम्यता के कारण ही।

बारबल की प्रसिद्धि, उसकी हाजिर जवाबी एवं कुशाग्रबुद्धि के कारण ही है। जैन साहित्य में महाराजा श्रेणिक और उनके पुत्र अभयकुमार के बौद्धिक चमत्कारों के उदाहरण मिलते हैं। जैन समाज के व्यापारी वर्ग अपने नये खातों में अभयकुमार के समान बुद्धि होने की कामना अंकित करते हैं। नंदीसूत्र में चार प्रकार की बुद्धियों का विवरण मिलता है जिसके दृष्टान्त में, रोहक आदि के कई बुद्धिवर्द्धक दृष्टान्त टीकाकारों ने दिये हैं। 'चार प्रत्येक बुद्ध चरित्र' में एक चितेरे की लड़की ने किस प्रकार नित्य नई समस्यामूलक कहानियां कहकर अपने पति (राजा) को छः महीने तक नित्य उन कहानियों एवं उनमें आई हुई समस्याओं के परिणाम को सुनने के लिये आने को बाध्य किया, इसकी रोचक कथा पाई जाती है। 'उत्तराध्ययन सूत्र वृत्ति' में इसकी कही हुई बौद्धिक चमत्कार सूचक कई कहानियों का संग्रह किया गया है, हमारे उस प्राचीन बुद्धिवर्द्धक साहित्य को अधिकाधिक प्रकाश में लाना अत्यन्त आवश्यक है।

शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य भी बौद्धिक विकास ही होता है। समुचित बौद्धिक विकास होने पर वह व्यक्ति जिस किसी क्षेत्र में काम करेगा, उसे व्यवस्थित रूप से

संपन्न करके सफलता प्राप्त कर सकेगा। गणित-शास्त्र भी हमारी बुद्धि को तेज करने के लिये अच्छा साधन है, उसमें अनेक ऐसे सवाल आते हैं जो साधे तौर पर हल करने में बड़े कठिन मालूम होते है, पर बुद्धि और गुर के द्वारा सहज ही हल किये जा सकते हैं। राजस्थान में जो गणित शिक्षा की परिपाटी प्राचीन काल से चली आ रही है वह बच्चों को बहुत शीघ्रता से लेखे और हिसाब में दक्ष बना देती है। उनकी ऊपर वाडियें इतनी सफल है कि जिस हिसाब को अंग्रेजी पढा लिखा अथमेटिक के अनुसार घटों में हल नहीं कर सकता और उसे अनेक कागज काले करने पड़ते हैं, वह मारवाडी 'मारजाओं' द्वारा शिक्षित छोटे छोटे बच्चे चद मिनटो म व मौखिक रूप से ही हल करके बता देते हैं। वर्तमान शिक्षा प्रणाली में उन सरल परिपाटियों की पूछ नहीं होने से हमारी वह विद्या दिनो दिन कमजोर हो रही है इसका भी हमें प्रचार उद्धार व विकास ठीक से करना होगा।

राजस्थान में विवाह आदि के समय जामाता को सालियां ससुराल में रात्रि के समय उसकी बौद्धिक परीक्षा के लिये अनेक प्रकार की आडियें पहेलियें-पूछती हैं, यदि जामाता उनका ठीक से उत्तर नही दे पाता तो उसे नीचा देखना पडता है और सालियें आदि उसे मोंदू समझ लेती हैं। इस समय गीत गाने वाली स्त्रिया भी एक ऐसा गीत गाया करती हैं जिसमे अटपटी बातें (हियालियां) कही जाती हैं, उन समस्याओं का उत्तर जवाई से पूछा जाता है। आज कल तो हमारी कन्याओ म शिक्षा की कमी होने से उन आडियों की जानकारी बहुत सीमित ही होती है पर य जन ज्ञान भडारों में लिखित रूप में सकडों की सख्या में पाई जाती हैं। ऐसी ४०४ आडियों का एक सग्रह २७ वष पूव बीकानेर से अयोध्याप्रसाद शर्मा ने 'आडी सग्रह' के नाम से प्रकाशित किया था। खोज करने पर और भी अनेक आडियां मिलेगी जिनके सग्रह के द्वारा हमारे बौद्धिक विकास में बडी सहायता मिल सकती है। ये पहेलिया विविध प्रकार की होती हैं कुछ की सज्ञा 'गूढ़ा' है जिसमें भाव गूढ (गुप्त) रहता है, कुछ गुरु चेलों के दोहों के रुप में प्रसिद्ध हैं जिनमें तीन तीन बातों का उत्तर एक शब्द द्वारा दे दिया गया है। ऐसे दोहों का कुछ संग्रह मैंने 'राजस्थान भारती (भाग २ अक १) में प्रकाशित किया था। कई सखियों से प्रश्न के रूप में भी ऐसे प्रश्न 'सउत्तरा' के नाम में पाये जाते हैं। श्रीयुत मनोहर शर्मा के राजस्थान की पहेलियों के सबंध मे कई लेख राजस्थान भारती, वरदा आदि में प्रकाशित हो चुके है। इनमें लोक प्रचलित पहलियों के विविध उदाहरण संग्रहीत हैं। अतर्लापिका, बहिर्लापिका, समस्यापूर्ति

आदि रचनाएं भी बुद्धिवर्द्धक होती हैं।

राजस्थानी लोकवार्ताओं में भी कई वार्ताएं बड़ी बुद्धिवर्द्धक होती हैं जिनमें किसी समस्या का हल बड़े विचित्र बुद्धि-कौशल से कराया जाता है। मैंने ऐसी कई लोकवार्ताएं प्रकाशित की हैं। जिनमें से एक का शीर्षक है 'बाप से बेटा सवाया'। ऐसी और भी कई लोकवार्ताएं मिलती हैं उनका भी संग्रह प्रकाशित होना चाहिए।

जैन कवियों के रास आदि ग्रन्थों से यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल में नवदम्पति एक दूसरे की बुद्धि परीक्षा और मनोरंजन दूहा गूढा, छन्द हियाली और चौबोली आदि की वार्ताएं कह कर किया करते थे। कवि समयसुन्दर ने 'नल दमयन्ती' चौपाई में नव-दम्पति के रात्रि के समय विनोदवार्ता करने के प्रसंग में कहा है —

कय ही चौबोली कहे दूहा गूढा छन्द
हियाली पूछे कहे, अहनिशि करे आनन्द ।।

'माधवनल काम कन्दला' प्रबन्ध आदि में भी दम्पति के इन्हीं बातों द्वारा मनोरंजन एवं समयनिगमन का उल्लेख मिलता है। कवि गणपति के माधवानल प्रबन्ध में बहुत सी पहेलियें प्रकाशित हैं।

जैन कवियों ने हियाली संज्ञक ऐसी बहुत सी रचनाएं की हैं जो बड़ी ही समस्या मूलक होती हैं। हियाली शब्द का सबसे प्राचीन उल्लेख प्राकृत भाषा के वजालग्ग ग्रन्थ में देखने को मिलता है जो करीब १२ वीं १३ वीं शताब्दी का है। उसमें दी हुई हियालियों से परवर्ती प्राचीन राजस्थानी भाषा की हियालियें कुछ भिन्न प्रकार की हैं। इससे हमें हियाली के स्वरूप विकास की जानकारी मिल जाती है। अभी तक १६ वीं शताब्दी के कवि देपाल की हियाली को ही प्राचीन समझा जाता रहा है। पर हमारे संग्रह में १५ वीं शताब्दी लिखित सुभाषित संग्रह की एक प्रति है। उसमें कुछ प्राचीन हियालियें व पहेलियें भी मिली हैं। बीकानेर के ज्ञान भंडार की एक संग्रह प्रति में भी हियालियें मिली हैं जो १४ वीं शताब्दी की रचना है। १४ वीं शताब्दी से १९ वीं शताब्दी तक के जैन कवियों के रचित हियालियें सैंकड़ों की संख्या में प्राप्त हैं जिनमें से कुछ का संग्रह हमने करीब ३२ वर्ष पूर्व किया था और अहमदाबाद से प्रकाशित 'जैन ज्योति' नामक मासिक पत्र में करीब ४० हियालियें प्रकाशनार्थ भेजी थी। उस पत्र के सम्वत् १९८९ के मिगसर के अंक में "जैन कवियों का हियाली साहित्य" शीर्षक हमारा लेख भी छपा था पर उसमें कविवर समयसुन्दर की दो हियालियें ही प्रकाशित हुई थी। हियाली संज्ञक रचनायें जैन कवियों की एक विशेष

बौद्धिक देन है — अत इस लेख में से उनम से दो चार उदाहरण के रूप में प्रकाशित की जा रही हैं। जिससे उनके स्वरूप का परिचय मिल जाएगा। कसी सूची के साथ उन्होंने किसी वस्तु के नाम निर्देन के अतिरिक्त सारी बातों का वरान करके पहितों एव श्रोताओं से उसके भावार्थ के बतलाने की माग की है यह इनके पढ़ने से विदित हो जायगा। पाठक नीचे दी हुई हियालियो से इन रचनाओं का रसास्वादन करें।

महाकवि समयसु दर १७वीं शताब्दी के राजस्थान के एक प्रसिद्ध कवि हो गए है। यहां सव प्रथम उ होंकी रचित दो हियालियें दी जाती हैं।

(१)

कहिज्यो पडित एह हीयाली, तुम्हें घउ चतुर विचारी।
नारी एक अरण अक्खर नामइ दीठी नयर मझारी रे ॥१॥क०॥
मुख अनेक पणि जीभ नहीं है नर नारी सु रावई।
चरण नहीं ते हाथे चालइ नाटक पालइ नाचइ रे ॥२॥क०॥
अन्न खायइ पणि पानी न पीयइ दिवति न राति विहाडइ।
पर उपगार करइ पणि परतवि, अवगुण कोडि विलाइइ। ३॥क०॥
अवधि आठ दिवस नो आपी हियइ विमासी जोज्यो।
समयसु दर कहइ समझी लेज्यो, पणिते सरीखा मति होज्यो ॥४॥क०॥

लेखक क सग्रह मे (उत्तर चालणी)

(२)

पखो एक वनि रूपनउ जी हो आव्यो नयरि मझार।
आंखडली अणियालडी जी हो वेलइ नहिय लगार ॥१॥
हरियाली रे चतुर नर हरियाली रे,
सुन्दर नर जी हो कहिज्यो हियइ विमासि।
साचा पाच कारण कह्या जी हो कहै तेह न सावासि ॥२॥ह०॥
पांच सदा चरतो रहै जी वमन करइ आहार।
राति दिवस रमतउ रहइ जी हो न चढ़इ नरवर यार ॥३॥ह०॥
मुखउ बोलइ अति घणउ जी हो, बोल्यु नवि समझाय।
नारि संघातइ नेहलउ जी हो, बिन अपराध बधाय ॥४॥ह०॥

हे मरिण मणि बापडउ जी हो, प्रमदा माडयउ पास ।
समयसुंदर कहइ ते भणो जी हो, नारी तउ म करिएउ वेसास ॥५॥हू०॥

इतिहियाली गीतद्वयम् पं. मानसिंह लखि

(उत्तर कलम)

कविवर धमसी (धर्म वद्धन) रचित हियालो द्वय—

(३)

अरथ कहो तुम वहिलो एहनो, सखर हियाली हे सार । चतुरनर ।
एक पुरुष छन माहे परगडो, सहु जाणे संसार ॥१॥च०॥
पग विहुणो परदेसे भम, आव तुरतउ जाय ।
बैठो रहे आपणे घरि बापड़ो, तो पिण चपल कहाय ॥२॥च०॥
कोइक तो तेहन राजा कहे, कोई तो कहे रंक ।
साँचो सरस सुजाण कहे सहु, वलि तिण माहे रे वंक ॥३॥च०॥
पोते स्वारथ सु पांचो मिले, आप मुरावो रे एह ।
धन तिके नर कहे श्री धमसी, जीपे तेहु रे जेह ॥४॥च०॥

(उत्तर १ मन)

(४)

चतुर कहो तुम्हें चूंपसु अरथ हियाली एहोरे ।
नारी एक प्रसिद्ध छ, सगला पास सनेहो रे ॥१॥च०॥
ओलें बठी एकली, कर सगलाइ कामो रे ।
रातो रस भीनी रहे छोडे नहीं निज ठामो रे ॥२॥च०॥
चाकर चौकीदार ज्यू, महुता राखे पासो रे ।
काम कराव ते कह्या, विलस आप विलासोरे ॥३॥च०॥
कोई प्रीति मणे वणे, कोई पिण तिण वारो रे ।
करिज्यो मन धमसी कहे, सुख वांछो जो सारो रे ॥४॥च०॥

(उत्तर । जीभ)